हनुमानगढ़ जंक्शन
रविवार 23 जून 2024
आषाढ़ कृष्ण द्वितीया सम्वत् 2081
वर्ष 54 |अंक 169| ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

# तेज

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,209.90 | -269.03 |
| निफ्टी | 23,501.10 | -65.90 |
| डॉलर | 83.55 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 30° अधिकतम 40°

# दूध के डिब्बों पर 12 फीसद जीएसटी

## जीएसटी काउंसिल की बैठक में कई निर्णय, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की 53वीं मीटिंग शनिवार को हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैठक की अध्यक्षता की। मीटिंग के बाद इसमें लिए गए फैसलों की जानकारी वित्त मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। निर्मला सीतारमण ने कहा कि फर्जी बिलों पर रोक लगाने के लिए फेज्ड मैनर यानी चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में बायोमेट्रिक ऑथेंटिफिकेशन लागू किया जाएगा। इसके अलावा भी मीटिंग में कई अहम फैसले लिए गए हैं। काउंसिल ने मिल्क केन्स यानी दूध के डिब्बों पर एक समान 12 फीसद की दर निर्धारित करने की सिफारिश की है। फायर स्प्रिंकलर्स सहित सभी प्रकार के स्प्रिंकलर्स पर 12 फीसद की दर लागू होगी। सभी सोलर कुकर पर 12 फीसद जीएसटी दर लागू होगी। कार्टन बॉक्स पर 12 फीसद की दर की




सिफारिश की। रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली सर्विसेज जैसे बैटरी ऑपरेटेड व्हिकल्स और इंट्रा-रेल्वे सर्विसेज जीएसटी से मुक्त हैं। गौरतलब है कि जीएसटी काउंसिल की पिछली मीटिंग 7 अक्टूबर, 2023 को हुई थी। इस मीटिंग में, जीएसटी काउंसिल ने ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसद शुल्क लगाने का फैसला किया था।

### डिमांड नोटिस पर ब्याज और जुर्माना माफ किया जाएगा

वित्त मंत्री ने कहा कि अपीलेट अथॉरिटी के समक्ष अपील दायर करने के लिए अधिकतम राशि 25 करोड़ रुपए से घटाकर 20 करोड़ रुपए सीजीएसटी प्री-डिपॉजिट कर दी जाएगी। छोटे टैक्सपेयर्स की मदद के लिए काउंसिल ने 2024-25 के लिए रिटर्न दाखिल करने हेतु जीएसटीआर4 के लिए 30 जून की तारीख की सिफारिश की है। मुकदमेबाजी को कम करने के लिए काउंसिल ने अपील दायर करने के लिए हाई कोर्ट के लिए 1 करोड़ रुपए और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपए की लिमिट की सिफारिश की है। 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए डिमांड नोटिस पर ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया जाएगा, अगर 31 मार्च 2025 तक टैक्स का भुगतान कर दिया जाता है।

### इन हॉस्टल्स को टैक्स छूट

वित्त मंत्री ने कहा कि अगर होस्टल किसी शैक्षणिक संस्थान के भीतर हैं तो उसके माध्यम से सेवा को वर्तमान में छूट दी गई है। काउंसिल ने अब फैसला किया है कि संस्थान से बाहर के होस्टल्स को भी टैक्स छूट दी जाएगी। लेकिन ये राहत केवल 20,000 रुपए प्रति व्यक्ति प्रति माह होने पर मिलेगी। होस्टल में केवल वही शामिल हैं, जहां रहने वाले कम से कम 90 दिनों तक रहते हैं।

### अगस्त में होगी अगली मीटिंग

निर्मला सीतारमण ने कहा कि बचे हुए एजेंडे पर चर्चा के लिए अगली जीएसटी काउंसिल की मीटिंग अगस्त के मध्य में आयोजित करने का फैसला लिया गया है। काउंसिल में एजेंडे में कई मुद्दे थे, समय की कमी के कारण कुछ पर चर्चा नहीं हो सकी है। मीटिंग में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, गोवा, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम के मुख्यमंत्री, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना के... शेष पेज 9 पर

# आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं महिला सशक्तीकरणः भजनलाल

» 50 फीसद आरक्षण करने पर महिला संगठनों ने जताया सीएम का आभार

तेज | रिपोर्टर जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आधी आबादी के योगदान के बिना देश और प्रदेश सशक्त नहीं बन सकता इसलिए प्रदेश सरकार नारी शक्ति के उत्थान और चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को बराबर के अधिकार और अवसर मिलना आवश्यक है। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर राज्य में तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं का आरक्षण बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने पर नारी शक्ति द्वारा अभिनन्दन और आभार समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में आयी महिलाओं ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार जताया। शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण आर्थिक




स्वतंत्रता तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने की बात करता है क्योंकि महिलाएं सशक्त होंगी तो वे परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही नारी शक्ति को आदर और सम्मान दिया जाता है। हम शक्ति के लिए मां दुर्गा, विद्या के लिए मां सरस्वती और धन के लिए मां लक्ष्मी की आराधना करते हैं। हमारे जीवन में भी मां, बहन, बेटी, पत्नी और अन्नपूर्णा के रूप में नारी का अहम स्थान है। इस दौरान बालिका पूजा पुरी गोस्वामी ने मुख्यमंत्री को वुड बर्न आर्ट से बनाया हुआ चित्र भेंट किया। समारोह में आई महिलाओं और बालिकाओं ने मुख्यमंत्री के साथ शेल्फी भी ली। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास... शेष पेज 9 पर

# नवनिर्मित श्री गौरीशंकर बिहाणी कन्या महाविद्यालय का लोकार्पण 28 को

## राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे महाविद्यालय का लोकार्पण, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेन्द्र चाचाण, संजय मोदी ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

तेज | रिपोर्टर नोहर

नवनिर्मित्त गौरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय के लोकार्पण समारोह की तैयारियां जौर-शौर से जारी है। उक्त महाविद्यालय का लोकार्पण 28 जून को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगें। प्रशासनिक स्तर पर भी राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी ने बताया कि राज्यपाल कलराज मिश्र 28 जून को नोहर आयेगें। वे यहां नवनिर्मित्त श्री गोरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय के भवन का लोकार्पण करेगें। सम्पूर्ण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संजय मोदी, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेन्द्र चाचाण, श्यामसुन्दर मोदी आदि ने शनिवार को महाविद्यालय परिसर का दौरा कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राज्यपाल कलराज मिश्र



चार्टर प्लेन से जयपुर से सिरसा आयेगें। सिरसा से सडक् मार्ग से नोहर पहुंचेगे और दोपहर 12.15 बजे नवनिर्मित्त महाविद्यालय भवन का लोकार्पण करेगें। उक्त महाविद्यालय बिहाणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 6 करोड़ की लागत से बनाया गया है।

**पूरा बिहाणी परिवार रहेगा मौजूदः** महाविद्यालय के लोकार्पण समारोह में पूरा बिहाणी परिवार मौजूद रहेगा। संजय मोदी ने बताया कि देश के अलग-अलग राज्यों में बसे बिहाणी परिवार के सदस्य 27 जून को नोहर पहुंचेगें। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के लोकार्पण से पूर्व 27 जून को सांय 6.30 बजे बिहाणी परिवार द्वारा बिहाणी चौक स्थित स्व. सेठ गोरीशंकर बिहाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके अलावा 6 बजे एनडीबी राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम होगा। सांय 7 बजे राधाकृष्ण मन्दिर में सत्संग होगा।

# पेपरलीक करने वालों पर 10 लाख रुपए जुर्माना

## केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना, कम से कम तीन साल की सजा का प्रावधान

**नई दिल्ली।** देश में एंटी-पेपर लीक कानून यानी पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 लागू हो गया है। केंद्र ने बीती आधी रात इसका नोटिफिकेशन जारी किया। यह कानून भर्ती परीक्षाओं में नकल और अन्य गड़बड़ियां रोकने के लिए लाया गया है। इस कानून के तहत, पेपर लीक करने या आंसर शीट के साथ छेड़छाड़ करने पर कम से कम 3 साल जेल की सजा होगी। इसे 10 लाख तक के जुर्माने के साथ 5 साल तक बढ़ाया जा सकता है। परीक्षा संचालन के लिए नियुक्त सर्विस प्रोवाइडर अगर दोषी होता है तो उसे 5 से 10 साल तक की जेल की सजा और 1 करोड़ रुपए तक जुर्माना होगा। सर्विस प्रोवाइडर अवैध गतिविधियों में शामिल है, तो उससे परीक्षा की लागत वसूली जाएगी। नीट और यूजीसी-नीट जैसी परीक्षाओं में गड़बड़ियों के बीच यह कानून लाने का फैसला बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे पहले, केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों के पास परीक्षाओं में गड़बड़ी से जुड़े अपराधों से निपटने के लिए अलग से कोई ठोस कानून नहीं था। पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, इसी साल 6 फरवरी को लोकसभा और 9 फरवरी को राज्यसभा से पारित हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 फरवरी को बिल को मंजूरी देकर इसे कानून में बदल दिया। इस कानून में संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की परीक्षाएं शामिल होंगी। केंद्र के सभी मंत्रालयों, विभागों की भर्ती परीक्षाएं भी इस कानून के दायरे में होंगी। इसके तहत सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे।

# जम्मू-कश्मीर में दो आतंकी फिर ढ़ेर

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में शनिवार को सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया। घटना गोहलन इलाके में हुई। अधिकारियों के मुताबिक गोहलन में अब भी रुक-रुककर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फायरिंग हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने आतंकियों के एक समूह को उरी के गोहलन इलाके में घुसपैठ करते हुए देखा। सुरक्षाबलों ने उन्हें रुकने को कहा और उनकी घुसपैठ को नाकाम किया। इससे पहले 19 जून को जम्मू-कश्मीर के बारामूला के हादीपोरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर हुआ था, जिसमें दो आतंकी मारे गए, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हुए।

# भविष्य सुधार सेवा संस्थान की संचालिका पर मानव तस्करी का आरोप

» बाल कल्याण समिति अध्यक्ष ने दर्ज करवाया मुकदमा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेंद्र गोयल व पूर्ण पीठ के परिवाद पर एसपी के आदेशानुसार एक महिला के खिलाफ मानव तस्करी, किशोर न्याय अधिनियम व दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत जंक्शन पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीडब्ल्यूसी मजिस्ट्रेट जितेंद्र गोयल ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि जंक्शन में संचालित भविष्य सुधार सेवा संस्थान के खिलाफ जिला कलेक्टर व सीडब्ल्यूसी को शिकायत मिली जिस पर संस्थान को दो दफा नोटिस जारी कर पंजीकरण प्रस्तुत करने व आवासित बालक बालिकाओं का ब्यौरा प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया एवं परिसर का मौका निरीक्षण किया तो देखा कि विमंदित श्रेणी के बालक व बालिकाएं एक ही परिसर एक ही कमरे में आवासित किए गए थे। निरीक्षण के दौरान पता चला कि संस्थान की संचालिका आरोपिया मोनिका जांगिड़ उक्त संस्था का विधि विरुद्ध संचालन कर रही थी तथा बालक बालिकाओं को बिना पंजीकरण आवासित कर रखा था। मौके पर एक बालिका सामान्य श्रेणी की प्रतीत हुई जिसके बारे में पूछताछ के दौरान कहा कि यह है मेरे यहां काम करने वाली महिला की लड़की है। जिस पर निरीक्षण टीम ने बालिका के दस्तावेज मांगे तो आरोपिया झगड़ा करने लगी व अपने बचाव में बालिका को एडीएम कार्यालय में प्रस्तुत कर लिखित में दिया कि यह बालिका मुझे नवां के पास झाड़ियों में लावारिस मिली है। उसी दिन आरोपियां ने बालिका को किशोर गृह में प्रस्तुत करते हुए भाखड़ा नहर के नजदीक मिलना बताया। बालिका से पूछताछ करने पर पता चला कि उसे दो-तीन वर्षों से आरोपियां अपने संस्थान में रखे हुए थी। बालिका ने बताया कि उसे दो-तीन वर्षों से... शेष पेज 9 पर

# चोरी के 14 मोटरसाइकिल बरामद, पांच गिरफ्तार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी के 14 मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान तथा अन्य अधिकारियों ने आज शाम प्रेस वार्ता कर बताया कि प्रवीण उर्फ पीना (26) निवासी चक 12 एफओपी, कुलदीप मेघवाल (24) निवासी पीरकामडिया, विक्रम उर्फ विक्की उर्फ विक्की गोंडर (18), आशीष मेघवाल (28) निवासी गिलावाला तथा सुशील (48) निवासी खाराखेड़ा थाना टिब्बी जिला हनुमानगढ़ को



गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि हवलदार लायकसिंह सिपाही रमेश, श्रवण, मेजर सिंह और सुरेंद्र सांखला द्वारा पिछले दिनों हनुमानगढ़ टाउन में जंक्शन तथा आसपास के अन्य इलाकों में लगातार मोटरसाइकिल चोरी होने की घटनाओं का सुराग लगाया।इन पुलिस कर्मियों द्वारा जुटाए गई जानकारी के आधार पर उक्त पांच व्यक्तियों को मोटरसाइकिल चोरी की वारदातें करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।इनकी निशानदेही पर अब तक चोरी के 14 मोटरसाइकिल बरामद हो चुके हैं। कुछ और मोटरसाइकिल बरामद होने की संभावना है।पुलिस अधीक्षक में बताया कि यह गिरोह हनुमानगढ़ जिले में रावतसर, तलवाड़ा, हनुमानगढ़ टाउन, संगरिया, सदर हनुमानगढ़... शेष पेज 9 पर

# चचेरा भाई ही निकला सोए हुए युवक पर जानलेवा हमला करने वाला, गिरफ्तार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले के रावतसर थाना क्षेत्र के गांव रामपुरा मटोरिया में विगत 18 जून की रात को अपने घर की छत पर सोए युवक पर तेज धार वाले हथियार से जानलेवा हमला करने वाला उसका चचेरा भाई ही निकला है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि युवक मुकेश की हत्या का प्रयास करने के आरोप में उसके चचेरे भाई जगतपाल सोनी निवासी वार्ड नंबर 3 रामपुरा मटोरिया को गिरफ्तार किया गया है। जगतपाल 18 जून की रात को नोहरा की दीवार से चढ़कर तथा बीच के तीन मकान की छतों को पार कर मुकेश सोनी (23) के घर की छत पर पहुंचा था।मुकेश घर की छत पर सोया हुआ था। जगतपाल ने सोए हुए मुकेश पर तेज धार वाले हथियार से वार किये, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। बताया जा रहा है कि जगतपाल ने तेज धारवाली कुल्हाड़ी से मुकेश को जान से करने का प्रयास किया था। मुकेश के चीखने- चिल्लाने की आवाज सुनकर घर के आंगन में सोए उसके माता-पिता तथा छोटा भाई दौड़कर छत पर गए। मुकेश चारपाई पर खून से लथपथ पड़ा था। उसे तुरंत रावतसर के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों... शेष पेज 9 पर

# जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में सुनीं परिवेदनाएं

» प्रत्येक ग्राम पंचायत में विकसित होगा खेल मैदान

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर जिला कलेक्टर से लेकर तहसीलदार तक सप्ताह में दो बार युद्धस्तर पर रात्रि चौपाल में आमजन की परिवेदनाएं सुन रहे हैं। इससे न केवल आमजन को राहत मिल रही है बल्कि जिला अधिकारियों के गांव में पहुंचने से विकास कार्यों को गति भी मिल रही है। जिला कलेक्टर कानाराम ने शुक्रवार को भादरा के दूर दराज की ग्राम पंचायत झाँसल में जिला अधिकारियों के साथ रात्रि चौपाल की। जिला कलेक्टर ने कहा कि रात्रि चौपाल में जो परिवाद प्राप्त हुए है, इन्हें जल्द ही निस्तारित करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में इस मानसून में पौधारोपण का राज्यव्यापी अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ग्रामवासी भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। अपने खेतों



में आने वाली पीढ़ी के लिए पौधे अवश्य लगाए। उन्होंने ग्रामीणों की तारीफ करते हुए कहा कि सीमावर्ती गांव होने के बावजूद यहां समस्याएं कम है। यह आप सभी अथक प्रयासों और जागरूकता का परिणाम है। जिला कलेक्टर ने महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक अच्छे खेल मैदान को तैयार करने की प्रतिबद्धता जाहिर की। उन्होंने कहा कि इससे न केवल खिलाड़ी बल्कि आमजन भी खेलों की तरफ आकर्षित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सभी कृषकों को समय पर क्लेम मिले, इसलिए रबी 2024 के खराबे की रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है। पुरानी आपतियां भी निस्तारित करवा दी गई है, जिनका क्लेम जल्द ही खातों में मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कृषकों से आह्वान किया कि आगामी खरीफ फसल में जिस फसल की बुआई हो उसी फसल का बीमा करवाए, जिन किसान भाइयों को बीमा करवाना है, वह जुलाई माह में बीमा करवा सकते है। जिला कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत आने वाली समस्याओं तथा डिग्गी मरम्मत के कार्यों को लेकर पीएचईडी अधिकारियों को जल्द निस्तारित करने तथा निरीक्षण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत में पाइप लाइन में लीकेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए ग्राम पंचायत और पीएचईडी अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर समस्या के... शेष पेज 9 पर

# केंद्र से मांगा है तीन रेल परियोजनाओं के लिए बजटः दीया

## डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात



**जयपुर।** केंद्र में मोदी सरकार जल्द अपना बजट पेश करने वाली है। इससे पहले वित्त मंत्रालय ने सभी राज्यों से अपने-अपने क्षेत्र की प्रमुख परियोजनाओं पर चर्चा की और बजट के लिए उन पर सुझाव और प्रस्ताव मांगे। इसके लिए आज दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में राजस्थान की डिप्टी सीएम और फाइनेंस मिनिस्टर दीया कुमारी ने प्रदेश की तीन रेल परियोजनाओं, ईआरसीपी, प्रमुख नेशनल हाइवे और जल जीवन मिशन के लिए ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहयोग देने की... शेष पेज 9 पर












# फैक्ट्री मालिक पर आर्थिक सहायता और शादी का झांसा देकर यौन शोषण का लगाया आरोप

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय ई- ब्लॉक में जामा मस्जिद के पास के निवासी एक अधेड़ व्यक्ति पर उसकी फैक्ट्री में काम करने वाली लड़की ने आर्थिक मदद करने और शादी करने का झांसा देकर लगभग 8 वर्ष तक यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। लगभग 22 वर्षीय पीड़िता का आरोप है कि फैक्ट्री मालिक आरोपी उसके बच्चे का पिता है। उसे बिन ब्याह बच्चे की मां बना दिया। अब वह शादी करने से इनकार कर रहा है। उसने डीएनए टेस्ट करवाने की मांग की है।पीड़िता द्वारा अदालत में इंतजार किए गए इस प्रकार के आधार पर पुरानी आबादी थाना में फैक्ट्री मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है,जिसकी जांच थाना प्रभारी सीआई गोविंदसिंह चारण खुद कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुरानी आबादी के एक मौहल्ले की निवासी पीड़िता ने अदालत में दायर किए इस्तगासा में बताया है कि वह जब 14 वर्ष की थी, तब मोहम्मद आरिफ(50) की गांव साधुवाली में स्थित पटका फैक्ट्री में मजदूरी करने के लिए जाती थी। इसी दौरान उसके पिता अचानक बीमार पड़ गए। डॉक्टर ने ऑपरेशन करना जरूरी और ऑपरेशन का खर्च 60 हजार रुपए बताया। पीड़िता के मुताबिक वह अत्यंत करीब परिवार की है। उसके पास इतने रुपए नहीं थे। मोहम्मद आरिफ को जब पता चला तो उसने फैक्ट्री का मालिक होने के नाते उसकी मदद करने की बात कही। वर्ष 2014 में जब वह 14 वर्ष की थी, तब एक दिन सभी मजदूरों के जाने के बाद ऑपरेशन खर्च के 60 हजार रुपए देने के लिए उसे फैक्ट्री में रोक लिया। शाम को उसने नोटों की गड्डियां उसे दीं। तभी फैक्ट्री मालिक का एक जानकार व्यक्ति कोल्ड ड्रिंक की दो बोतलें लेकर आया। उसने एक बोतल मालिक को और दूसरी उसे दे दी। कोल्ड ड्रिंक पीने से वह बेहोश हो गई।कुछ देर बाद होश आया तो वह बिस्तर पर फैक्ट्री मालिक के साथ थी। फैक्ट्री मालिक ने कहा कि कोई भी किसी को बिना कीमत लिए मदद नहीं करता। उसने बुरी तरह से डरा दिया कि इस बारे में किसी को कुछ बताया तो अंजाम ठीक नहीं होगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पीड़िता ने इस्तगासा में बताया है कि ऑपरेशन होने के बाद भी उसके पिता का देहांत हो गया। फैक्ट्री मालिक उसकी मां को जान से मार अथवा मरवा देने की धमकी



देकर उसकी लगातार यौन शोषण करता रहा। यह सिलसिला 2019 तक चला। तब वह नाबालिग थी और उसे समझदारी नहीं थी। वर्ष 2019 में उसके परिवार वालों को फैक्ट्री मालिक की गलत नियत का पता चला तो उसकी शादी सूरतगढ़ के एक युवक से कर दी गई। फैक्ट्री मालिक ने फिर भी उसका पीछा नहीं छोड़ा।महज 7 दिन बाद ही पंचायती तौर पर उसका तलाक करवा दिया। तब फैक्ट्री मालिक ने कहा कि वह उसे जल्दी ही शादी कर लेगा। पिता के मुताबिक कुछ दिनों बाद जब उसने शादी करने के लिए कहा तो फैक्ट्री मालिक ने बताया कि उस पर दो-तीन मुकदमे चल रहे हैं। वह मुकदमों से बरी हो जाए, फिर शादी करेगा। इसी दौरान वह गर्भवती हो गई और बच्चे को उसने जन्म दिया। फैक्ट्री मालिक मोहम्मद आरिफ ने बच्चे को उसका पिता होने का नाम दिया। वह बच्चे के जन्मदिन तथा अन्य कार्यक्रमों में भी आता रहा। इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग अपने पास होने का पीड़िता ने दावा किया है। पीड़िता के मुताबिक बिना ब्याह बच्चे की मां बन जाने के बाद वह और उसकी मां ने जब भी मोहम्मद आरिफ को शादी करने के लिए कहा तो वह टालमटोल ही नहीं करता रहा बल्कि धमकी देता कि कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। काफी दबाव डालने पर उसने विगत 19 मार्च को इस्लाम धर्म के मुताबिक उसे शादी करने को तैयार हो गया। पीड़िता के अनुसार उसके घर वालों ने शादी की तैयारी शुरू कर दी। मार्च का महीना आने पर मोहम्मद आरिफ के यहां शादी की कोई तैयारी नहीं देखी। उसने और उसकी मां ने जब पूछा तो मोहम्मद ने साफ इनकार कर दिया कि वह शादी नहीं करेगा। उल्टा वह कहने नहीं लगा कि कुछ रुपए ले लो। अभी उसकी उम्र 22 वर्ष की है। किसी और लड़के से उसकी शादी आसानी से हो जाएगी। मोहम्मद आरिफ ने कहा कि बच्चा वह उसको दे दे। बच्चे को वह अपने पास रख लेगा। उसने बच्च का पिता मोहम्मद आरिफ ही होने का दावा करते हुए डीएनए टेस्ट करवाने के मांग भी की है।पीड़िता के अनुसार मोहम्मद आरिफ द्वारा शादी से साफ इनकार करने पर उसने अपने रिश्तेदारों तथा अड़ोस-पड़ोस के लोगों को सारी बात बताई। उन्होंने मुकदमा दर्ज करवाने के लिए कहा। वह लगभग दो महीने तक सारे सबूत के साथ प्रार्थना पत्र लेकर पुलिस थानों के चक्कर काटती रही लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। उसने 14 मई को थाने में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस अधीक्षक के यहां भी गुहार लगाने पर मामला दर्ज नहीं किया गया। पीड़िता ने बाद में अदालत में इस्तगासा दायर कर दिया।अदालत के आदेश पर कल शुक्रवार को पुरानी आबादी थाना में धारा 376 (एन) (2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गैंगस्टर गोल्डी बराड का लेफ्ट हैंड बताकर धमकी देने के आरोप में युवक गिरफ्तार

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अनूपगढ़ जिला पुलिस ने एक युवक को कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड का लेफ्ट हैंड बताते हुए रायसिंहनगर के एक व्यक्ति को दुकान खाली नहीं करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अनूपगढ़ के पुलिस अधीक्षक रमेश मौर्य ने बताया कि बीकानेर जिले में खाजूवाला थाना क्षेत्र के चक 5-केवाईएडी निवासी श्रवण बिश्नोई (27) को गिरफ्तार किया गया है। विगत 6 जून को रायसिंहनगर के वार्ड नंबर 22 निवासी अनिल मगलानी (60) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर धमकी भरे फोन कॉल आने का मुकदमा दर्ज किया गया था। अनिल मगलानी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि रायसिंहनगर की पुरानी धान मंडी में उसकी किरयान की दुकान है।इस दुकान को लेकर दुकान के मालिक के साथ उसका विवाद चल रहा है। उसके बेटे मनीष मगलानी के मोबाइल फोन पर 5 जनवरी 2024 की दोपहर 11ः06 बजे पर एक कॉल आई।कॉल अटेंड करने पर कॉलर ने खुद को गोल्डी बराड का लेफ्ट हैंड बताते हुए कहा कि उसे अंतिम बार चेतावनी दी जा रही है कि वह आज शाम तक दुकान खाली कर दे,नहीं तो कल तेरे भाई और तेरे परिवार को गोलियों से भून



दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक में बताया कि यह मामला दर्ज होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भंवरलाल मेघवाल को विगत 20 जून को इस मामले की जांच सौंपी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भंवरलाल और उनकी टीम ने त्वरित गति से जांच पड़ताल करते हुए इसी घटना के संबंध में अनिल मगलानी के बेटे अंकुश मगलानी ने बालोतरा जिले के सिवाना थाना में भी पिछले दिनों एक मुकदमा दर्ज करवाया था।इस मुकदमे की जानकारी जुटाने पर पता चला कि इस मामले में गिरफ्तार किया गया एक आरोपी जमानत पर हाल ही रिहा हुआ है। रिहा हुए इस आरोपी को पूछताछ के लिए दस्तयाब किया गया। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक गिरफ्तार किए गए श्रवण बिश्नोई ने खाजूवाला के मूल निवासी और फिलहाल मलेशिया में रह रहे अपने दोस्त सुनील उर्फ सेठी को अपने मोबाइल से ओटीपी देकर उसके मोबाइल फोन में व्हाट्सएप चालू करवाया। इसके बाद सुनील ने श्रवण के मोबाइल से चालू किए गए व्हाट्सएप से परिवादी अनिल मगलानी के लड़के अंकुश को सिवाना में तथा दूसरे लड़के नरेश मगलानी को मलेशिया से फोन कॉल कर विवादित दुकान खाली करने की धमकी खुद को गैंगस्टर गोल्डी बराड लेफ्ट हैंड एंड बताते हुए दी उसे दुकान खाली नहीं करने पर गोलियों से भून देने की धमकी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए श्रवण बिश्नोई ने अपने चाचा के बेटे रणवीर कुमार से उक्त विवादित दुकान जरिए इकरारनामा खरीद की हुई है। उसके कहने पर ही उसके दोस्त सुनील कुमार उर्फ सेठी द्वारा मलेशिया से दुकान खाली करने की धमकी दिया जाना पाया गया। इसके बाद श्रवण को गिरफ्तार कर लिया गया।

## निशिता श्योराण ने बढ़ाया कुल और समाज का मान सम्मान



**भादरा।** राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के 33 वें दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडलिस्ट से सम्मानित हुई वैज्ञानिक निशिता श्योराण ने अपने कुल, समाज व क्षेत्र के साथ मूल गांव चुबकिया ताल तहसील राजगढ़ जिला चूरू को गौरव बढ़ाया हैं । भादरा क्षेत्र में श्योराण परिवार का स्नेह, सम्पर्क के चलते निशिता श्योराण के सम्मान व उपलब्धि से खुशी का वातावरण बना है। वाणिज्य कर विभाग के अतिरिक्त आयुक्त श्री बलवन्त सिंह श्योराण एवं सुमित्रा देवी की पुत्री निशिता श्योराण का जन्म 1999 को हुआ। मेधावी निशिता श्योराण ने जयपुर से ही अपनी शिक्षा पूरी करते हुए मनोविज्ञान में एमएससी करने के साथ उन्हें डीआरडीओ में वैज्ञानिक पद पर नियुक्ति मिली है वर्तमान में डीआरडीओ में वैज्ञानिक के रूप में काम करते हुए देश प्रदेश में अपने कुल गौरव का मान बढ़ाते हुए व महिला शक्ति के लिए प्रेरणादायक बनी है। एमएससी के मनोविज्ञान में उन्हें गोल्ड मेडलिस्ट के रूप में बुधवार को राजस्थान विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने उन्हें गोल्ड मेडलिस्ट से सम्मानित किया।

# पुलिस कंट्रोल रूम के सामने से दो मिनट में सिपाही का मोटरसाइकिल चुराने वाला एक काबू, दूसरा फरार

## चोरी के चार मोटरसाइकिल बरामद

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय रेलवे स्टेशन के सामने पुलिस कंट्रोल रूम के आगे से विगत 25 मई को सदर थाना के एक सिपाही प्रदीप का मोटरसाइकिल सिर्फ 2 मिनट में चोरी होने की घटना में पुलिस ने एक चोर को काबू कर लिया जबकि उसका साथी फरार हो जाने में कामयाब हो गया। पकड़े गए चोर की निशानदेही पर सिपाही के मोटरसाइकिल के अलावा चोरी के तीन और मोटरसाइकिल बरामद हुए हैं।फरार हुए उसके दूसरे साथी को भी पुलिस ने जल्दी ही पकड़ लेने का दावा किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि सदर थाना में सिपाही प्रदीप द्वारा 30 मई को दी गई रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति पर उसका 25 मई की दोपहर को मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का मुकदमा दर्ज किया गया था।



सिपाही प्रदीप उस दिन दोपहर को किसी काम से रेलवे स्टेशन रोड पर गया था। उसने पुलिस कंट्रोल के सामने और रेलवे स्टेशन के गेट के पास मोटरसाइकिल खड़ा किया था। वह 2 मिनट बाद वापस आया तो मोटरसाइकिल नहीं मिला। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को पुलिस कंट्रोल रूम के अध्यक्ष कमांड सेंटर में बडे साइज की एलईडी स्क्रीन पर देखा तो चोर मोटरसाइकिल को महाराजा गंगासिंह चौक और वहां से तीन पुली होते हुए साधुवाली की तरफ जाते दिखाई दिया। साधुवाली से वह पंजाब की तरफ निकल गया। पुलिस अधीक्षक में बताया कि कोतवाली में हवलदार राकेश,जितेंद्र, सिपाही सुशील, अनिरुद्ध और सदर थाना के सिपाही गुलाबसिंह को साथ लेकर चोर का पता लगाया। पंजाब के साथ लगते अबोहर शहर में सराभानगर पक्का सीड फार्म निवासी यशपाल (38) को मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में काबू कर लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस टीम ने जब पक्का सीड फार्म में यशपाल के ठिकाने पर छापा मारा तो उसका एक साथी भाग निकलने में कामयाब हो गया। मोटरसाइकिल चोरी में यशपाल के साथ उसका एक और साथी भी था। अदालत में पेश करने पर यशपाल का दो दिन का रिमांड मिला। उसकी निशानदेही पर सिपाही प्रदीप के चुराए हुए मोटरसाइकिल के अलावा तीन और मोटरसाइकिल भी बरामद हुए। यह मोटरसाइकिल भी श्रीगंगानगर शहर से ही चुराए होने की संभावना है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि यशपाल कुछ समय पहले अबोहर में भी पुलिस द्वारा पकड़ा गया था।तब उसकी निशानदेही पर चोरी के आठ मोटरसाइकिल बरामद हुए थे। वह नशा करने का आदी है।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने वेस्ट से किया बेस्ट सामग्री का निर्माण



तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

विश्व योग दिवस के अवसर पर नगर परिषद के प्रयासों से महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा घर पर पड़े वेस्टेज सामान से सुंदर-सुंदर सामग्री का निर्माण करके राजीव गांधी स्टेडियम में स्टाल लगाई गई। सुरेंद्र सिंह व मोहन प्रजापत ने बताया कि सभापति सुमित रणवा के प्रयासों से जरूरतमंद कामकाजी महिलाओं को कलात्मक हुनर से जोड़कर उन्हें पैसा कमाने के लिए प्रेरित किया। शेरावाली व जय माता जी ग्रुप की महिलाओं ने घर के वेस्ट सामग्री से गुलदस्ते,जागो मटकी सजजा, पेन होल्डर, पायदान आदि बनाकर स्टाल लगाकर बेचा। जिससे इन महिलाओं को आमदनी हुई नगर परिषद सभापति सुमित रणवा, वह नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र यादव इसे गंभीरता से लेकर महिलाओं को आगे लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी मंशा के साथ दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बड़े बुजुर्गों के साथ बच्चे भी योग करते नजर आए। बालिका मन्नत शर्मा व नन्ही बालिका निष्ठा कौशिक योग की मुद्रा में कुछ इस तरीके से नजर आए।

# सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर और पंपलेट चिपकाने वाले संस्थानों को नगर परिषद ने जारी किया नोटिस

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पेम्पलेट और पोस्टर आदि चिपका कर सम्पति को क्षति पहुंचाने वालों के विरूद्ध कानूनी नोटिस जारी किए गए हैं। नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा ने बताया कि उक्त नोटिस सभापति गगनदीपकौर के दिशा निर्देशों पर जारी किए गए हैं। सभापति ने उन संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है, जिन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर पेम्पलेट/पोस्टर लगाकर शहर की सुंदरता को बिगाड़ी है। आयुक्त ने बताया कि मनीफा अकाउंटस ट्रेनिंग सेन्टर, एक्सपर्ट शोर्ट हैण्ड एकेडमी, कल्की गर्ल्स पी.जी एण्ड लाइब्ररेरी, यूनिक अकांउटस एकेडमी, सरदार जी बॉयज पी.जी., द अबोंड वे इमिग्रेशन और आइलेट्स, वी. के प्रोपटी एडवाईजर के विरूद्ध राजस्थान नगरपालिका संशोधन विधेयक 2017 की धारा 297 (क) (ख) (ग) के अन्तर्गत कानूनी नोटिस जारी कर कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम बार अपराध करने की दशा में 1 वर्ष तक का कारावास या 10 हजार रूपए तक का जुर्माना या दोनों से दण्ड का प्रावधान है।

# शोक व्यक्त करने गए परिवार के घर से लाखों के जेवरात तथा नगद राशि चोरी

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अनूपगढ़ जिले के नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र के एक गांव में शोक व्यक्त करने के लिए दूसरे गांव गए एक परिवार के सुनने मकान से लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर तथा नगद राशि चोरी हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना चक 5- डीडी में अमरजीत सिंह कंबोज सिख



(49) के घर में कल शुक्रवार को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे के दौरान घटित हुई। पुलिस को रिपोर्ट देते हुए अमरजीतसिंह ने बताया कि वह 20 जून को सुबह 9 बजे नजदीकी गांव चक 4- डीडी में अपने एक रिश्तेदार के यहां निधन हो जाने पर शोक व्यक्त करने के लिए परिवार सहित किया था। वह मकान को अच्छी तरह से ताले लगाकर गया था। दोपहर एक बजे वापस आने पर घर के सभी दरवाजे खुले हुए थे। उनके ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था। उसके घर से चार तोला-सोने के तथा 10 तोला चांदी के गहने व 25 हजार की नगदी गायब थी। पुलिस ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई रामसिंह के सुपुर्द की गई है। चोरों का पता लगाने के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक कर रही है।

## नहर में मिली लाश के हाथ पर लिखा है वीएमबी

**श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ जिले में समेजा कोठी थाना क्षेत्र में एक अज्ञात युवक की लाश नहर में मिली है, जिसके एक हाथ पर अंग्रेजी में तीन अक्षर वीएमबी गुदे हुए हैं।घटना की जांच कर रहे हवलदार राजाराम ने बताया कि चक 01 एलपीएम निवासी जसपालसिंह(60) में कल शुक्रवार दोपहर को सूचना दी उनके गांव के नजदीक नहर में एक लाश तैर रही है। मौके पर जाकर पुलिस ने लाश को बाहर निकाला। मृतक की आयु 25 से 30 वर्ष थी।उसके शरीर पर हरे रंग के अंडरवियर के अलावा कोई कपड़ा नहीं था। उसके एक हाथ की उंगली में पॉलिश की हुई चांदी की अंगूठी और एक कान में मुरकी पहनी हुई थी। लाश काफी पुरानी होने के कारण सुरक्षित रखने के लायक नहीं थी।लिहाजा पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे दफना दिया गया। पुलिस अंगूठी, मुरकी और हाथ पर लिख अंग्रेजी के तीन अक्षरों से पुलिस मृतक की पहचान का प्रयास कर रही है। जसपालसिंह की ओर से ही मर्ग रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## खेत में बने डैम में डूबने से युवक की मौत

**श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ जिले के समेजा कोठी थाना क्षेत्र में एक युवक की खेत में बने डैम में डूबने से मौत हो गई।पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान चक 16-टीके ढाणी निवासी उग्रसेन बिश्नोई के रूप में हुई है। पुलिस को रिपोर्ट देते कुलदीप बिश्नोई ने बताया कि वह और उसका छोटा भाई उग्रसेन गुरुवार की रात को पास के एक खेत में बने डैम से पानी अपने खेत में लगा रहे थे इसी दौरान उग्रसेन डैम में पानी देखने के लिए गया तो पैर फिसलने से वह उसमें गिर गया। पुलिस के मुताबिक और उग्रसेन के दाम में गिरने का कुछ देर बाद पता चला। तब तक वह गहराई में डूब गया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने बताया कि जिस डैम में उग्रसेन गिरा वह काफी लंबा-चौड़ा तथा गहरा है, जिसमें पानी भी बहुत था। डैम से सारा पानी निकालने के बाद उग्रसेन की लाश दिखाई दी। उसके भाई कुलदीप की तरफ से मर्ग दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को सौंप दी गई।

# नशे की ओवरडोज एक और युवक की जिंदगी लील गई

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर शहर में नशे की ओवरडोज एक और युवक की जिंदगी लील गई। पुरानी आबादी में पदमपुर मार्ग पर कोढिया पुली के पास रहने वाले इस युवक को कल देर शाम उसके परिवार वाले जिला अस्पताल लेकर आ रहे थे कि वह रास्ते में दम तोड़ गया। पुरानी आबादी पुलिस के मुताबिक युवक रमेश पासवान (24) की लाश को रात को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रख दिया गया। आज सुबह उसकी मां ने लिखित रूप में दिया कि वह पुलिस तथा पोस्टमार्टम की कार्यवाही नहीं चाहती। लिहाजा बिना पोस्टमार्टम के इलाज परिवारजनों के सुपुर्द कर दी गई। जानकारी के मुताबिक रमेश की शादी लगभग डेढ़ वर्ष पहले हुई थी। वह एक मैरिज पैलेस में काम करता था। कुछ दिन पहले उसे नशा करने की लत लग गई। परिवारजनों के



मुताबिक रमेश कल शाम को पदमपुर मार्ग पर ही एक खाली भूखंड में कुछ युवकों के साथ गया था। वही इन युवकों ने नशे का सेवन किया। इसी दौरान रमेश ने अपने हाथ में नशे का इंजेक्शन लगाया था, जिसके बाद उसे घबराहट होने लगी। उसे एक युवक मोटरसाइकिल पर घर छोड़कर चला गया। घर वालों ने रमेश की हालत खराब देखी तो वह उसे जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे कि वह रास्ते में दम तोड़ गया। पता चला है कि रमेश का बड़ा भाई भी नशा करता है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

पदमपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक की मौत हो गई। दुर्घटना की जांच कर रहे हवलदार संजीव गौतम ने बताया कि गुरुवार देर शाम को तेज अंधड़ और बरसात के दौरान चक 23 बीबी के समीप मोटरसाइकिल पर जा रहा एक युवक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को पदमपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वह बेहोश था। मोटरसाइकिल के नंबर से पता लगाया गया कि घायल हुआ युवक करण (26) निकटवर्ती चक 18 बीबी का निवासी है।सूचना दिए जाने पर उसके परिवारजन अस्पताल पहुंचे।इलाज के दौरान करण की मृत्यु हो गई। उसके भाई अजय नायक द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात वाहन के चालक पर लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। हवलदार संजीव गौतम ने बताया कि मृतक कारण पेंटर का कार्य करता था। शादीशुदा करण के एक संतान है।अभी तक टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चला। इस बीच पदमपुर मार्ग पर गुरुवार को ही एक और दुर्घटना हो गई जिसमें कार की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक घायल हुए युवक की हालत काफी गंभीर है। उसके भाई राकेश निवासी चक 23 बीबि द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर कर चालक पर लापरवाही बरतने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# केंद्रीय विद्यालय में सूर्य नमस्कार के साथ आयोजित हुआ योग दिवस



तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हनुमानगढ़ में योग दिवस का आयोजन किया। गया। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा के उपरांत योग शिक्षक विजय कुमार ने योग दिवस और भिन्न आसनों के संबंध में रोचक जानकारी प्रस्तुत की। उसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य शिक्षकों तथा छात्रों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया। तथा समस्त शिक्षकों तथा छात्रों के द्वारा प्रातः 7:00बजे से 8:00 बजे के मध्य ओंकार के उच्चारण के साथ पाँच मिनट प्राणायाम किया गया। इसके पश्चात सूर्य नमस्कार को विविध आसनों के क्रम में संपन्न किया गया। इन आसनों के लिए निर्देश के साथ



उनके लाभ भी बताए गए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के प्राचार्य रामचन्द्र देहडु ने योग के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग का अर्थ है शरीर, मन और आत्मा को जोड़ना, उनमें सामंजस्य स्थापित करना । योग हमारी मांसपेशियों को मजबूती देने के साथ हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। श्वास की गति के साथ योग आसन करने से ध्यान का भी अभ्यास होता है। इससे आत्मनियमन होता है और अनुशासन आता है। ग्रीष्मावकाश के पश्चात विद्यालय में यह प्रथम कार्यदिवस था अतः अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में राष्ट्रगान के साथ सफलता पूर्वक योग दिवस संपन्न हुआ।

# भाजपा के संस्थापक सदस्य सुंदर सिंह भण्डारी को दी श्रद्धांजलि

**» पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय में व्याख्यान माला एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य सुंदर सिंह भण्डारी की पुण्यतिथि पर शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में व्याख्यान माला एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुन्दर सिंह भण्डारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक ने भण्डारी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुंदर सिंह भण्डारी संघ के प्रचारक रहने के बाद जनसंघ से भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे। दो बार राज्यसभा सदस्य व एक बार राज्यपाल भी रहे। उन्हें भाजपा का शिल्पकार भी कहा जाता है। दो बार राज्यसभा में जाने के बाद जब तीसरी बार उनके नाम की चर्चा आई तो भण्डारी ने कहा कि अब नए कार्यकर्ताओं को मौका देना चाहिए। जिला महामंत्री विकास गुप्ता ने कहा कि सुन्दर सिंह भण्डारी एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। वे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता थे और जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। आपातकाल के दौरान वे मीसा बंदी के रूप में जेल में भी रहे। आपातकाल के विरुद्ध हुए संघर्ष में वे भूमिगत रहकर काम करते रहे पर कुछ समय बाद वे पकड़े गये।

जेल में उन्होंने अपनी सादगी और वैचारिक स्पष्टता से विरोधियों का मन भी जीत लिया। जेल से ही वे राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। श्रद्धांजलि सभा में जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सुथार, अश्वनी नारंग, जिला मंत्री जसवीर सिंह, पूर्व उपसभापति नगीना बाई, पूर्व जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह बिश्नोई, मण्डल अध्यक्ष गौरा सिंह, विकास शर्मा, महेन्द्र राठौड़, फुसाराम गोस्वामी, शैरी दंदीवाल, मण्डल महामंत्री राम कुक्कड़, गजेन्द्र राठौड़, कपिल महला, राजन अरोड़ा, मण्डल प्रवक्ता नवीन बाकोलिया, श्रीकृष्ण वर्मा, कृष्ण तायल, खेमचंद तेजवानी, जुगल किशोर गौड़, आनंद राठौड़, महेश लकेसर, संदीप विर्क, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक प्रवीण कटारिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ सामूहिक प्रयास करने की जरूरत

**» नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**




तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत मनाए जा रहे जागरूकता सप्ताह के तहत शनिवार को टाउन स्थित यू टर्न नशा मुक्ति केन्द्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद जिला परिषद सदस्य मनीष गोदारा ने इलाज ले रहे व्यक्तियों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाते हुए कहा कि अकेले प्रशासन के माध्यम से नशा मुक्त भारत या नशा मुक्त हनुमानगढ़ का सपना साकार नहीं हो सकता। सभी को एकजुट होकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। शहर-गांव के लोगों को प्रशासन का सहयोग करते हुए अपने आसपास बिकने वाले नशे के बारे में पुलिस को सूचना देनी होगी। नशा बेचने वाले को कठोर से कठोर सजा दिलवानी पड़ेगी ताकि हमारी युवा पीढ़ी बच सके। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि प्रदेश के प्रत्येक गांव में युवाओं के खेलने के लिए खेल स्टेडियम की व्यवस्था की जाए। इससे बच्चे नशे की तरफ जाने की बजाए खेलकूद में हिस्सा लेकर अपने गांव व माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। यह बात तय है कि जो युवा पढ़ाई और खेलों की तरफ ध्यान देगा वह नशे की तरफ नहीं जाएगा। खेल ही एक ऐसा साधन है जो युवा पीढ़ी को नशे से दूर रख सकता है। नशा करने वाला बच्चा नशा नहीं छोड़ पाता। जिले में ही पिछले दिनों कई युवा नशे की वजह से अकाल मौत के मुंह में समा गए। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही जिले को नशा मुक्त किया जा सकता है।

## चिट्टा बेचने का धंधा करने वाली युवती व युवक ने बुजुर्ग को पीटा

**» बुजुर्ग को युवक व उसकी बाइक की फोटो खींचना पड़ा महंगा**

**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थ बेचने का धंधा करने वाली युवती ने अपने परिचित युवक के साथ मिलकर पड़ोस में रहने वाले बुजुर्ग को पीट दिया। बुजुर्ग की गलती सिर्फ इतनी थी कि उसने उक्त युवक व उसकी बाइक की फोटो अपने मोबाइल फोन में खींच ली थी। बुजुर्ग की रिपोर्ट के आधार पर जंक्शन पुलिस थाना में युवक-युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रहलाद राय (75) पुत्र श्योकरण राम तरड़ निवासी मन्नीवाली पीएस सादुलशहर जिला श्रीगंगागनर हाल सैक्टर नम्बर 9, विस्तार हनुमानगढ़ जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि सिंचाई विभाग कॉलोनी के एक क्वार्टर में विभाग के दिवंगत ड्राइवर की बेटी किरण देवी रहती है जो चिट्टा व नशे का धंधा करती है। किरण देवी के पास असामाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है। किरण देवी के पास आने वाले लोग अपने वाहन उसके घर के पास खड़े कर देते हैं। गुरुवार शाम करीब चार बजे उसे किरण देवी के घर के पीछे बाइक खड़ी देखी। वह अपने मोबाइल फोन से उस बाइक की फोटो लेने लगा। जब वह फोटो खींच रहा था तभी बाइक चालक वहां आ गया। इस पर उसने उसका भी फोटो ले लिया। इस पर उस व्यक्ति ने फोन कर किरण देवी को बुला लिया। इसके बाद दोनों ने उससे मारपीट की। पीछे से धक्का देकर नीचे फर्श पर गिरा दिया। इससे उसके माथे, आंखों व बाएं हाथ की अंगुली पर गम्भीर चोटें आई। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश हैड कांस्टेबल प्रेम कुमार के सुपुर्द की है।

## धारदार हथियार से सिर में चोट मारकर किया गम्भीर घायल

**» एक बाइक मौके पर छोड़कर भागे हमलावर, मुकदमा दर्ज**

**हनुमानगढ़।** तीन बाइक पर सवार होकर आए कुछ जनों ने दूध लेकर घर लौट रहे दो युवकों पर धारदार हथियार, लाठी-डण्डों से लैस होकर हमला कर दिया। एक युवक तो किसी तरह जान बचाकर भाग निकला। दूसरे युवक के सिर में धारदार हथियार के वार से गम्भीर चोट लगी। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हमलावर भागते समय अपनी एक बाइक मौके पर छोड़ गए। इस संबंध में सदर पुलिस थाना में एक नामजद व आठ अन्य जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार मिट्ठूसिंह (58) पुत्र इन्द्रसिंह बावरी निवासी वार्ड 21, डबलीबास मौलवी ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि 18 जून को उसका पुत्र सतनाम सिंह अपने चाचा के लड़के गुरप्रीत सिंह के साथ दूध लेकर घर आ रहा था। रात्रि करीब 8.30 बजे तीन मोटर साइकिल पर कलवन्त सिंह उर्फ टुलू पुत्र भगवान सिंह बावरी निवासी वार्ड 1, मौलवीबास डबलीराठान सहित 9 व्यक्ति आए। इनके हाथों में कृपाण, लाठी-डण्डे थे। इन्होंने आते ही उसके पुत्र सतनाम व गुरप्रीत पर हमला कर दिया। डर के कारण गुरप्रीत सिंह वहां से किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग गया। कलवन्त सिंह ने उसके पुत्र सतनाम के सिर पर कृपाण से वार कर चोट मारी। इससे उसका पुत्र मौके पर गिर गया। इसके बाद यह लोग उसके पुत्र को मरा हुआ समझकर वहीं पर छोड़कर फरार हो गए। एक मोटर साइकिल नम्बर आरजे 31 एसएन 8386 भी वहीं छोड़ गए। इसके बाद उन्होंने उसके पुत्र सतनाम को टाउन के राजकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया। गम्भीर चोटें होने के कारण उसका पुत्र चिकित्सालय में भर्ती है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश डबलीराठान पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई विजयसिंह को सौंपी है।

## रुपए हड़पने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़।** मुनाफा करवाने का प्रलोभन देकर रिश्तेदारों से रुपए ऐंठने के मामले में टाउन थाना पुलिस ने एक आारोपी को गिरफ्तार किया है। टाउन पुलिस थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि 15 फरवरी को ओमप्रकाश (40) पुत्र पालाराम स्वामी निवासी 13-14 जवाहर नगर कॉलोनी, टाउन ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि अमित स्वामी पुत्र मोहनलाल, दीपक शर्मा, सरोज पत्नी शीशपाल, मोहनलाल पुत्र कुरड़ाराम निवासी कलाना पीएस भादरा व नितिश स्वामी पुत्र शीशपाल निवासी बशीर पीएस टिब्बी ने राशि देने को उकसाया। उसके लिए मोबाइल एप्स का दुरुपयोग किया एवं राशि हड़प ली। थाना प्रभारी के अनुसार अनुसंधान के बाद आरोपी अमित कुमार (22) पुत्र मोहनलाल स्वामी निवासी भादरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शनिवार को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर तीन दिन का पीसी रिमांड हासिल किया गया है। अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## अपहरण के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़।** टाउन थाना पुलिस ने किशोरी के अपहरण के आरोप में दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को शनिवार को धर दबोचा। जांच अधिकारी एएसआई दरियासिंह ने बताया कि 28 अप्रेल को एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि गांव कालीबंगा निवासी अर्शदीप सिंह 27 अप्रेल की रात्रि को करीब 11 बजे उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। शनिवार को आरोपी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श (22) पुत्र सुखजीत सिंह मजहबी निवासी वार्ड आठ, कालीबंगा पीएस पीलीबंगा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश कर 24 जून तक का पीसी रिमांड मंजूर करवाया गया है।

# प्रकाश पर्व पर छबील लगा पिलाया मीठा जल

**» अलग-अलग गुरुद्वारा साहिब के प्रतिनिधि रहे मौजूद**



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

सिखों के छठे गुरु हरगोबिंद साहिब व संत कबीर महाराज के प्रकाश पर्व, गुरु अर्जुन देव महाराज के शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को धन धन भाई रूपचंद खालसा आर्मी ग्रुप की ओर से जंक्शन के अम्बेडकर चौक पर ठण्डे-मीठे जल की छबील लगाई गई। छबील की शुरुआत क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की अरदास के साथ हुई। शाम तक चली छबील में राहगीरों ने ठण्डा-मीठा जल पीकर गर्मी में हलक तर किए। इस दौरान शहर के अलग-अलग गुरुद्वारा साहिब के प्रतिनिधि मौजूद रहे। गुणी-ज्ञानियों ने लोगों को गुरु हरगोबिंद साहिब के जीवन इतिहास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुरु हरगोबिंद साहिब ने रिहाई के समय ग्वालियर के किले से 52 राजाओं को भी अपने साथ रिहा करवाया था। इस कारण गुरु हरगोबिंद साहिब को बंदी छोड़ दाता कहा जाता है। इस मौके पर नगर परिषद सभापति सुमित रणवां, बूटासिंह, निर्मल सिंह, जसवीर सिंह, रणजीत सिंह, सुखमन्द्र सिंह, बिकर सिंह, गुरजीत सिंह, जसमीत भुल्लर, बलदेव सिंह, डॉ. रिछपाल सिंह, निर्मल सिंह, गुरप्रीत सिंह, गहीर सिंह, कमलजीत सिंह, राजेन्द्र सिंह, राहुल सिंह, तलविन्द्र सिंह, दीपक, अमर सिंह, सिकन्दर सिंह, सम्मी, अमृतपाल सिंह, सौरभ शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, युधिष्ठर गक्खड़, बिट्टू सोनी, हरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# पार्षद पर आरोप, रंजिश के चलते स्वीकृत नहीं होने दी जा रही निर्माण स्वीकृति

**» निर्माण शुरू किया तो अधिकारियों को भेज रुकवाया**



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन की पारीक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने वार्ड पार्षद पर रंजिश के चलते पिछले दो वर्षों से मकान निर्माण स्वीकृति का आवेदन स्वीकृत नहीं होने देने का आरोप लगाया है। शनिवार को उक्त व्यक्ति ने वार्ड के अन्य नागरिकों के साथ मौके पर एकत्रित होकर पार्षद के खिलाफ नारेबाजी की। पारीक कॉलोनी निवासी दीपक धूड़िया के अनुसार वह पिछले लम्बे समय से पारीक कॉलोनी में निवास कर रहा है। उसने दो वर्ष पूर्व नगर परिषद में मकान के निर्माण के लिए निर्माण स्वीकृति का आवेदन किया था। लेबर सेस सहित समस्त कागज पूर्ण होने के बावजूद वार्ड पार्षद प्रमोद सोनी रंजिश के कारण नगरपरिषद से निर्माण स्वीकृति स्वीकृत नहीं होने दे रहा। दीपक धूड़िया ने आरोप लगाया कि वार्ड में सैकड़ों मकान बन रहे हैं। इनमें अधिकतर मकान बिना स्वीकृति के बने है। अधिकतर की निर्माण स्वीकृति एक सप्ताह के भीतर मिल गई। इस संबंध में अनेकों बार प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की गई परन्तु पार्षद प्रमोद सोनी का राजनैतिक दबाव होने के कारण निर्माण स्वीकृति नहीं मिल रही। दीपक धूड़िया ने कहा कि नियमानुसार अगर छह माह में नगरपरिषद निर्माण स्वीकृति नहीं देती है तो आवेदनकर्ता निर्माण करवाने के लिए स्वतंत्र होता है। इस पर उसने दो साल बीतने के बाद निर्माण स्वीकृति नहीं मिलने पर मकान का निर्माण आरम्भ किया तो पार्षद ने राजनैतिक पहुंच के चलते नगर परिषद के अधिकारियों को निर्माण कार्य रूकवाने के लिए भेज दिया। दीपक धूड़िया ने प्रशासन से गुहार लगाई कि उसे या तो मकान का निर्माण करने दिया जाए या नगर परिषद से निर्माण स्वीकृति दिलवाई जाए। उधर, वार्ड पार्षद प्रमोद सोनी ने कहा कि उनकी ओर से किसी भी तरह का निर्माण कार्य रोकने के प्रयास नहीं किए जा रहे। उन पर लगाए गए आरोप मिथ्या हैं। नगरपरिषद ने किस कारण से निर्माण स्वीकृति नहीं दी, यह अधिकारियों को पता है। मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं है।

## जागरण में नाचते हुए गिरने से युवक के सिर में चोट लगी, मौत

**हनुमानगढ़।** जिले के फेफाना गांव में आयोजित एक जागरण में नाचते समय युवक संतुलन बिगड़ने से गिर गया और उसके सिर तथा गर्दन पर गहरी चोट लगी। युवक को अस्पताल ले जाया गया लेकिन वह दम तोड़ गया। घटना की जांच कर रहे एएसआई इंद्राज ने बताया कि फेफाना ने परसों गुरुवार की रात को मौहल्ले के कुछ लोग देवता गोगा पीर का जागरण कर रहे थे। रात लगभग 10 बजे जागरण जब पूरे जोर-जोर से चल रहा था, तभी वार्ड नंबर 24 निवासी श्रवण धाणक (22) भजन कीर्तन की मस्ती में आकर नाचने झूमने लगा। इसी दौरान वह संतुलन को बैठने से गिर गया। उसका सिर फर्श से टकराया। उसके सिर और गर्दन पर गंभीर चोट लगी। श्रवण को नोहर के सरकारी अस्पताल में लाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिवार वाले उसे हरियाणा के सिरसा शहर के एक अस्पताल में ले जा रहे थे कि वह रास्ते में दम तोड़ गया। श्रवण के भाई ताराचंद धाणक (28) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर कल शुक्रवार को मर्ग दर्ज की गई।

# मोदी सरकार की नीतियों से ट्रांसपोर्ट सेक्टर खत्म होने के कगार पर

**» जनता ट्रैक्टर-ट्रॉली ऑपरेटर चालक यूनियन का सम्मेलन सम्पन्न**



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जनता ट्रैक्टर-ट्रॉली ऑपरेटर चालक यूनियन सीटू डबलीराठान का 14वां सम्मेलन शनिवार को सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मजदूर नेता रामेश्वर वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से एमवी एक्ट में तब्दीली कर हिट एंड रन कानून लाया गया है। इसका पुरजोर विरोध पूरे देश में वाहन चालकों की ओर से किया जा रहा है। इस कानून से कोई भी वाहन चालक अछूता नहीं रह पाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की नीतियों से ट्रांसपोर्ट सेक्टर खत्म होने के कगार पर है। मोदी सरकार बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों को इसका लाभ देना चाहती है। इन काले कानूनों से छोटे-छोटे ट्रांसपोर्टेशन खत्म हो जाएंगे और सारे देश के सड़क-परिवहन क्षेत्र पर बड़ी कंपनियों का एकाधिकार हो जाएगा। बड़ी कंपनियां अपनी मनमानी करेंगी। पूरे देश के करोड़ों चालकों और सहायकों का भयंकर शोषण होगा और वे बेरोजगार हो जाएंगे। इसलिए आने वाले समय में हनुमानगढ़ जिले में ट्रांसपोर्ट सेक्टर को मजबूत कर आंदोलन को और तीखा करने पर जोर देना होगा। सम्मेलन को सीटू जिलाध्यक्ष आत्मा सिंह, जिला महासचिव शेरसिंह शाक्य, जिला कोषाध्यक्ष बहादुर सिंह चौहान, अनाज मंडी यूनियन जिलाध्यक्ष मुकद्दर अली, बिन्द्रसिंह, शक्कूर खान, मक्खन सिंह, बलवीर ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात पांच सदस्यीय कार्यकारणी का चुनाव किया गया। इसमें गुरदेव सिंह अध्यक्ष, कालासिंह सचिव, भोलासिंह कोषाध्यक्ष, बिकर सिंह उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह सदस्य, प्रेम कुमार आमंत्रित सदस्य चुने गए।

# अव्वल रहे प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**» कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अभिरुचि शिविर का समापन**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में जंक्शन के सरस्वती कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में 17 मई से चल रहे कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अभिरुचि शिविर का समापन शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य प्रेरणा रस्तोगी ने की। मुख्य अतिथि सत्यपाल कूकना थे। अभिभावकों की मौजूदगी में प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इसके बाद स्पोकन इंग्लिश, नृत्य, ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, कंप्यूटर, योग और सिलाई आदि विधाओं में अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को कार्यक्रम अध्यक्ष और मुख्य अतिथि की ओर से पारितोषिक वितरण कर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि सत्यपाल कूकना ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासित जीवन जीने का संदेश दिया। स्काउट सीओ भारत भूषण ने बच्चों को स्काउट एवं गाइड से जुड़ने का आह्वान किया।

## स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़।** सदर थाना पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार स्थाई वारंटी की पहचान रोशन सिंह पुत्र जगराज सिंह बावरी निवासी चार एसएमएस पीएस खाजूवाला जिला बीकानेर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार स्थाई वारंटी रोशन सिंह की गिरफ्तारी के प्रयास 2020 से चल रहे थे। रोशन सिंह के खिलाफ सात मुकदमे चल रहे हैं।


किसी भी कंपनी का
जीवन स्वास्थ्य
गाड़ी प्रोपर्टी
बीमा कम से कम रेट
पर करवाने के लिए
सम्पर्क करें
विकास शर्मा
99585-95529
श्वेता शर्मा
97839-11999








# पुष्पा 2 से भिड़ेगी गेम चेंजर! बॉक्स ऑफिस पर खेल पलट देंगे राम चरण?




साउथ की कई बड़े सितारों की धमाकेदार फिल्में कतार से रिलीज होने के लिए तैयार हैं, ऐसे में उनके बॉक्स ऑफिस पर टकराव की संभावनाएं बन रही हैं। इससे पहले स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कई फिल्में रिलीज होनी थीं, जिसमें से अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2ः द रूल भी एक थी। हालांकि, शूटिंग में हुई देरी के चलते निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट को आगे खिसका दिया। पहले 15 अगस्त, 2024 को रिलीज होने वाली पुष्पा 2 अजय देवगन की सिंघम अगेन से भिड़ने वाली थी, लेकिन दोनों ही फिल्मों की रिलीज की तारीख को बदल दिया गया। पुष्पा 2 की रिलीज की तारीख भले ही बदली हो, लेकिन अभी भी यह फिल्म तय रिलीज डेट पर बाकी कई फिल्मों से भिड़ेगी, जिसमें से एक साउथ सुपरस्टार राम चरण की गेम चेंजर भी होगी। यह प्रशंसकों के लिए किसी झटके से कम नहीं है। पुष्पा 2ः द रूल इस साल के अंत में 6 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। वहीं, राम चरण की गेम चेंजर की रिलीज की तारीख का खुलासा होना बाकी है। प्रशंसक कई महीनों से फिल्म की रिलीज डेट के बारे में अपडेट मांग रहे हैं, लेकिन फिल्म की शूटिंग में हो रही देरी और बढ़ते बजट के कारण फिल्म को रिलीज करने की योजना का फिलहाल खुलासा नहीं किया गया है। वहीं अब खबर आ रही है कि गेम चेंजर अब पुष्पा 2 से आमना-सामना कर सकती है। राम चरण की मुख्य भूमिका वाली और शंकर द्वारा निर्देशित गेम चेंजर की शूटिंग पहले से ही चल रही है। यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म क्रिसमस के अवसर पर नजर गड़ाए हुए है। गेम चेंजर को पहले ही कई बार स्थगित किया जा चुका है और कई बार शूटिंग भी रोकी गई है, इसलिए, दिल राजू इस साल फिल्म को रिलीज करने के लिए उत्सुक हैं। अगर ऐसा होता है तो यह पहली बार होगा जब अल्लू अर्जुन और राम चरण बॉक्स ऑफिस पर एक-दूसरे से भिड़ेंगे। इससे पहले खबर आई थी कि पुष्पा 2 बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की फिल्म छावा से भी टकरा सकती है।



# फिटनेस फ्रीक हैं ये अभिनेत्रियां

बॉलीवुड अभिनेत्रियां खुद को फिट रखने के लिए काफी मेहनत करती हैं। कुछ अभिनेत्रियां फिट रहने के लिए योगा का सहारा लेती हैं, तो कुछ किक बॉक्सिंग और जिम का सहारा लेती हैं। दिशा पाटनी, कैटरीना कैफ, सोहा अली खान, कैटरीना कैफ और करीना कपूर के अलावा भी कई अभिनेत्रियां हैं, जो अपने आपको फिट रखने के लिए कड़ी एक्सरसाइज करती हैं।

## दिशा पाटनी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के फिटनेस रूटीन में कई तरह की एक्टिविटीज शामिल हैं, जिससे वो खुद को शेप में रखती हैं। इनमें किक बॉक्सिंग, योगा और स्विमिंग जैसी कई एक्टिविटीज शामिल हैं। दिशा को वेट ट्रेनिंग और डांसिंग का भी शौक है। देखा जाए तो किक बॉक्सिंग आजकल बॉलीवुड सेलेब्स के बीच काफी लोकप्रिय वर्कआउट बन चुका है।

## सोहा अली खान



हैवी एक्सरसाइज करने के बजाय सोहा अली खान अपनी फिटनेस को मेनटेन रखने के लिए स्पोर्ट्स एक्टिविटी करना ज्यादा पसंद करती हैं। बैडमिंटन खेलना, पिकल बॉल और रनिंग, जैसी सोहा की फेवरेट स्पोर्ट्स एक्टिविटीज में से हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सोहा ने एक इंटरव्यू में कहा था कि रनिंग करने से न सिर्फ आप फिट रहते हैं बल्कि आपकी हार्ट हेल्थ भी बूस्ट होती है।

## मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा कई बार अपनी फिटनेस के राज का खुलासा करते हुए बता चुकी हैं कि अपने दिन की शुरुआत अभिनेत्री योगा से करती हैं। उन्हें योग करना काफी पसंद है। मलाइका अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी एक्सरसाइज के वीडियोज साझा करती रहती हैं। खुद को फिट रखने के लिए मलाइका एक दिन भी योग को मिस नहीं करती हैं। इसके अलावा एक्सरसाइज भी उनकी डेली रूटीन का हिस्सा है।


## करीना कपूर खान



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार करीना कपूर खान अपने वर्कआउट रूटीन को कभी स्किप नहीं करती हैं। वह रोजाना वर्कआउट करना पसंद करती हैं। हालांकि, वह रोज अलग-अलग तरह की एक्सरसाइज करती हैं और बीच-बीच में ब्रेक भी देती हैं। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, योगा, ट्रेडमिल और कोर वर्कआउट, करीना के फिटनेस रूटीन में सब शामिल है। करीना दो बच्चों की मां हैं और इन्हीं एक्सरसाइज से वह इतनी फिट रहती हैं।

## कैटरीना कैफ

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कैटरीना कैफ जिम के अलावा अपनी हेल्दी डाइट का भी ख्याल रखती हैं। डाइट में कैटरीना उबली सब्जियां, रोटी, दाल और हरी सलाद शामिल करती हैं। कैटरीना ज्यादा तला-भुना खाना नहीं खाती हैं और चीनी का सेवन भी कम करती हैं। वह खूब पानी पीती हैं और हाइड्रेटेड रहने के लिए हर थोड़ी देर में कुछ ना कुछ पीती रहती हैं।



# बिग बॉस ओटीटी 3 का हिस्सा नहीं बनेंगी जॉर्जिया एंड्रियानी

पहली पत्नी मलाइका अरोड़ा से अलग होने के बाद अरबाज ने मॉडल-अभिनेत्री जॉर्जिया एंड्रियानी को डेट किया था। दोनों अक्सर मीडिया में स्पॉट होते थे, हालांकि दोनों का यह रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चल पाया। पिछले दिनों खबर आ रही थी कि जॉर्जिया बिग बॉस ओटीटी 3 का हिस्सा बनने वाली हैं। अभिनेत्री जॉर्जिया ने खुद इन अफवाहों पर विराम लगाया है। जॉर्जिया ने अब इसकी आधिकारिक पुष्टि कर दी है कि वह शो का हिस्सा नहीं बनेंगी। जॉर्जिया ने कहा मैं बिग बॉस हाउस में नहीं जा रही हूं।

# अजरबैजान में फिल्म विदा मुयार्ची की शूटिंग पूरी करेंगे अजित कुमार



अजित कुमार कॉलीवुड यानी तमिल सिनेमा के सुपरस्टार हैं। उनके चाहने वाले लाखों की संख्या में हैं। अपनी अदाकारी से उन्होंने दक्षिण भारत के साथ हिंदी पट्टी के लोगों के दिलों में भी खास जगह बनाई है। अभिनेता के प्रशंसकों को उनकी आगामी फिल्म विदा मुयार्ची की बेसब्री से इंतजार है।

## अजित कुमार अजरबैजान के लिए रवाना

यह कॉलीवुड की प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसमें अजित कुमार मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्देशन मगिज थिरुमेनी कर रहे हैं। इस बीच फिल्म से जुड़ी एक नई जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता अजित फिल्म अंतिम शेड्यूल की शूटिंग में शामिल होने के लिए अजरबैजान के लिए रवाना हो गए हैं। उन्हें आज सुबह (20 जून) चेन्नई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस फिल्म की लगभग 30 प्रतिशत शूटिंग अभी बाकी है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म को पूरा करने के बाद अभिनेता अजित गुड बैड अग्ली की शूटिंग शुरू करेंगे।





# देवरा में एनटीआर और जान्हवी के बीच दिखेगी शानदार केमिस्ट्री

देवरा इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की ये फिल्म लगातार सुर्खियां बटोर रही है। इस फिल्म में पहली बार ये जोड़ी पर्दे पर नजर आने वाली है, जिसको लेकर दोनों कलाकारों के फैंस काफी उत्साहित हैं। निर्माता भी इस बात से भली-भांति परिचित हैं, इसलिए दोनों कलाकारों के ऊपर फिल्म का एक रोमांटिक गाना शूट कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग इस देश में की जा रही है।

## थाईलैंड में चल रही है एक गाने की शूटिंग

फैंस को जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर के बीच शानदार केमिस्ट्री देखने को मिलने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलहाल फिल्म के एक गाने की शूटिंग थाईलैंड के खूबसूरत जगहों पर चल रही है। निर्माता इन दोनों की जोड़ी को बेहतर दिखाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहते। फैंस के लिए दोनों कलाकारों को इस गाने में एक साथ देखना किसी तोहफे से कम नहीं होगा।

## 27 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

बताते चलें कि देवरा का निर्देशन कोर्टला शिवा कर रहे हैं। यह जनता गराज के बाद उनकी दूसरी फिल्म है। जनता गराज में भी एनटीआर ने काम किया था। अब देवरा में वह एक खतरनाक अवतार में नजर आने वाले हैं। फिल्म में हिंदी फिल्मों के कलाकार सैफ अली खान और जान्हवी कपूर भी दिखेंगे। दोनों की यह डेब्यू तेलुगु फिल्म है। फिल्म की कहानी समुद्र के रास्ते में होने वाली तस्करी पर आधारित हो सकती है। फिल्म इस साल 27 सितंबर को रिलीज हो रही है।

# ऑल वी इमेजिन एज लाइट की जीत पर बोले नवाजुद्दीन



नवाजुद्दीन सिद्दीकी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रौतू का राज को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म वे एक पुलिस वाले की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इन दिनों वे अपनी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। जल्द ही उनकी यह फिल्म जी5 और ओटीटीप्ले प्रीमियम पर स्ट्रीम होने वाली है। रौतू का राज के प्रमोशन के दौरान उन्होंने अपने करियर के अलावा भारत में बन रही कम बजट की फिल्मों के भविष्य के बारे में भी खुलकर बातें करते नजर आए। ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों को समर्थन नहीं मिलता

नवाजुद्दीन सिद्दीकी बॉलीवुड में अलग किस्म की भूमिकाएं निभाने के लिए मशहूर हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि वे ऑल वी इमेजिन एज लाइट की जीत के बारे में क्या सोचते हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए अभिनेता कहते हैं, देखिए मैं सीधी और साफ बात कहूंगा ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में सराहा जाता है, लेकिन भारत में ऐसी फिल्मों को कोई सपोर्ट नहीं करता है। कान फिल्म फेस्टिवल ने इसे साबित कर दिया है।

## फिल्म निर्माता को मसाला फिल्म चाहिए

नवाजुद्दीन सिद्दीकी कई कम बजट की फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं। अभिनेता कहते हैं, मेरे पास कई युवा फिल्म निर्माता अपनी स्क्रिप्ट के साथ उनके पास आते हैं। वे अपनी कहानी को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं। मुझे उनकी कहानियां पसंद भी आती है, लेकिन उनमें से कई फिल्म बन नहीं पाती हैं क्योंकि फिल्म निर्माताओं को उनमें मसाला नहीं दिख रहा होता है। मैं जब ऐसी किसी कहानी के साथ फिल्म मेकर्स के पास जाता हूं तब वे कहते हैं नवाज भाई इसमें कोई एक्शन नहीं है, गाना नहीं है, ड्रामा नहीं है और फिर वह फिल्म बन ही नहीं पाती है।



# सनी सिंह को एक्शन डायरेक्टर के बेटे होने का बॉलीवुड में मिला फायदा?

कार्तिक आर्यन ने पिछले दिनों कहा था कि इंडस्ट्री में उनका कोई दोस्त नहीं है। जबकि कार्तिक के साथ प्यार का पंचनामा 2 और सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी फिल्मों में नजर आ चुके सनी सिंह का कहना है कि कार्तिक और उनकी दोस्ती बहुत अच्छी है। सनी इन दिनों फिल्म लव की अरेंज मैरिज में नजर आ रहे हैं।

**आपके साथ कई फिल्मों में स्क्रीन शेयर कर चुके कार्तिक आर्यन ने हाल ही में कहा कि इंडस्ट्री में मेरा कोई दोस्त नहीं है। क्या फिल्म इंडस्ट्री में दोस्त बनाना इतना मुश्किल है?**

मेरे और कार्तिक के बीच तो घर जैसी बात है। हम लोग एक ही ग्रुप के हैं, तो हम दोस्त भी बहुत अच्छे हैं। उसके अभी कुछ दोस्त बने होंगे, तो उसे लगा होगा कि शायद वैसी दोस्ती नहीं है। क्योंकि अब वो बिजी रहता है, इधर मैं भी बिजी रहता हूं। लेकिन हम लोगों की दोस्ती तो पहले जैसी ही है। हम जब भी मिलते हैं तो बहुत अच्छे से मिलते हैं और पास ही रहते हैं एक-दूसरे के। जब भी बात होती है तो वैसे ही होती है जैसे पहले होती थी। तो कुछ बदलाव नहीं आया है। मगर यह जरूर कहूंगा कि मेरे भी ज्यादा दोस्त नहीं हैं। यानी जो पुराने दोस्त हैं, वह हैं और जो ग्रुप हैं, बस उसमें दोस्त है। अब उतना वक्त मिलता नहीं है कि नए दोस्तों से मिलो या नए लोगों से दोस्ती करो।

**इंडस्ट्री में हमेशा इनसाइडर-आउटसाइडर की जंग चलती रहती है। कार्तिक ने भी इस बारे में बात की। क्या आपको अपने स्टंट डायरेक्टर पिता जय सिंह निज्जर का कुछ फायदा मिला?**

फायदा तो इस बात का ही मिला कि मैं बड़ा खुश हूं कि मैं उनका बेटा हूं और उन्होंने बहुत ही सामान्य रूप से अपनी शुरुआत की थी जहां उन्होंने एक फाइटर के रूप में काम किया था। फिर उन्होंने एक्शन डायरेक्टर के तौर पर काम किया जो बहुत मुश्किल है। तो हमें भी पापा के लिए बहुत कुछ करना होता है। लेकिन मुझे ये पता था कि ऑडिशन तो देना ही पड़ेगा। अगर आप लुक टेस्ट-ऑडिशन पर नहीं जा रहे हैं, अपने क्राफ्ट पर काम नहीं कर रहे हैं तो कोई भी फिल्ममेकर आपको फिल्म में नहीं लेगा। अगर आप अपनी कला पर मेहनत कर रहे हो तो आप ऐक्टर बनोगे। यहां कला सबकुछ है तो कोई मायने नहीं रखता कि आप किसके बेटे हो। मैंने तो खुद बहुत स्ट्रगल किया है। जब लगातार काम किया, अपने ऊपर और मेहनत की, तब जाकर हमें रोल मिले।

**आप फिल्म साइन करते हो तो क्या चीज सबसे ज्यादा मायने रखती है?**

मेरे लिए तो स्क्रिप्ट काफी मायने रखती है। अगर स्क्रिप्ट पढ़ते हुए आपको लग रहा है कि यह दर्शकों को पसंद आएगी और फिल्म उसी अंदाज में बन रही है तो ठीक है। उस कहानी को लिखा कैसा गया है, किस चीज पर लिखा गया है, यह सब बातें बहुत मायने रखती हैं। लेकिन एक परफॉर्मर के तौर पर आप एक्साइटेड तभी होते हो जब उसे अच्छे अंदाज में लिखा गया होता है। तो मेरे लिए स्क्रिप्ट बहुत मायने रखती है।

**आप फिल्म लव की अरेंज मैरिज में नजर आ रहे हैं। जब यह फिल्म सामने आई तो क्या कुछ चल रहा था मन में?**

मैं और इसके लेखक राज शांडिल्य दोस्त हैं तो हमारे बीच बहुत सारा डिस्कशन होता रहता है। जब इस फिल्म के बारे में बात हुई तो मैं बहुत एक्साइटेड था क्योंकि इसमें एक लव ट्रायंगल है जो बहुत फनी है। साथ ही राजपाल यादव सर, अनु कपूर जी और सुप्रिया पाठक जी जैसे बेहद शानदार कलाकार भी हैं। सभी ऐक्टर्स के लिए इस कास्ट के साथ काम करना सपने जैसा होता है। यह लोग कॉमिडी के लेवल को एक अलग ऊंचाई तक ले जाते हैं। फिल्म में जो लव ट्रांयगल दिखाया गया है, वह बहुत बढ़िया है। मैं हमेशा से ऐसी फिल्में करना चाहता हूं। साथ ही एक सिंगल पैरंट की कहानी दिखाई गई है। तो कई लेयर्स हैं जिन्हें जी5 पर देखने में मजा आएगा।

**आपका रिलेशनशिप स्टेटस क्या है? क्या किसी को डेट कर रहे हैं?**

अभी तो कोई ऐसा नहीं है। दरअसल मेरे घर वाले मुझ पर शादी के लिए दबाव नहीं डालते हैं। उन्हें हमेशा भरोसा रहा है कि जब भी ढूंढूंगा तो अपने हिसाब से तलाशूंगा। तो आज तक मुझे किसी ने नहीं बोला है। दोस्तों की ओर से भी कोई दबाव नहीं आया है।

**आपके आने वाले प्रोजेक्ट्स कौन से हैं?**

आने वाले दिनों में मैं रिस्की रोमियो में नजर आऊंगा। इस फिल्म को अबीर सेनगुप्ता ने डायरेक्ट किया है। इसके अलावा मैंने वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में काम किया है। साथ ही कई फिल्मों की मैंने शूटिंग की हैं। तो आने वाले दिनों में मैं कई प्रोजेक्ट्स में दिखूंगा।

# नशा और मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ा जन आंदोलन चलाया जाएगाः एसपी

तेज. रिपोर्टर | भादरा



स्थानीय पुलिस थाना परिसर में जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की कानून व्यवस्था, शांति एवं युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि पुलिस जनता के सहयोग के लिए है और हमारा हर समय यह प्रयास रहता है कि पीड़ित लोगों की मदद करते हुए उनको न्याय के दरवाजे तक पहुंचाया जाए। सांगवान ने कहा कि पूरे जिले में सामान्य प्रशासन के साथ मिलकर नशा और मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ा जन आंदोलन चलाया जाएगा जिसमें संपूर्ण समाज की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आगामी एक जुलाई से नई दंड संहिता भी लागू हो रही है उसके बारे में भी सामान्य लोगों को जागरूक करना हमारा कर्तव्य है ताकि उनको उन सामान्य कानूनो के बारे में पता चल सके, जो उनके लिए जरूरी है। बैठक में पार्षद मंजू पूनिया ने कहा कि भादरा क्षेत्र सीमावर्ती है और यहां से हरियाणा की तरफ जाने वाली गाड़ियां जो वापस आती है तो उनमें मादक पदार्थ और चीट्टा जैसे नशे की सामग्री होती है अतः हरियाणा से हमारे क्षेत्र में प्रवेश करने वाली सभी गाड़ियों एंबुलेंस आदि की सघन जांच होनी चाहिए। पार्षद हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि सीएलजी समिति को और अधिक समृद्ध बनाने पर विचार किया जाना चाहिए और पूरे जिले में सभी सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष और समाज की पैरवी पंचायती करने वाले गणमान्य लोगों को इसमें शामिल करना चाहिए ताकि पुलिस और समाज के बीच बेहतर संवाद का सेतु कायम हो सके। अयूब जमाला ने ट्रैफिक संबंधी समस्याओं से अवगत करवाया। एडवोकेट राजेंद्र जाखल ने कहा कि पुलिस थाना में पुलिस स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाए ताकि आम जनता पुलिस की ओर अधिक पकड़ हो सके। जिला सीएलजी के सदस्य अमर सिंह बेनीवाल और भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील बेनीवाल ने कहा कि बिना लाइसेंस के चल रहे होटल में अवैध और अनैतिक धंधे होते हैं उन पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने की जरूरत है। शिक्षक कालूराम गोस्वामी ने कहा कि कॉलेज और स्कूलों के बाहर सामाजिक तत्वों की रोकथाम के लिए सप्ताह में एक बार पुलिस की गस्त आवश्यक रूप से होनी चाहिए। पार्षद दयानंद खोखेवाला ने विदेश भेजने के नाम पर लगातार क्षेत्र में बढ़ रही ठगी और जालसाजी के विरुद्ध कार्य नीति बनाकर कार्यवाही करने की मांग की। बैठक में एडिशनल एसपी सुभाष चंद्र, पुलिस उपाधीक्षक सुभाष गोदारा, थाना प्रभारी हनुमान राम बिश्नोई, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष दिनेश सैनी, प्रदीप गोयल, पूजा पंवार ,सवाई सिंह शेखावत, पूर्व पार्षद लियाकत खा सहित गणमान्य नागरिक एवं पुलिस स्टाफ के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नए कानून की जानकारी देने के लिए पुलिस थानों में एक जुलाई को संवाद कार्यक्रम होंगे

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

राजस्थान के सभी पुलिस थानों में 1 जुलाई प्रातः 10 से 11 बजे तक एक संवाद कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसमें पुलिस मित्र, सीएलजी, ग्रामरक्षक, एसपीसी समेत इलाके के गणमान्य व्यक्ति व समाज सेवियों को शामिल करने के निर्देश जारी किए गये हैं। इन दिनों पुलिस द्वारा आगामी 1 जुलाई से लागू होने वाले नये काननों- भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में लगातार जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में 1 जुलाई को प्रत्येक थाने में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय एक घंटे के संवाद कार्यक्रम के बारे में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पंकज चौधरी ने बताया कि केन्द्र सरकार के अनुमोदन के उपरांत राज्य सरकार के निर्देश पर प्रमुख शासन सचिव गृह ने आदेश जारी किए हैं। इसकी पालना में राज्य के सभी थानों पर एक घंटे का कार्यक्रम रखा गया है। संवाद कार्यक्रम को प्रत्येक जिले के पुलिस अधीक्षक सुपरवाइज करेंगे। भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम को अधिसूचित किया गया है। आईपीएस पंकज चौधरी ने बताया कि उक्त सभी कानूनों के उपबंध 1 जुलाई को या उसके बाद घटित होने वाले अपराधों पर ही लागू होंगे। इन नए कानूनों का उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव, नागरिक केन्द्रित, अभियुक्त केन्द्रित, पीड़ित केन्द्रित कानून एवं कल्याणकारी अवधारणा, अभियोजन को मजबूती प्रदान करना, न्याय को नागरिक अनुकूल बनाना, उचित नियंत्रण और संतुलन के साथ पुलिस का सामंजस्यपूर्ण बनाना, प्रक्रियाओं की सरलता एवं संक्षिप्त ट्रायल को सरल बनाना, अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक (फोरेंसिक), डिजीटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के प्रावधान के साथ समयबद्ध प्रक्रिया का पालन किया जाना है। नए कानूनों में पुराने प्रचलित संहिताओं की धारा संख्या में परिवर्तन के साथ कई स्थानों में परिभाषाओं और प्रक्रियाओं में समयानुकूल परिवर्तन किए गए है। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106(2) को छोड़कर उपरोक्त तीनों संहिता / अधिनियम के सभी उपबंध संपूर्ण भारत में 1 जुलाई से लागू हो जाएंगे। इसका उद्देश्य आमजनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है।इसलिए नवीन कानून के बारे में हर आम और खास लोगों को जानकारी होना बहुत आवश्यक है। अपराधियों के लिए नए कानून में गंभीर सजा का प्रावधान किया गया है। समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए कड़े प्रावधान है। नए कानून में कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन एफआई आर दर्ज करवा सकता है। उल्लेखनीय है कि नए कानून लागू किए जाने से पहले पिछले काफी समय से पुलिस कर्मियों को इसके लिए प्रशिक्षण भी जोर-जोर से दिया जा रहा है।



मनुष्य के उत्कर्ष में
कला के वेभब का
बिंब उभरा
तो उसकी
कला सार्थक हुई
सीखने से पहले
झेहन की
चिंतन ही
वस्तुस्थिति का
मूल्यांकन करती है
चेतना की
दशा नई दिशा
पकड़ती
हर बिंब में
तलाश लेती है
परख की, क्षमता
ओर आकार ले
लेती है
एक नई विधा
हवा बादल ने
बना छोड़ी
स्थति मनुष्य के
मन स्थिति से
टकराई
उसे एक सुंदर
कृति नजर आई।
उन्हीं सधे हाथो ने
एक कैमरे की
क्लिक दबाई
हम सब को, मन भाई।
यही कृति का सार है
मेरे भाईस।

**ओम पारीक रावतसर**

# सैंकड़ों लोग प्रदर्शन करते रहे शिकारी जीवों का शिकार करते रहे

तेज. रिपोर्टर | जैतसर

निकटवर्ती गांव दो एलसी में बुधवार रात्रि हुए शिकार में मृत मिले दो हिरणों के शिकार के बाद आक्रोशित वन्यजीव प्रेमियों की ओर से हिरणों के शवों के साथ जैतसर-पदमपुर मार्ग पर लगाया गया अनिश्चित धरना गुरुवार एवम शुक्रवार शाम तक सड़क जाम कर सैकड़ो लोग प्रदर्शन करते रहे लेकिन धरना के इर्द गिर्द शिकारी लोग वन जीवों का शिकार करते रहे। जिससे धरने में बैठे लोगों में रोष बढ़ता रहा। शुक्रवार को शाम 7 बजे के करीबन वन विभाग के रायसिंहनगर के रेंजर अशोक सिंह व वनरक्षक तेजपाल सिंह के निलंबन के साथ ही वन्यजीव प्रेमियों की सभी मांगों को मान लिए जाने के बाद उठाया गया। लेकिन पहली घटना स्थल के इर्द गिर्द अपराधी लोग जीवों का शिकार करते रहे। धरने में लोगों ने अपने अपने विचार रखते हुए वनविभाग की लचर व्यवस्था पर रोष प्रकट किया। कालू थोरी ने एक स्वर में कहा कि वनविभाग की अधिकारियों की मिलीभगत से अपराधों को बढ़ावा मिलता है, गाय का शिकार करने पर सरकार तुरंत एक्शन लेती है, परंतु हिरण के शिकार पर समाज को संघर्ष करना पड़ रहा है। वहीं बिश्नोई युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अमित कड़वासरा ने बताया कि यह घटना वनविभाग की नर्सरी में हुई है। अब बताओं मूक वन्य जीव वनविभाग में ही सुरक्षित नहीं है तो जाएंगे कहां। अनिल बिश्नोई ने धरना प्रदर्शन पर जानकारी देते हुए बताया कि शिकार की घटनाएं लगातार हो रही है, वन्य जीवों के



शिकार की पहली घटना के विरोध में इधर सड़क पर धरना चल रहा वहीं खेतों में वन्य जीवों का शिकार अभी भी हो रहा हैं। धरने निकटवर्ती गांव 10 एनपी में दुसरी घटना के रूप में एक काले हिरण का लोहे का कुड़का लगाकर गुरुवार रात्रि को अज्ञात शिकारी लोगों ने शिकार का प्रयास किया। लेकिन मूक हरिण भाग कर घटना स्थल की ओर आ गया जिससे जीव प्रेमी लोगों ने देखकर घायल काले हिरण को पकड़ कर कुडका (लोहे का जाल ) को लोहे की आरी से काट कर अलग किया तथा घायल हिरण को उपचार के लिए डाबला मंदिर में निजी रेस्क्यू सेन्टर में छोड़ा गया है, जहां उपचार जारी है। अभी समझोता वार्ता पूरी नहीं हुई थी की तीसरी घटना के रूप में धरना के निकट गांव उड़सर की रोही में शुक्रवार को एक नीलगाय को गोली मार कर शिकार किया गया। लेकिन गोली की आवाज सुनकर जीव प्रेमी भाग कर आए तब शिकारी दूर से भाग गए। और मृत नीलगाय की रखवाली करने लग जब तक वन विभाग की टीम मौके पर नही आई। परंतु शिकारी इतने शातिर है की इस घटना में वनविभाग के पहुंचने से पहले शिकारी लोगों ने वन्य जीव प्रेमी लोगों पर झूठा मनगठत एससीएसटी का मुकदमा दर्ज करवा दिया। जिसकी जानकारी वन्य जीव प्रेमी अनिल बिश्नोई ने मौके पर उपखंड अधिकारी को दी। उन्होंने वनविभाग की टीम को धरना समाप्ति पर दोनों मामले को लेकर शीघ्र आरोपी अज्ञात शिकारी लोगों को पकड़ने का निर्देश दिया।

# चूरू नगर परिषद वार्ड 11 और पंचायत समिति वार्ड 8 के लिए दो-दो प्रत्याशी

चूरू। चूरू नगर परिषद के वार्ड 11 तथा चूरू पंचायत समिति के वार्ड 8 के सदस्य पद के लिए हो रहे उप चुनाव में दो-दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को नगर परिषद वार्ड एवं पंचायत समिति वार्ड के उप चुनाव के लिए चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। नगर परिषद के वार्ड 11 के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी समीरा भाटी (चुनाव चिन्ह - हाथ) तथा निर्दलीय खेरू निशा (चुनाव चिन्ह- सिलाई की मशीन) चुनाव मैदान में हैं। इसी प्रकार पंचायत समिति वार्ड 8 के लिए भारतीय जनता पार्टी के संजय कुमार (चुनाव चिन्ह- कमल) तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस के हरेंद्र कुमार (चुनाव चिन्ह- हाथ) चुनाव मैदान में हैं। दोनों ही उप चुनावों के लिए मतदान 30 जून को होगा।

# हेल्थ प्लस

## मूत्र मार्ग संक्रमण

**मूत्र मार्ग संक्रमण जीवाणु जन्य संक्रमण है जिसमें मूत्र मार्ग का कोई भी भाग प्रभावित हो सकता है। हालाँकि मूत्र में तरह-तरह के द्रव एवं वर्ज्य पदार्थ होते है किंतु इसमें जीवाणु नहीं होते। यूटीआई से ग्रसित होने पर मूत्र में जीवाणु भी मौजूद होते हैं। जब मूत्राशय या गुर्दे में जीवाणु प्रवेश कर जाते हैं और बढ़ने लगते हैं तो यह स्थिति आती है।**

**मूत्र** मार्ग 6 प्रमुख अंगों - दो गुर्दे, दो मूत्रवाहिनियों, मूत्राशय और यूरेथ्रा से मिलकर बना होता है। गुर्दे रक्त को साफकरके उसमें मौजूद अनुपयोगी या विषैले तत्वों को हटाकर मूत्र के ज़रिए शरीर से बाहर निकालने का काम करता है। सबसे पहले गुर्दा रक्त की सफाई करता है और सफाई के बाद जो गंदा तरल पदार्थ निकलता है वह मूत्रवाहिनी के रास्ते मूत्राशय में जमा हो जाता है। जब मूत्राशय पूरी तरह भर जाता है तब यूरेथ्रा पर दबाव पड़ता है, इसी वजह से मूत्र त्याग करने की जरूरत महसूस होती है। मूत्र के सामान्य प्रवाह में किसी भी प्रकार की रुकावट संक्रमण के लिए जिम्मेदार होती है जैसे गुर्दे की पथरी, बढ़ी हुई प्रोस्टेट या मूत्र मार्ग में किसी भी प्रकार का संरचनात्मक विकार। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में संक्रमण का खतरा ज्यादा होता है क्योंकि उनका मूत्रमार्ग छोटा होता है और योनि के पास होने से जीवाणु आसानी से मूत्रमार्ग में प्रवेश कर जाते है। गर्भावस्था में भी मूत्रमार्ग के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है जिसका सीधा असर बच्चे पर पड़ता है। इस कारण से बच्चा समय से पहले और कम वजन का हो सकता है।

### प्रमुख लक्षण

- मूत्रमार्ग में जलन। गुप्तांग में खुजली।
- बार-बार पेशाब त्यागना।
- पेशाब करते वक्त दर्द होना।
- मूत्र में से दुर्गंध आना।
- कभी-कभी मूत्र के साथ रक्त का आना।
- कंपकपी के साथ बुखार आना।
- भूख न लगना।
- कमजोरी और थकान महसूस होना।
- बच्चे का कद और वजन न बढ़ना।

### निदान



इस संक्रमण का पता करने के लिए कई प्रकार के परीक्षण हैं, इनमें सबसे ज़्यादा महत्वपूर्ण है मूत्र का विश्लेषण करना। जाँच के लिए मूत्र का नमूना भेजा जाता है। उसमें अगर बैक्टीरिया और श्वेत रक्त कोशिकाओं की मौजूदगी से मरीज के संक्रमण से ग्रसित होने का पता लगता है।.इसके अलावा भी कई जाँचें कराई जा सकती हैं जैसे टोटल ब्लड काउंट, इंट्रावीनस पायलोग्राम (आईवीपी), सीटी स्कैन और ब्लड कल्चर।


### उपचार

मूत्र मार्ग संक्रमण का उपचार इस बात पर निर्भर करता है कि संक्रमण कौन से रोगजनक कीटाणु पैदा कर रहे है और वो कौन-सी दवाइयों के लिए संवेदनशील है। इलाज के लिए मुख्य रुप से एंटीबायोटिक दवाएँ दी जाती हैं।

### बचाव

- संक्रमण से बचने के लिए शरीर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। टॉयलेट हमेशा साफ-सुथरा रखें।
- खानपान की स्वच्छता का ध्यान रखना भी ज़रुरी है। गंदी जगह पर बनाया गया खाना खाने से भी यह परेशानी हो सकती है।-खाने का संक्रमण खून में मिल जाता है इसलिए उससे भी मूत्र मार्ग में संक्रमण हो सकता है।
- पानी और तरल पदार्थों का सेवन अधिक मात्रा में करना चाहिए।
- हमेशा सूती कपड़े के इनरवेयर ही पहनने चाहिए।

सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि जैसे ही संक्रमण का कोई-भी लक्षण महसूस होने पर तुरंत डॉक्टरी सलाह लें। देर करने से ये संक्रमण बढ़कर ऊपर गुर्दों तक पहुँच कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर सकता है।



## इतना जरूर करें कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए

**जो** अपनी जीवनशैली में परिवर्तन नहीं कर पा रहे हैं या जिनकी नौकरी ही इस तरह की है कि वे चाहकर भी नियमित कसरतें नहीं कर पाते हैं उन्हें अपने खानपान में थोड़ा परिवर्तन करना चाहिए। उदाहरण के तौर पर मैदे के बने हुए ब्रेड या बन्स के बजाए मल्टी ग्रेन ब्रेड का विकल्प तलाशा जा सकता है।

### साबुत अनाज

हाल ही में हुए एक अध्ययन से यह बात सामने आई है कि जिन लोगों के भोजन में साबुत अनाज जैसे अंकुरित धान्य, दलिया वगैरह शामिल है उनकी कोरोटाइड आर्टरी की दीवार पतली रहती है, साथ ही इनमें मोटापन बहुत धीमी गति से आता है। कोरोटाइड आर्टरी जितनी अधिक लचीली होगी दिल और दिमाग के दौरे पड़ने की आशंका उतनी ही कम होगी। कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ रहेगा तो कोरोटाइड आर्टरी की दीवार मोटी और सख्त बन जाएगी।



### पिस्ता, अखरोट, बादाम

अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के जर्नल में एक शोध अध्ययन प्रकाशित हुआ है जिसके मुताबिक पिस्ता खाने से खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर घट जाता है। भारी वसा युक्त भोजन के बाद खाए गए अखरोटों से आपके दिल को संभावित खतरों से बचाया जा सकता है। पिस्ता,अखरोट और बादाम में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स वसायुक्त भोजन में मौजूद सैचुरेटेड फैट्स से आर्टरीज को होने वाले नुकसान की भरपाई कर सकता है।

### अनार का रस...

अनार का रस कोलेस्ट्रॉल के थक्के बनाना कम कर देता है, नाइट्रिक ऑक्साइड का उत्पादन बढ़ा देता है। नाइट्रिक ऑक्साइड से आर्टरीज में जमे थक्के कम होने में मदद मिलती है।

### ओट्स...

इसे सामान्य भाषा में जई भी कहते हैं। इसमें बीटा ग्लूकेन नामक रसायन होता है जो खराब कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) को रक्त नलिकाओं से हटा देता है। इसे बनाना बहुत आसान है और प्राय: सभी बड़े स्टोर्स में मिल जाता है।

### खाद्य तेल...

किसी भी एक तरह के खाद्य तेल पर निर्भर न रहें। हमेशा उसे बदलते रहें। तिल्ली, मूँगफली, सरसों, खोपरे का तेल, सोयाबीन, बिनौले और राइसब्रान को बारी-बारी से इस्तेमाला कर सकते हैं। खाद्य तेल की मात्रा कम की जा सकती है। उदाहरण के तौर पर यदि सब्जियाँ दो चम्मच तेल में छौंकी जा रही हैं तो उसे घटाकर एक चम्मच पर लाया जा सकता है। नॉन स्टिक कुक वेअर इसमें आपकी मदद कर सकते हैं। ऑलिव ऑइल को भी खाद्य श्रृंखला में शामिल किया जा सकता है। बाजार में ऐसा ऑलिव ऑइल भी उपलब्ध है जिसमें भारतीय भोजन शैली के अनुरूप तला भी जा सकता है।

### अलसी का तेल...

इस तेल के उपयोग से उच्च रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है। अध्ययनों से से पता चला है कि जिन मध्य आयुवर्ग के पुरूषों ने आठ ग्राम अलसी के बीच नियमित रूप से खाए उनका रक्तचाप कम हुआ।

### काला सोयाबीन...

कोलेस्ट्रॉल घटाने के लिए कई तरह के खाद्य पदार्थों को आहार श्रृंखला में शामिल करना चाहिए। केवल कुछ चुनिंदा खाद्य पदार्थों के खाने भर से कोलेस्ट्रॉल के स्तर में कमी नहीं होती। नियमित कसरतों को भी जीवनशैली में शामिल करना होगा। आईटी उद्योगों से जुड़े कई संस्थान अपने परिसर में ही जिम्नेशियम उपलब्ध कराते हैं। कर्मचारी अपनी सुविधानुसार कसरत कर सकते हैं। ऑफिस के कैंटीनों में भी हैल्थ फूड लोकप्रिय होते जा रहे हैं।

साइंस ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर, अमेरिका के जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक काले सोयाबीन का उपयोग करने से मोटापा कम होता है। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल, साथ ही टाइप-2 डायबिटीज का जोखिम भी कम हो जाता है।

### दही है महत्वपूर्ण...

सबसे अंत में और सबसे महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ है दही जो खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में आपकी मदद करता है। दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स लैक्टोबैसिलियस एसिडोफिलिस कोलेस्ट्रॉल के स्तर को घटाने में मददगार साबित होता है। खाद्य पदार्थो का सतर्कतापूर्वक चयन करने के साथ नियमित कसरत से कुल कोलेस्ट्रॉल बढने के जोखिम से बचा जा सकता है।

### क्या होता है खराबा कोलेस्ट्रॉल...

एलडीएल या खराब कोलेस्ट्रॉल वसा का बह थक्का होता है जो नसों की दीवार पर चिपक जाता है तथा उसे और सख्त बना देता है। थक्के की वजह से रक्त नलिकाओं का आकार सिकुड़ जाता और उचित मात्रा में रक्त का प्रवाह होना चाहिए वह नहीं हो पाता। खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करने के लिए औषधियों के साथ उचित आहार एवं नियमित कसरतें भी करना जरूरी है।

## महिलाओं में अंडा बनने की असीमित शक्ति



**वैज्ञानिकों** ने दावा किया है कि महिलाओं के गर्भाशय में असीमित समय तक अंडाणुओं का निर्माण होता रहता है और एक समय ऐसा आएगा जब उनके लिए अधिक उम्र में भी मां बनना संभव हो सकेगा। अमेरिका में मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल की अगुवाई में वैज्ञानिकों के एक दल ने पाया है कि महिलाओं के गर्भाशय में स्टेम सेल होते हैं जिनकी मदद से लैग में अपने आप अंडाणुओं का निर्माण किया जा सकता है।

पहले ऐसा माना जाता रहा है कि महिलाओं में जन्म के समय ही तय हो जाता है कि उनके गर्भाशय में कितने अंडाणु होते हैं और ये रजोनिवृत्ति के चरण तक पहुंचते-पहुंचते धीरे-धीरे कम होना शुरू हो जाते हैं। लेकिन मुख्य शोधकर्ता ने कहा है कि नया शोध इस पुरानी मान्यता को ध्वस्त करता है । सबसे पहले इस संबंध में 2004 में चूहों पर शोध किया गया था। नेचर जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया है कि वैज्ञानिकों ने उन मानवीय स्टेम सेल की पहचान करने और उन्हें हासिल करने में सफलता हासिल की है जो अंडाणु में परिवर्तित होते हैं क्योंकि इन सभी में एक अनोखा प्रोटीन डीडीएक्सफोर होता है। जब इन्हें लैब में बनाया गया तो ये अपने आप अपरिपक्व अंडाणुओं में तब्दील हो गए। ये कोशिकाएं जीवंत मानवीय गर्भाशय ऊतकों के संपर्क में आने पर परिपक्व हो गई जिन्हें चूहों में रोपा गया था।

# पेपर लीक से छात्रों में भारी नाराजगी



संजय गोस्वामी

**एनटीए और केंद्र को नोटिस जारी करते हुए अदालत ने कहा कि 0.001 प्रतिशत की लापरवाही से भी पूरी तरह निपटा जाना चाहिए यानी कोई सहनशीलता नहीं।, नीट भारत की मेडिकल और संबद्ध शिक्षा क्षेत्रों के लिए मुख्य प्रवेश परीक्षा है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी हर साल परीक्षा आयोजित करती है। इस संबंध में अगर इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं किया गया तो भविष्य में किसी भी परीक्षा पर भरोसा नहीं रहेगा।**

पिछले 15दिनों से देशभर में लाखों युवा उबल रहे हैं। इसके चलते एनटीए (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (नीट)-यूजीसी में बड़े पैमाने पर धांधली और अनियमितता की आशंकाएं जताई जा रही हैं। भारत के सभी मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए हर साल नीट (नीट)-यूजीसी परीक्षा आयोजित की जाती है। सबसे प्रतिष्ठित एनआईटी और एनईई प्रवेश परीक्षा भी एनडीआरएफ द्वारा आयोजित की जाती है। 2019 में एनटीए (एनटीए) के गठन से पहले यह परीक्षा सीबीएसई द्वारा ऐआईपीएमटी के नाम से आयोजित की जाती थी। सीएमई ईटी और पीएमडीएम परीक्षाएं भी अलग-अलग राज्यों में राज्य सरकारों द्वारा आयोजित की जाती थीं। पूरे देश में एक समान परीक्षा आयोजित करने और छात्रों को अलग-अलग परीक्षाओं के लिए आवेदन न करना पड़े, इसके लिए भारत सरकार ने 2017 में एनटीए (एनटीए) का गठन किया, जिसने 2019 की परीक्षाओं से काम करना शुरू कर दिया सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश शुल्क लगभग 1 लाख रुपये है।, जबकि निजी मेडिकल कॉलेजों में यह प्रवेश शुल्क लगभग 25 -50 लाख रुपये है। इसलिए मध्यम वर्ग के परिवार सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एनटीए( एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (नीट)-यूजीसी से सीधे अध्ययन कर सकते हैं और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश ले सकते हैं। इस वर्ष यह परीक्षा 5 मई, 2024 को आयोजित की गई थी, जिसमें 23.81 लाख छात्र उपस्थित हुए थे। यह भारत की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। परीक्षा में बैठने के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 9 मार्च, 2024 थी, जिसे बढ़ाकर 16 मार्च, 2024 कर दिया गया। दुख की बात है कि इसे लगभग 15 महीने के लिए बढ़ा दिया गया और आवेदन पत्र भी 9-10 मार्च को लिया गया। इस तरह के अध्ययन किए गए लेकिन इसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। परीक्षा में आवेदकों की संख्या लगभग 24000 थी। क्या यह अध्ययन किसी विशेष वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया था? यह उम्मीद की जाती है कि कुछ उम्मीदवारों को अनुचित तरीकों से उसी परीक्षा में अनुचित लाभ दिया गया था। परीक्षा 5 मई, 2024 को आयोजित की गई थी और उसी दिन पडाना से पेपर लीक होने की खबर आई। इस परीक्षा का परिणाम 14 जून 2024 को घोषित होना था, लेकिन अरुणाचल प्रदेश में इसे 4 जून 2024 को घोषित किया गया। यह महज संयोग नहीं है कि 4 जून को ही भारत लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने थे और उसी दिन परिणाम घोषित किए गए। पूरे मीडिया का इस पर ध्यान केंद्रित होना स्वाभाविक था। शायद ऐसा इसलिए किया गया था ताकि उस दिन परिणाम घोषित होने से जो भी गड़बड़ हो, उस पर कोई ध्यान न दे। जब परिणाम घोषित हुआ, तो देखा गया कि 67 छात्रों ने प्रथम रैंक प्राप्त की। पिछले वर्षों में, दो या तीन छात्रों ने प्रथम रैंक प्राप्त की है। इन 67 छात्रों ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए। घोषित परिणामों के अनुसार, 718 और 719 अंक भी छात्रों ने प्राप्त किए, जो परीक्षा की




योजना के अनुसार असंभव था। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक मिलते हैं और गलत उत्तर के लिए भी एक अंक जब्त कर लिया जाता है यदि कोई व्यक्ति सभी 180 प्रश्नों के सही उत्तर देता है तो उसे 720 अंक मिलते हैं और यदि उनमें से एक भी गलत है तो उसे 715 अंक मिलते हैं। यदि कोई व्यक्ति एक भी प्रश्न का गलत उत्तर देता है तो उसे 716 अंक मिलते हैं। किसी भी स्थिति में 718 और 719 उपलब्ध नहीं थे। जब इस संबंध में काफी हो-हल्ला मचा तो एनडीए ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ऐसे छात्रों को सॉलिड मार्जिन दिया गया था। बाद में बताया गया कि केवल 1563 छात्रों को परीक्षा में समय पर अंक दिलाने के लिए सॉलिड मार्जिन दिया गया था। गौरतलब है कि स्लीपर परीक्षा में सॉलिड मार्जिन देने का कोई प्रावधान नहीं है। सॉलिड अंक देने का उल्टा असर क्यों हुआ, इसे समझने के लिए एक उदाहरण देना उचित होगा। 720 में से 720 अंक पाने वाले 67 छात्रों में से सॉलिड मार्क्स जोड़ने के बाद यह 720 अंक हो गए और फाइनल रिजल्ट आ गया। मजे की बात यह है कि छात्र ने सभी सवालों के जवाब दिए थे, जिससे यह साफ है कि सुनवाई के समय उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया। उस दिन छात्र अपनी बात पर अड़ा रहा लेकिन कोर्ट में सुनवाई के दौरान उसने खुद कहा कि उसे सॉलिड मार्क्स दिए जाएंगे। इन 1563 छात्रों के लिए 23 जून को दोबारा परीक्षा होगी, जिसमें बैठने और बैठने का निर्धारण होगा। 30 जून को रिजल्ट घोषित किया जाएगा। इसके बाद दोबारा रैंकिंग घोषित की जाएगी। जो परीक्षा में शामिल नहीं होना चाहते, उनके मूल अंक माने जाएंगे। यह समाधान सिर्फ 1563 छात्रों को दिया गया, जबकि हकीकत में देश में कई ऐसे संस्थान थे, जहां समय पर पढ़ाई होती थी, लेकिन वहां पर भी काफी देर बाद परीक्षाएं होती थीं, जो सही भी था। इससे ज्यादातर लोग असंतुष्ट हैं और इसीलिए उनका आंदोलन और आंदोलन जारी है। यहां दो-तीन अन्य विसंगतियों का जिक्र करना उचित होगा। गुजरात में, गोवा में एक परीक्षा संस्थान था धरा, जलाराम स्कूल। इस स्कूल और हॉल में 30 छात्र बैठे थे। यहां से परीक्षा देने वाले छात्र झारखंड, कर्नाटक, ओडिशा आदि से थे। इन छात्रों से एजेंटों ने 10-10 लाख रुपये वसूले और अधिक उत्तर दिलाने का वादा किया गया था। यहां परीक्षा सीसीडीवी की देखरेख में हुई लेकिन परीक्षा के बाद शिक्षकों की मदद से यह किया जाना था कि सभी ओएमआर शीट अलग से ली जाएं और पढ़ने से पहले उनमें सभी सही उत्तर भरे जाएं। यह उम्मीदवारों के साथ किया गया और उन्हें अपनी ओएमआर शीट खाली छोड़नी थी। अगर वह अपने प्रयास में सफल हो जाते तो तमाम प्रयासों के साथ यह केंद्र नष्ट हो सकता था। यह जिला प्रशासन की सतर्कता और तत्परता थी कि उन्होंने समय रहते इस पर कार्रवाई की और स्कूल के प्रिंसिपल और अन्य शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया। वहां से और शिक्षकों से 7.60 लाख रुपये बरामद परीक्षा से एक रात पहले 20-20 लाख रुपये देने वाले छात्रों को प्रश्न पत्र बता दिए गए और उनके उत्तर भी रद्द कर दिए गए ताकि वे अगले दिन परीक्षा में सभी प्रश्नों के सही उत्तर दे सकें। यही कारण है कि वे डोपर बन गए। अनियमितताओं, मिलीभगत, पेपर लीव आदि के जितने मामले सामने आ रहे हैं, उसे देखते हुए इस पूरी परीक्षा को ढोंग कहा जाए तो गलत नहीं होगा। कहावत है कि दाल में वाला होता है, लेकिन नींद की इस परीक्षा में तो ऐसा लगता है कि पूरी दाल ही वाला है। जब पूरी दाल ही वाला हो तो उसे पैसे देना ही एकमात्र उपाय है। यही बात नींद की इस परीक्षा में भी लागू होती है। अध्यक्ष महोदय, खासकर प्रधानमंत्री को इस महत्वपूर्ण मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। पूरी नींद की परीक्षा रद्द कर देनी चाहिए और दोबारा नींद की परीक्षा करानी चाहिए। और सभी यूनिवर्सिटी प्रोफेसरों को बर्खास्त कर उनकी जांच सीबीआई से करानी चाहिए और उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करना चाहिए। विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार नीट यूजी 2024 पेपर लीक मामले की जांच बिहार की आर्थिक अपराध इकाई कर रही है. मामले में पटना से चार अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है. वहीं पूछताछ के लिए 9 अभ्यर्थियों को 18 और 19 जून को बुलाया गया है. इनमें 7 लड़कियां भी शामिल हैं. नीट यूजी परीक्षा का आयोजन 5 मई को किया गया था. रिजल्ट 4 जून को घोषित किया गया था. तब से नीट यूजी परीक्षा को लेकर बवाल चल रहा है. बिहार आर्थिक अपराध इकाई को जांच में अब तक पेपर लीक के कई सूबत मिले हैं. इकाई के अनुसार नीट यूजी परीक्षा से एक दिन पहले 4 मई को अभ्यर्थियों को पटना एयरपोर्ट के सामने स्थित ठल्ऌअ गेस्ट हाउस में कई अभ्यर्थियों को पेपर मिल गए थे. मामले में गिरफ्तार अभ्यर्थी अनुसार भी इसी गेस्ट हाउस में रुका था.जांच में यह भी सामने आया कि अभ्यर्थियों को गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 404 में 4 मई को रोका गया था. इकाई ने करीब 35 अभ्यर्थियों को एग्जाम से पहले पेपर मिले की आशंका जताई है. वहीं पेपर के बदले 30-30 लाख रुपए देने की बात भी सामने आई है.जांच के दौरान पटना में एक किराए के मकान से विभिन्न बैंको के दर्जन भर एडीएम कार्ड और पासबुक भी जब्त किए गए हैं. अब तक बिहार से 13 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है.जिन अभ्यर्थियों को पटना से गिरफ्तार किया गया है. उनमें अनुराग यादव को 185 नंबर, आयुष राज को 300 नंबर, अभिषेक को 581 नंबर और शिवनंदन कुमार 483 नीट यूजी परीक्षा में मिले हैं. वहीं रिजल्ट जारी होने के बाद परीक्षा में अभ्यर्थियों ने कहा था कि एग्जाम में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है.9 अभ्यर्थियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है. ये सभी कैंडिडेट यूपी, बिहार और महाराष्ट्र के हैं. सन्नी, नागवाड़े, प्रिया, अलीशा, प्रवीण, अमित कुमार को पेपर लीक मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है.यह भी एक बड़ा सवाल है कि इस मामले के कारण सभी परीक्षाओं और स्कूलों की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में आ गई है। लाखों छात्रों का भविष्य खतरे में है। अगर पैसे देकर कोई डॉक्टर बन जाएगा और प्रतिभाशाली छात्र प्रवेश से वंचित रह जाएंगे तो उस देश का भविष्य क्या होगा? वे प्रतिभाशाली छात्र, उनके गरीब माता-पिता, किसी तरह अपना खेत और जमीन गिरवी रखकर, अपनी मां के गहने बेचकर, अपने बच्चों और अपने परिवार का पालन-पोषण करके किसी तरह गुजारा करते हैं और इस प्रक्रिया में वे अपनी बेटी के लिए दो लाख रुपये जुटा पाते हैं। जब वे कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद इस उम्मीद से इस परीक्षा में बैठते हैं कि वे अधिक अंक लाएंगे और चिकित्सा विज्ञान में प्रवेश पा लेंगे, तो भारतीय तत्वों और पूरी व्यवस्था के प्रयासों के कारण वे निवेश से वंचित रह जाते हैं और अन्य लोग केवल पैसे के आधार पर चिकित्सा विज्ञान में प्रवेश पा लेते हैं, तो यह सबसे बड़ी विडंबना है।

## संपादकीय

### तार्किक हो कोटा

पटना हाई कोर्ट ने 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किए गए राज्य सरकार के आरक्षण को रद्द कर दिया है। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली बिहार सरकार को तगड़ा झटका माना जा रहा है। यह दलितों, पिछड़े वर्गों व आदिवासियों को सरकारी नौकरियों व शिक्षण संस्थानों में दिया जा रहा था। बिहार की तत्कालीन महागठबंधन सरकार द्वारा बीते साल नवम्बर में जाति गणना के आधार पर इन वर्गों के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने का कानून बनाया गया था। अदालत ने विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई के बाद इस बढ़ी आरक्षण सीमा को संविधान के अनुच्छेद 14, 16 व 20 का उल्लंघन बताया। जैसा कि शीर्ष अदालत पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि कोई भी राज्य सरकार 50 प्रतिशत की तय सीमा से अधिक कोटा नहीं लागू कर सकती है, जबकि बिहार में आर्थिक रूप से पिछड़ों के लिए 10 फीसद मिलाकर यह आरक्षण 75 प्रतिशत पहुंच गया था। अदालत का मानना है कि बिहार में कुल जनसंख्या के केवल 1.57 प्रतिशत लोग ही सरकारी नौकरियों में हैं। जनसंख्या के अनुपात में सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व भी पर्याप्त बताया जा रहा है। हालांकि राज्य सरकार इस आदेश के खिलाफ सबसे बड़ी अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में है। दरअसल, जैसा नजर आता है कि आरक्षण अब राजनीतिक पार्टियों के लिए जनता को फुसलाने का साधन मात्र रह गया है। उनका ध्येय समाज में व्याप्त गैर-बराबरी को मिटाना नहीं रहा। वे मतदाताओं को बड़ी तादाद में प्रभावित करने के उद्देश्य से व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करते नजर आते हैं। तमाम अगड़ी जातियां मानती हैं कि आरक्षण के चलते नौकरियों क लाले पड़ रहे हैं। वे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के प्रभावित होने का रोना भी रोती रहती हैं, परंतु यह भी गलत नहीं है कि हमारी सामाजिक व्यवस्था में विभिन्न जातियों/समुदायों को जबरदस्त अन्याय सहना पड़ा है। उनके लिए कोटा तय कर, उन्हें सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक तौर पर बराबरी पर लाने के प्रयासों पर अड़चनें लाने उचित नहीं है। यूं तो अन्य राज्यों में भी सत्ताधारी दल लाभ के लोभ में कोटा बढ़ाते रहने को उतावले हो सकते हैं। इसलिए बिना देरी किए, इस पर लगाम लगाना लाजमी है।

## चिंतन-मनन

### ध्यान-तन्मयता का नाम समाधि

ध्यान के द्वारा परिवर्तन तभी संभव है जब ध्यान में जाने के लिए गहरी आस्था हो।

आस्था का निर्माण हुए बिना ध्यान में जाने की क्षमता अर्जित नहीं हो सकती। कुछ व्यक्तियों में नैसर्गिक आस्था होती है और कुछ व्यक्तियों की आस्था का निर्माण करना पड़ता है। आस्था पर संकल्प का पुट लग जाए और अनवरत अभ्यास का प्रम चलता रहे तो आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। अभ्यास ऐसा तत्व है जो साधना की श्रृंखला को बराबर जोड़े रखता है। अभ्यास की धारा टूटने से सफलता संदिग्ध हो जाती है। आस्था, संकल्प और अभ्यास इन तीन तत्वों के अधिगत हो जाने के बाद साधक में आत्मानुशासन का विकास हो जाता है। यह अनुशासन आरोपित नहीं होता, सहज स्वीकृत होता है। इस अनुशासन में संयम के विकास की अनिवार्यता है।

संयम से हमारा प्रयोजन है तन्मयता से। यह तन्मयता ही भावक्रिया है। केवल त्याग-प्रत्याख्यान से संयम नहीं सध सकता। त्याग-प्रत्याख्यान भी साधना का एक प्रकार है, किंतु उसमें पूर्णता नहीं है। साधना में पूर्णता लाने के लिए संयम के साथ भावक्रिया का होना नितांत अपेक्षित है।

पूर्ण संयम का विकास तब हो सकता है, जब पदार्थ-प्रयोग से मन विरत हो। इसे इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि संयम के प्रति रति होने से पदार्थ-भोग के प्रति अरति हो जाती है। अनुराग से विराग का होना एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है। बच्चे के हाथ से किसी वस्तु को छुड़ाने के लिए उसे किसी दूसरी वस्तु के प्रति आकृष्ट करना होता है।

अन्यथा वह उसे छोड़ नहीं सकता। पदार्थ-विरति भी उसी क्षण घटित हो

# चीन के खिलाफ आक्रामक विदेश नीति जरूरी

'शठे शाठ्यं समाचरेत्' अर्थात दुष्ट के साथ दुष्टता का ही व्यवहार करना चाहिए। यह नीति भारत को अपने पड़ोसी व साम्राज्यवादी देश चीन के बारे में अपनानी चाहिए। चीन कभी भारत का विश्वसनीय पड़ोसी नहीं रहा है। नेहरू काल के दौरान चीन 'हिंदी चीनी भाई भाई' का नारा देकर 1962 में भारत के साथ विश्वासघात भला कौन भूल सकता है। भारत की सीमा पर घुसपैठ अथवा जमीन पर कब्जा करना चीन की फितरत में रहा है। भारत की लगातार चेतावनी के बावजूद वह एलएसी का न केवल उल्लंघन करता रहा है बल्कि अरुणाचल प्रदेश पर दावा करता रहा है। इसके लिए उसने साम, दाम, दंड, भेद की नीति का पालन किया। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में हाल ही में रियासी में श्रद्धालुओं की बस पर हमला किया गया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में लगातार हमले बढ़े हैं। इसके पीछे भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इन हमलों में पाकिस्तान और चीन की संयुक्त साजिश नजर आ रही है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 4 से 8 जून के बीच कई दौर की लंबी-लंबी बैठकें की थीं। इस दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने कश्मीर पर चर्चा की। दोनों की मुलाकात के बाद ही जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले भी बढ़े हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियों को इसमें पाकिस्तान और चीन की साजिश दिख रही है।

भारत ने लगभग 60 हजार राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों को इस्टर्न लद्दाख में विभिन्न स्थानों पर तैनात किया है। एलएसी पर भारतीय सेना की भारी संख्या में तैनाती से चीन बौखलाया जरूर है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, सेना का ध्यान भटकाने के लिए जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकी वारदात बढ़ाई जा रही है। हालांकि भारत के कड़े रुख के चलते चीन अपनी मंशा में सफल नहीं हो पाया, लेकिन इसी वर्ष जिस तरीके से उसने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने के लिए इस राज्य में एलएसी के पास 30 स्थानों के नाम बदल दिए, वह अत्यंत चिंताजनक है। भारत ने भी उस पर जवाबी कार्यवाही करते हुए तिब्बत के 30 स्थानों के नाम बदलने की तैयारी कर ली है। भारत इन नामों कभी भी सूची जारी कर सकता है।

भारत का मानना है कि ऐसा करने से चीन को उसी की भाषा में जवाब दिया जा सकेगा। सवाल यह है कि क्या ऐसा करने से चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना अधिकार जताना बंद कर देगा? क्या जो वह भारतीय सीमा पर लगातार घुसपैठ करता है, उसे बंद कर देगा? शायद चीन को इससे बहुत अधिक फर्क नहीं पड़ेगा। अगर चीन को सही मायने में जवाब देना है तो तिब्बत के महज नाम बदलने से बात नहीं बनेगी। उसको अधिक आक्रामक तरीके से जवाब देना पड़ेगा। चीन इससे पहले भी ऐसे ही नाम बदलने का काम वर्ष 2017, 2021 और 2023 में कर चुका है । भारत ने पहले भी इसका विरोध किया और यह कहता रहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। इसके लिए भारत को और अधिक सख्त कदम उठाना चाहिए। अब केंद्र में एक बार फिर मोदी के नेतृत्व में सरकार है और अरुणाचल प्रदेश में भी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बन चुकी है। ऐसी स्थिति में भारत को अपनी विदेश नीति को अधिक आक्रामक बनाने की आवश्यकता है।


वास्तविकता यह है कि तिब्बत को चीन अपने देश का हिस्सा मानता है। चीन अपने मैप में अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता रहता है। यह बात सही है कि अब मोदी सरकार चीनी मानचित्रण और नामकरण करने के मामले में अपना रुख बदलने को तैयार है। लेकिन अब भारत सरकार को आगे बढ़ते हुए चीन को ठीक तरह से जवाब देना चाहिए। जिस तरह से चीन अरुणाचल को अपने देश का हिस्सा मानता है, भारत



को तिब्बत को एक आटोनॉमस देश का दर्जा देना चाहिए। चीन अरुणाचल के निवासियों को स्पेशल वीजा स्टैपिल्ड के नाम से देता है, भारत को भी तिब्बत के निवासियों के लिए कुछ विशेष वीजा जारी करना चाहिए। इसके अलावा भारत को चीन की इमेज को हर अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर आक्रमणकारी और साम्राज्यवादी देश के तौर पर रेखांकित करना चाहिए। चीन के लिए ह्यशठे शाठ्यं समाचरेत्ल्ल की नीति ही उपयुक्त नीति है।

**-डॉ. अनिल कुमार निगम, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

# भारतीय रेलः मंत्री जी कृपया ध्यान दें



रजनीश कपूर



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिसने कभी ना कभी रेल यात्रा न की हो। रेलवे स्टेशन पर सुनाई देने वाली घोषणा की शुरू आत 'यात्रीगण कृपया ध्यान दें' से ही होती है। इसका उद्देश्य सभी मौजूद यात्रियों का ध्यान आकर्षित करना होता है। यह तो हुई एक साधारण बात। परंतु बीते कुछ वर्षों में हो रहे रेल हादसों के बाद से अब इस घोषणा का सीधा संबंध भारतीय रेल से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े मंत्रियों और अफसरों से है। बढ़ते हुए रेल हादसों के चलते अब भी अगर संबंधित मंत्री और अधिकारी नहीं जागेंगे तो कब जागेंगे?

देश की जीवन रेखा माने जाने वाली भारतीय रेल हर खास-ओ-आम आदमी के लिए देश के किसी भी कोने से दूसरे कोने तक यात्रा करने का सस्ता और भरोसेमंद साधन है। हर यात्री को इस बात का भरोसा होता था कि देर-सेवर वो अपने गंतव्य तक पहुंच ही जाएगा। ज्यों-ज्यों देश की आबादी बढ़ी सरकार ने रेल यात्रा में उचित सुधार भी किए। आज भारत में रेलवे की कुल लंबाई 1,15,000 किलोमीटर है। भारतीय रेल रोजाना करीब 2 करोड़ 31 लाख यात्रियों और ३३ लाख टन माल को ढोती है। यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी रेलवे सेवा है। 12.27 लाख कर्मचारियों के साथ, भारतीय रेलवे दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है। भारतीय रेल के कार्यचालन केविभिन्न पहलुओं की देखभाल करने के लिए इसने 11 सरकारी क्षेत्र के उपक्रम भी स्थापित किए। भारत जैसे देश के लिए इतने बड़े स्तर पर यात्रा का साधन मुहैया कराने वाली भारतीय रेल पर देश को गर्व है, परंतु हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। बीते कुछ वर्षों में रेल मंत्रालय द्वारा कई ट्रेनों में जो बदलाव किए गए हैं। वह एक ओर जहां यात्रियों द्वारा बधाई प्राप्त कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पूरे सिस्टम में फैली अव्यवस्था को लेकर भारी विरोध भी झेल रहे हैं। यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से रेल मंत्रालय ने अनेकों आधुनिक गाड़ियां भी चलाइृ। जैसे-जैसे रेल यात्रा में सुविधा बढ़ी वैसे-वैसे किराये में भी वृद्धि हुई। उल्लेखनीय है कि जिस कदर रेल के किरायों में वृद्धि हुई है उसमें यात्रा केवल वही लोग कर पा रहे हैं जो उस बढ़े हुए किराए का वहन कर सकते हैं। आम जनता जो कि साधारण श्रेणी में यात्रा करती है उसके लिए कोई भी नई सुविधा नहीं दी गई है। आबादी के बढ़ने पर आम जनता के लिए आम श्रेणी की गाड़ियों में भी बढ़ोतरी की जानी चाहिए थी, परंतु ऐसा नहीं हुआ। आँकड़ों के अनुसार बीते वित्तीय वर्ष में 2.70 करोड़ यात्री टिकट होने के बावजूद रेल में यात्रा नहीं कर पाए, क्योंकि उनका टिकट कन्फर्म नहीं हो पाया। इसी का नतीजा हुआ कि आए दिन हमें यह देखने को मिलता है कि ट्रेन में सफर करने वाले लोग ट्रेन की क्षमता से ज्यादा पाए जाते हैं। इससे आरक्षित टिकट प्राप्त कर यात्रा करने वालों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। क्या रेल मंत्रालय के अधिकारियों इस बात की जानकारी नहीं थी कि देश में बढ़ती हुई आबादी के चलते आवागमन में भी वृद्धि होगी? क्या जिन यात्रियों की टिकट कन्फर्म नहीं हुई और उन्हें उनके किराए की राशि वापिस की गई, इसकी संख्या में होती वृद्धि पर किसी का ध्यान नहीं गया? क्या जिन साधारण श्रेणी के डिब्बों को उच्च श्रेणी में तब्दील किया जाना उचित था? क्या उच्च श्रेणी की आधुनिक ट्रेनों को चलाने के लिए साधारण श्रेणी की ट्रेनों को रद्द करना उचित था? यदि समय रहते सही निर्णय लिया गया होता तो रेल में भीड़ के चिंताजनक दृश्य सामने नहीं आते।

एक ओर जहां किसी नई और आधुनिक रेल के उद्घाटन के समय जिस कदर मंत्री और अफसर श्रेय लेने के लिए आगे आते हैं, वह रेल में हो रही लापरवाहियों का जिम्मा लेने से बचते नजर आते हैं। आंकड़ों के अनुसार 2014 से 31 मार्च 2023 तक 1117 रेल हादसे हो चुके हैं। इनमें सैकड़ों लोगों की जानें गई, हजारों की तादाद में लोग घायल हुए और करोड़ों की संपत्ति का भी नुकसान हुआ, परंतु इन हादसों से कोई सबक नहीं लिया गया। यहां एक तथ्य का उल्लेख करना आवश्यक होगा कि सीएजी की एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष में 20 हजार करोड़ रु पये आने थे, जिसमें 15 हजार करोड़ केंद्र सरकार द्वारा दिये जाते और 5 हजार करोड़ रेल मंत्रालय देता, परंतु चार साल बाद मात्र 4225 करोड़ ही आए और इन्हें भी गैर जरूरी मदों पर खर्च किया गया रेलवे सुरक्षा पर नहीं। सोचने वाली बात यह है कि अधिकतर दुर्घटनाओं में मानवीय त्रुटि बताई जाती है। रेल मंत्री द्वारा संसद में दिए गए उत्तर के मुताबिक रेलवे में 3.12 लाख रिक्त पद पड़े हैं। गौरतलब है कि ट्रेन चलाने वाले लोको पायलट के 70093 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 21 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। इसी के चलते मौजूदा लोकोपायलटों को लंबे समय तक ड्यूटी पर रहना पड़ता है। थकान और नींद के चलते ऐसे हादसे होना स्वाभाविक है, परंतु क्या देश में बढ़ती बेरोजगारी के चलते सरकार को इस ओर ध्यान नहीं देना चाहिए था?

## तुर्की में भारत के राजदूत पॉल का निधन, विदेश मंत्री ने जताया दुख

अंकारा। तुर्की में भारत के राजदूत वीरेंदर पॉल का कल शुक्रवार को निधन हो गया। उक्त जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। उनके निधन पर विदेश मंत्री ने दुख जताया और कहा कि यह भारतीय विदेश सेवा के लिए एक बड़ी क्षति है। गौरतलब है कि वीरेंद्र पॉल 1991 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी रहे हैं।



उनके निधन पर विदेश मंत्रालय के एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा गया कि हम तुर्की में भारत के राजदूत वीरेंदर पॉल के असामयिक निधन से दुखी हैं। उन्हें उनके असाधारण मानवीय गुणों और प्रभावशाली पेशेवर योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। यहां विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पॉल के निधन पर गहरा दुख जताते हुए इसे भारत के लिए बड़ी क्षति बताया है। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर लिखा, तुर्की में हमारे राजदूत वीरेंद्र पॉल के निधन से गहरा दुख हुआ। भारतीय विदेश सेवा के लिए यह एक बड़ी क्षति है। मैंने उनकी कई पोस्टिंग में उनके साथ मिलकर कार्य किया है। हमेशा उनकी प्रतिबद्धता और सेवा की प्रशंसा की है और उनके कई योगदानों को महत्व दिया है। यहां बताते चलें कि विरेंद्र पॉल अंकारा में भारत के राजदूत नियुक्त होने से पहले अफ्रीकी देश केन्या के उच्चायुक्त, सोमालिया में राजदूत समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके थे। उन्हें पंजाबी, हिंदी और अंग्रेजी के साथ ही साथ रुसी भाषाओं का भी अच्छा ज्ञान था।

## ताइवान के साथ किया रक्षा सौदा... अमेरिकी विमानन कंपनी को चीन ने किया ब्लैकलिस्ट

बीजिंग । चीन ने कहा कि अमेरिकी विमानन निर्माता कंपनी लॉकहीड मार्टिन कॉर्प के ताइवान के साथ हथियार सौदों पर हस्ताक्षर करने पर कंपनी, उसके कई व्यावसायिक इकाइयों और उसके तीन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाया है। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, इस चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि कंपनी के ताइवान के साथ सहयोग देश की संप्रभुता का उल्लंघन है। चीन ताइवान की सरकार को समर्थन देने वाले किसी भी बाहरी सौदे के लिए इसी शब्दावली का इस्तेमाल करता है। प्रतिबंधों का प्रभाव काफी हद तक प्रतीकात्मक प्रतीत होता है, क्योंकि 1989 में बीजिंग और अन्य शहरों में छात्रों के नेतृत्व वाले लोकतंत्र समर्थक विरोध प्रदर्शनों पर चीन की सेना की कार्रवाई के बाद से अमेरिका और चीन के बीच सैन्य सहयोग निलंबित है। प्रतिबंधों के अंतर्गत लॉकहीड मार्टिन मिसाइल सिस्टम इंटीग्रेशन लैब, लॉकहीड मार्टिन एडवांस्ड टेक्नोलॉजी लैबोरेटरीज और लॉकहीड मार्टिन वेंचर्स का नाम शामिल है। शीर्ष अधिकारियों जेम्स डोनाल्ड टेकलेट, फ्रैंक एंड्रयू सेंट जॉन और जीसस मालवे को चीन की यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## पाकिस्तान में आंतकी हमले में पांच सैनिकों की मौत

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के हमले में पांच सैनिकों की मौत हुई है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने बताया कि कुर्रम जिले में सुरक्षा बलों के वाहन पर विस्फोट किया गया। हमले में मारे गए सैनिकों की उम्र 24 से 33 वर्ष के बीच थी। फिलहाल किसी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## राहत शिविरों पर इजराइली हमला, 25 की मौत, 50 घायल

गाजा। गाजा में हमास-इजराइल के बीच जंग जारी है। इजराइल की सेना ने शुक्रवार को रफाह शहर के उत्तरी हिस्से में विस्थापित फलस्तीनियों के लिए बनाए गए शिविरों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 50 घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय और आपातकालीन कर्मचारियों ने जानकारी दी कि रफाह में प्रत्यक्षदर्शियों ने बचावकर्मियों को तटीय क्षेत्र में दो स्थानों पर गोलाबारी के बारे में बताया। इन हमलों में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। कई देशों और यूएन के दबाव के बाद भी इजराइल विस्थापित राहत शिविरों को अपना निशाना बना रहा है जिसमें मासूम लोगों की जान जा रही है।

## अल सल्वाडोर में भारी बारिश से अब तक 19 की मौत, आपातकाल घोषित

वाशिंगटन। मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में भारी बारिश से छह और लोगों की मौत हो गई। राजधानी के बाहरी इलाकों में मकानों की दीवारें गिरने और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक जान गंवाने वालों की संख्या 19 तक पहुंच गई है। ग्वाटेमाला के प्रशांत तट और मेक्सिको की खाड़ी में दो मौसमीय परिस्थितियों के कारण उष्णकटिबंधीय चक्रवात अल्बर्टो विकसित हुआ है और इसके असर से दक्षिणी मेक्सिको और मध्य अमेरिका में भारी बारिश हो रही है। मीडिया रिपोर्टस् के मुताबिक शहर में भारी बारिश के कारण रेड अलर्ट जारी कर दिया गय है वहीं शीर्ष अधिकारियों ने 15 दिन के लिए राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक मकान के गिरने से पांच और सात साल की दो बच्चियों समेत छह लोगों की मौत हो गई है। विभाग ने लोगों को भूस्खलन के खतरे को लेकर चेतावनी दी है और कहा है कि बारिश के कारण पानी जमा होने से दीवारों के गिरने का खतरा है। सल्वाडोर के अधिकारियों ने देशभर में 150 शिविर तैयार किए हैं, जिनमें से 82 शिविरों में 1,212 नाबालिगों सहित 2,582 लोग को रखा गया है।

## मशहूर इंफ्लूएंसर फराह की हार्ट अटैक से मौत, फैंस को लगा झटका

लॉस एंजेलस। सोशल मीडिया पर चर्चित ब्यूटी इंफ्लूएंसर फराह एल काधी लोगों के बीच पहचान बनाने के बाद इस दुनिया को अलविदा कह गई हैं। उनकी अचानक मौत ने उनके फैंस काफी दुखी हैं। यह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर फराह ट्यूनीशिया की रहने वाली थी, जिसने अपनी ब्यूटी से लोगों के दिल में जगह बना ई थी । बताया जा रहा है कि इंफ्लूएंसर फराह माल्टा में एक यॉट पर छुट्टियां मनाने गई थीं, तभी उन्हें हार्ट अटैक आया और वह अचानक यॉट में गिर पड़ीं, ये देखकर लोग हैरान रह गए तुरंत उन्हें वहां से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह 36 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गईं। फराह के निधन से उनके फैंस को बड़ा झटका लगा है। बता दें, फराह एल काधी को सोशल मीडिया पर एक मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। वह जानी-मानी इंफ्लूएंसर होने के साथ ही एक प्राइवेट कंपनी में आर्किटेक्ट भी थीं और फैफ के फैशन ब्रांड बाजार की मालकिन भी थीं। फराह एल काधी को लव आइलैंड माल्टा की पहली सीरीज के लिए भी जाना जाता है।

## पुतिन से मुलाकात के बाद तेवर में तानाशाह...करवा रहा दीवार का निर्माण

प्योंगयांग । उत्तर कोरिया इनदिनों दक्षिण कोरिया के साथ अपनी सीमा के पास कई स्थानों पर एक नई दीवार के कुछ हिस्सों का निर्माण कर रहा है, क्योंकि दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है, एक रिपोर्ट में उपग्रह चित्रों का हवाला देकर बताया। चित्रों का विश्लेषण किया, जिसमें दिखाया गया कि विसैन्यीकृत क्षेत्र (डीएमजेड) के अंदर की भूमि को साफ कर दिया गया है, जो कोरिया के बीच 2018 के युद्धविराम समझौतों का उल्लंघन हो सकता है। तस्वीरों में दीवार के कम से कम तीन खंड दिखाई दे रहे हैं, जहाँ सीमा के पूर्वी हिस्से के करीब 1 किमी के क्षेत्र में अवरोध बनाए गए हैं। क्षेत्र में पहले की उच्च-रिज़ॉल्यूशन इमेजरी की कमी के कारण निर्माण की सटीक तारीख स्पष्ट नहीं है। सियोल के सैन्य और रक्षा विशेषज्ञ डॉ. यूके यांग ने मीडिया को बताया, मेरा व्यक्तिगत आकलन है कि यह पहली बार है जब उन्होंने स्थानों को एक-दूसरे से अलग करने के अर्थ में अवरोध बनाया है।



दक्षिणी ग्रीस के लतास गांव में जल रही जंगल की आग के बगल में एक स्थानीय निवासी पानी की बोतलें पकड़े हुए।

## 40 साल में पहली बार.... टाटा स्टील के 1500 कर्मचारी करेंगे हड़ताल

लंदन । टाटा स्टील के ब्रिटेन ऑपरेशन में 2,800 कर्मचारियों की छंटनी होने वाली है। वहीं, ब्रिटेन (यूके) में टाटा स्टील के लगभग 1,500 कर्मचारी 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने वाले है। ये हड़ताल वेल्स के पोर्ट टैलबोट और लैनवर्न में स्थित प्लांट्स में कंपनी की 2,800 कर्मचारियों की छंटनी और ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने के विरोध में हो रही है। यूनाइट द यूनियन ने बताया कि 40 सालों में पहली बार है कि ब्रिटेन में स्टील कर्मचारियों ने टाटा स्टील यूके के संचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करने के मकसद से हड़ताल की है। यूनियन के सदस्यों ने पहले ही सप्ताह की शुरुआत में नियमानुसार काम करना और ओवरटाइम वैन लगाना शुरू किया था। यूनाइट द यूनियन ने कहा, टाटा के पोर्ट टैलबोट और लानवर्न में स्थित लगभग 1,500 कर्मचारी कंपनी की 2,800 नौकरियों में कटौती और इसके ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने की योजना के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने वाले है। यूनाइट की महासचिव शेरोन ग्राहम ने कहा, टाटा के कर्मचारी केवल अपनी नौकरियों के लिए नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि अपने समुदायों के भविष्य और वेल्स में स्टील इंडस्ट्री के भविष्य के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, जब तक टाटा अपनी विनाशकारी योजनाओं को रोक नहीं देती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। यूनियन का दावा है कि विपक्षी लेबर पार्टी ने मुंबई मुख्यालय वाली स्टील कंपनी से अपनी योजनाओं को रोकने और 4 जुलाई के आम चुनाव के बाद नई चुनी गई सरकार के साथ बातचीत करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लेबर पार्टी ने चुनाव जीतने पर टाटा के साथ आपातकालीन बातचीत को भी प्राथमिकता दी है।

# रुस और यूक्रेन की जंग में तैनात सैनिक कर रहे योगा



ओटावा (एजेंसी)। मॉस्को(ईएमएस)। रूस और यूक्रेन की जंग में सीमा पर तैनात यूक्रेन के सैनिक भी योग का सहारा ले रहे हैं। 2 साल से ज्यादा समय से चल रहे इस युद्ध में सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए योग वरदान साबित हो रहा है। सैनिकों का कहना है कि इससे उन्हें जल्दी रिकवरी करने में मदद मिलती है। युद्ध-ग्रस्त यूक्रेन में, योग स्वास्थ्य, रिकवरी और उपचार में एक कारगार उपाय के रूप में देखा जा रहा है। यूक्रेनी योग शिक्षकों की मदद करने के लिए उन्हें ट्रॉमा से निपटने के लिए उपकरण भी दिए जा रहे हैं। इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। फाल्कन फोर्स जैसी यूक्रेनी सेना की कुछ विशेष फोर्स भी योग को अपने प्रशिक्षण में शामिल कर रही हैं।

यूक्रेन में योग को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम चला रही वेलेरिया सम्बोर्स्काया भी इस बात से सहमत हैं। वह कहती है, हमने देखा है कि प्रभावित सैनिक पार्कों के पास जाने से डरते हैं क्योंकि वे फ्रंटलाइन पर वन क्षेत्रों में घायल हो गए थे। लेकिन योग के कुछ सत्रों, विशेष रूप से प्राणायाम के बाद, वे अपने मानसिक ट्रॉमा से उबरने में सक्षम हैं। डेनिसोवा आगे कहती हैं, मैं एक यूक्रेनी के रूप में दुनिया को यह अद्भुत प्राचीन ज्ञान देने के लिए भारत का पर्याप्त धन्यवाद नहीं कर सकती। रिपोर्ट के मुताबिक फियर्स कैलम जैसी चैरिटी सैनिकों के पुनर्वास में योग को शामिल करती है और ट्रॉमा कम करने में भी मदद करती है। यूक्रेनी सैनिक यूक्रेन युद्ध की सीमा पर अपने योग मैट बिछाते हैं और योग का अभ्यास नियमित रूप से करते है। 225वीं सेपरेट असॉल्ट ब्रिगेड के कमांड पोस्ट पर तैनात 37 वर्षीय कमांडर का कहना है कि योग ने उनके जीवन को बदल दिया है। उन्होंने कहा, युद्ध की शुरुआत से पहले, 2014 में, मुझे सेना के अभियानों में शामिल किया गया था और मेरी रीढ़ की हड्डी में चोट लग गई थी। मैंने 2016 में नियमित रूप से योग का अभ्यास करना शुरू किया। युवा कमांडर कहते हैं, मेरी सभी समस्याएं गायब हो गईं हैं। योग अब युद्ध में उनकी जिम्मेदारियों को पूरा करने में उनकी मदद करता है। मैं हमेशा आसन और प्राणायाम करने की कोशिश करता हूँ, और हरे कृष्ण महामंत्र पढ़ता हूँ। इससे मुझे अपनी भावनाओं पर बेहतर नियंत्रण रखने में मदद मिलती है। 2021 में यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ेलेंस्की ने योग को बढ़ावा देने के लिए हेल्दी यूक्रेन कार्यक्रम की शुरुआत की थी। कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक पार्कों को फिटनेस क्लब में बदल दिया गया। इसमें ट्रेनर्स निःशुल्क कक्षाएं आयोजित करते हैं। परियोजना में योग को बढ़ावा देने के लिए एलेना साइडर्सका को जिम्मेदारी दी गई है। वह कहती हैं, योग के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया थी। यूक्रेन में योग के जाने माने हस्ती साइडर्सका के पिता एंड्री साइडर्सकाई कहते हैं कि उनके देश में भारतीय योग की जड़ें बहुत पुरानी हैं।

## चीन गुप्त रूप से शक्तिशाली हथियार इकट्ठा कर सकता: रिपोर्ट

चीन (एजेंसी)। आधुनिक युद्ध में, हर सैन्य महाशक्ति कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से बढ़त हासिल करने के लिए गुप्त हथियारों की दौड़ में लगी हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन गुप्त रूप से एक शक्तिशाली नया हथियार इकट्ठा कर सकता है। एक हालिया रिपोर्ट, जिसका शीर्षक एआई क्षमताओं का ओपन-सोर्स असेसमेंट है, का दावा है कि चीन एआई प्रशिक्षण डेटासेट विकसित करने के लिए अमेरिकी युद्धपोतों की ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस (ओसींट) छवियों का उपयोग कर रहा है। रिपोर्ट में अजीबोगरीब झोउसिदुन डेटासेट को उजागर किया गया है, जिसमें 600 से ज़्यादा तस्वीरें शामिल हैं, जो अमेरिकी आर्ले बर्क-क्लास विध्वंसक और अन्य सहयोगी नौसैनिक जहाजों के अंदरूनी कामकाज का विस्तृत विवरण देती हैं। बीआरएसएल का सुझाव है कि डेटासेट की लक्षित, सैन्य प्रकृति और इस साझा करने वाले खाते की संभावित अकादमिक उत्पत्ति के कारण, यह संभावना है कि यह डेटासेट गलती से प्रकाशित हो गया था।

### झोउसिदुन डेटासेट क्या है?

अगस्त 2023 में, बर्कले रिस्क एंड सिक्योरिटी लैब के शोधकर्ताओं ने चीनी मूल के डेटासेट की खोज की जिसका नाम झोउसिदुन है। यह डेटासेट, जिसे संभवतः शंघाईटेक यूनिवर्सिटी द्वारा साझा किया गया था, रोबोफोलो पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया गया था, जो डेटासेट साझा करने और मशीन लर्निंग मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए एक प्लेटफ़ॉर्म है। झोउसिदुन में अमेरिका के डरावने अर्लीघ बुर्क-क्लास विध्वंसक और अन्य सहयोगी नौसैनिक दिग्गजों की शारीरिक रचना को चिकित्सकीय रूप से विघटित करने वाली 608 कसकर केंद्रित छवियां थीं। पूरे जहाज की प्रोफाइल को कैप्चर करने के बजाय, इन भयावह छवियों ने ज़मीनी और उपग्रह दोनों तरह की टोही का उपयोग करते हुए डीडीजी के अत्याधुनिक एजिस लड़ाकू सिस्टम पर जुनूनी ढंग से ज़ूम इन किया। सैन्य क्षमताओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का एकीकरण दुनिया भर में प्रमुख सैन्य शक्तियों के लिए मानक अभ्यास बन गया है। यह समझना कि ये एआई मॉडल कैसे काम करते हैं, रणनीतिक लाभ बनाए रखने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## अंतरिक्ष से सुनीता विलियम्स की वापसी पर संकट, स्पेसक्राफ्ट के लौटने का मिशन स्थगित



वॉशिंगटन (एजेंसी)। अंतरिक्ष यात्रियों के पहले दल को ले जाने वाले स्टारलाइनर की वापसी को स्थगित कर दिया गया है। नासा ने इसके वापसी की कोई नई तारीख नहीं बताई है, जिससे सवाल उठ रहे हैं कि मिशन के दो अंतरिक्ष यात्री कब लौटेंगे। टेस्टिंग और तकनीकी मुद्दों के कारण पहले से ही देरी हुई है। अंतरिक्ष यान की वापसी पहले 26 जून को निर्धारित की गई थी। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स ने 5 जून को उड़ान भरी थी। नासा ने जानकारी दी कि 2019 के बाद से इसे दो बार बिना मनुष्यों के अंतरिक्ष में भेजा गया है। इसके थ्रस्टर्स को पांच विफलताओं और पांच हीलियम रिसाव का सामना करना पड़ा है। नासा और बोइंग को खराबी का सामना करना पड़ा और अतिरिक्त परीक्षण करने पड़े, जिससे यह सवाल उठता है कि वास्तव में स्टारलाइनर अपने चालक दल को कब तक वापस ला सकेगा। इसके आलावा इस अंतरिक्ष यान की कई समस्याएं सामने आई हैं।

स्टारलाइनर 6 जून को डॉक करने के लिए स्पेस स्टेशन के करीब पहुंचा तो थ्रस्टर फेलियर देखा गया। इस कारण अंतरिक्ष यान स्पेस स्टेशन के करीब तब तक नहीं गया जब तक खराबी ठीक नहीं कर ली गई। स्टारलाइनर को वापस पृथ्वी पर लौटाना अंतरिक्ष यान के परीक्षण मिशन के सबसे जटिल चरणों में से एक है। नासा अधिकारियों का कहना है कि वे स्टारलाइनर की लगभग छह घंटे की वापसी यात्रा शुरू करने से पहले थ्रस्टर फेलियर, वाल्व समस्या और हीलियम रिसाव के कारणों को बेहतर ढंग से समझना चाहते हैं। स्टारलाइनर की वर्तमान उड़ान में केवल एक थ्रस्टर डेड है। बोइंग को 2022 में चालक रहित स्पेस कैप्सूल की वापसी के दौरान चार थ्रस्टर समस्याओं का सामना करना पड़ा था। कंपनी ने इस प्रोजेक्ट के लिए 4.5 बिलियन डॉलर के नासा डेवलपमेंट कॉन्ट्रैक्ट के अलावा लागत में वृद्धि पर 1.5 बिलियन डॉलर खर्च किए हैं। नासा चाहता है कि स्टारलाइनर दूसरा अमेरिकी अंतरिक्ष यान बने जो स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन के साथ अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक ले जा सके। बोइंग का स्टारलाइनर कार्यक्रम वर्षों से सॉफ्टवेयर गड़बड़ियों, डिजाइन समस्याओं और उपठेकेदारों के विवाद से जूझ रहा है।

# सेना में जाकर लड़ने की चाह भारत-चीन से ज्यादा पाकिस्तानी युवाओं में

### -रिपोर्ट से खुलासा- इजराइल, अमेरिका, जापान, ताइवान जैसे देशों में सैनिकों की कमी



इस्लामाबाद (एजेंसी)। दुनिया के कई ऐसे देश जो युद्ध लड़ रहे हैं या फिर निकट भविष्य में हमले की आशंका के चलते चिंतित हैं। ये देश अपनी सैन्य तकनीक बढ़ा रहे हैं और रक्षा बजट में भी इज़ाफा कर रहे हैं। इसके बावजूद इनके पास सेना में भर्ती के लिए युवाओं का टोटा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण रूस और यूक्रेन युद्ध है।

दोनों ही देश लड़ने के लिए सैनिकों की भारी कमी का सामना कर रहे हैं। यहां तक कि अमेरिका भी ऐसी समस्या का सामना कर रहा है। अमेरिकी युवा भी सेना में भर्ती होना नहीं चाह रहे हैं। एशिया के देशों को भी पर्याप्त सैनिकों को बनाए रखना एक कठिन चुनौती बनता जा रहा है, हालांकि इस मामले में पाकिस्तान के युवा अलग हैं और फौज में जाने के लिए उत्साहित भी हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल जैसा युद्ध में उलझा देश या लड़ाई की आशंका का सामना कर रहे जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे देश भी सैनिकों की कमी का सामना कर रहे हैं। इजरायल की भी प्रतिष्ठा दांव पर है। इजरायल के पास केवल 15,000 सक्रिय लड़ाकू सैनिक हैं। इजरायल इस समय रिजर्विस्टों और रिजर्व ब्रिगेडों पर निर्भर है। इन आरक्षित लोगों में किसान और कर्मचारी हैं।

ताइवान को भी चीनी हमले का डर है लेकिन सैनिक उसके पास नहीं है। ताइवान विदेशी नागरिकों को सेना में भर्ती करने पर विचार कर रहा है। अमेरिका भी गैर-अमेरिकियों को सेना में शामिल होने और नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देता है। दक्षिण कोरिया के सामने भी घटती सैनिकों की संख्या समस्या बन रही है।

जापान की सेना में भी हर साल सेना की भर्ती में कमी आ रही है। पिछले दस सालों में पिछले नवंबर में एसडीएफ के लिए आवेदकों की संख्या में करीब 30 फीसदी की गिरावट आई है। गैलप इंटरनेशनल के 2015 के एक सर्वेक्षण में पाया था कि जापानी अपने देश की खातिर लड़ने के लिए कम इच्छुक थे, केवल 11फीसदी ने ही कहा कि वे ऐसा करेंगे, जबकि दक्षिण कोरिया में 42फीसदी और चीन में 71फीसदी युवा सेना में जाकर लड़ने को तैयार थे। रिपोर्ट कहती है कि सबसे बड़ी सेना वाला देश चीन भी 71 फीसदी युवाओं के सेना में जाकर लड़ने के इच्छुक होने के बावजूद पर्याप्त भर्तियों को आकर्षित करने के लिए संघर्ष कर रहा है। दिलचस्प बात यह है कि गैलप सर्वे में पाकिस्तान के युवा चीन और भारत से आगे हैं। पाकिस्तान के 89 फीसदी युवा सेना में जाकर लड़ने के इच्छुक हैं। भारत के 75 फीसदी और चीन उससे भी कम 71 फीसदी पर है। इस सूची में 94 फीसदी के साथ मोरक्को और फिजी शीर्ष पर हैं।

# नौकरों को बंधक बनाने और कम वेतन देने के मामले में हिंदुजा परिवार को साढ़े 4 साल की सजा

जेनिवा (एजेंसी)। दुनिया में गिने चुने अमीरों में शुमार हिंदुजा बंधुओं पर नौकरों को परेशान करने का आरोप लगा है। अपने नौकरों के पासपोर्ट रखकर उन्हे कहीं भी जाने से रोका गया और हर रोज 18 घंटे काम कराया गया। बदले में सिर्फ 655 रुपए दिए गए। मामला कोर्ट में पहुंचा तो स्विस कोर्ट ने हिंदुजा परिवार के चार लोगों प्रकाश और कमल हिंदुजा सहित उनके बेटे अजय और बहू नम्रता को साढ़े चार जेल की सजा सुना दी। भारतीय मूल की हिंदुजा फैमिली को ब्रिटेन के सबसे अमीर परिवार में गिना जाता है। अब इस फैमिली के चार लोगों को स्विट्जरलैंड की कोर्ट ने साढ़े चार साल जेल की सजा सुनाई है। ये सभी धनकुबेर अपने घरेलू नौकरों पर 'अत्याचार' को लेकर मुश्किल में घिरे हैं। इन पर आरोप लगे कि वे भारत से कुछ लोगों को जेनेवा के अपने एक मैंशन में काम करने के लिए लाए थे। स्विस प्रशासन का आरोप है कि हिंदुजा परिवार ने इन लोगों के पासपोर्ट रख लिए थे और इनके कहीं आने-जाने पर पाबंदियां लगा रखी थीं।

इसके साथ ही इन्होंने उन लोगों से ज्यादा देर काम करवाएं और मेहनताने में रोजाना महज 8 डॉलर (करीब 650 रुपये) के हिसाब से पैसे दिए। उधर हिंदुजा परिवार को मिली इस सजा के लिए उनके वकील की दलीलों को भी जिम्मेदार माना जा रहा है, जिन्होंने कम सैलरी के आरोपों को नकारा ही नहीं। ऐसे में स्विस कोर्ट ने हिंदुजा परिवार के चार लोगों प्रकाश और कमल हिंदुजा सहित उनके बेटे अजय और बहू नम्रता को साढ़े चार जेल की सजा सुना दी। इस मामला में स्विस प्रशासन की तरफ से पेश सरकारी वकील य्वेस बेरतोसा ने कोर्ट में कहा, 'उन्होंने (हिंदुजा परिवार ने) अपने एक कुत्ते पर एक नौकर से ज्यादा खर्च किया।' उन्होंने बताया कि इस परिवार ने अपने एक कुत्ते के रखरखाव और खाने पर सालाना 10 हजार अमेरिकी डॉलर (साढ़े 8 लाख रुपये) खर्च किए, जबकि एक घरेलू नौकर को एक दिन में 18 घंटे काम करने पर रोजाना सिर्फ 7.84 डॉलर यानी केवल 655 रुपये मिले थे। हिंदुजा परिवार के वकीलों ने कम सैलरी होने के आरोपों को नकारा नहीं है, लेकिन कहा है जो वेतन तय था, उसमें रहना और खाना भी शामिल था। वहीं ज्यादा देर तक काम करवाने के आरोपों पर उनके वकील ने कहा कि बच्चों के साथ फिल्म देखने को काम नहीं माना जा सकता है। इन वकीलों ने कोर्ट में दलील दी कि जिन लोगों को पीड़ित बताया जा रहा है, वे लगातार कई मौकों पर हिंदुजा परिवार के लिए काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा, यह इस बात को दर्शाता है कि सभी काम के माहौल से संतुष्ट थे। हालांकि कोर्ट ने इस आरोप को सच पाया कि हिंदुजा परिवार में काम करने वाले नौकरों के पासपोर्ट रख लिए गए थे। ऐसे में वह स्वतंत्र रूप से कहीं आ-जा नहीं सकते थे। हिंदुजा परिवार के लिए यही बात मुश्किल बढ़ाने वाली रही, क्यों स्विस कानून में इसे मानव तस्करी माना जाता है। इसी वजह से हिंदुजा परिवार को साढ़े 4 साल जेल की सजा सुनाई गई।



# आज अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा इंग्लैंड

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जिंदा रखना हैं, तब इंग्लिश टीम को अमेरिका के खिलाफ रविवार को होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। इंग्लैंड के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर सके और मैच में हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया।

वेस्टइंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है। ऐसी परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। द.अफ्रीका ने ग्रुप दो में अपने दोनों मैच जीते हैं और वह अभी शीर्ष पर काबिज है, लेकिन वेस्टइंडीज और इंग्लैंड की जीत से समीकरण बदल सकते हैं। तीनों टीम में अभी वेस्टइंडीज का नेट रन रेट बेहतर है।

अभी किसी भी टीम ने सेमीफाइनल में सीट पक्की नहीं की है। इंग्लैंड को अंतिम चार में जगह बनाने के लिए अमेरिका के खिलाफ कम से कम 10 रन या एक ओवर शेष रहते हुए जीत हासिल करनी होगी। अगर इंग्लैंड ऐसा करने में सफल होता, तब द.अफ्रीका की मुश्किल बढ़ जाएगी क्योंकि वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां तक कि सुपर ओवर में हारने पर भी वह बाहर होगा। यदि दक्षिण अफ्रीका जीत दर्ज करने में सफल रहता है और इंग्लैंड की टीम अमेरिका से हार जाती है तब फिर वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और अमेरिका में से जिसका नेट रन रेट बेहतर होगा, वह ग्रुप से दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। वहीं इंग्लैंड को अगर अपना नेट रन रेट सुधारना है, तब उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उसके बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निराश किया। फिल साल्ट शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अपने पिछले 10 टी20 मैचों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है, लेकिन पिछले मैच में उनके जल्दी आउट होने से इंग्लैंड को धमाकेदार शुरुआत नहीं मिल पाई। कप्तान जोस बटलर और जॉनी बेयरस्टो बड़े शॉट नहीं लगा सके। हैरी ब्रूक (53) और लियाम लिविंगस्टोन (33) ने मोर्चा संभाला लेकिन इंग्लैंड अंतिम तीन ओवर में 25 रन नहीं बना सका। इसके बावजूद अमेरिकी गेंदबाजों के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा।




### टीम

**इंग्लैंड** = जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड।

**अमेरिका** = मोनंक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर। रिजर्व खिलाड़ी- गजानंद सिंह, जुआनॉय ड्रिस्डेल, यासिर मोहम्मद।

# बाबर आजम कर सकते हैं पूर्व खिलाड़ियों और यूट्यूबर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई




**इस्लामाबाद (पाकिस्तान) (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम उन यूट्यूबर्स और पूर्व क्रिकेटरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं जिन्होंने टी20 विश्व कप में उनके अभियान के दौरान उन पर 'दुर्व्यवहार' का आरोप लगाया था।

बाबर और पाकिस्तान की टीम को विश्व कप अभियान के कारण पूर्व खिलाड़ियों और प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि पाकिस्तान के अभियान के दौरान बाबर को 'निशाना' बनाने के लिए सोशल मीडिया अभियान चलाया गया, जिससे वह 'निराश' महसूस कर रहे थे।

यह भी बताया गया कि यूट्यूबर्स और पूर्व क्रिकेटरों द्वारा दिए गए बयानों से संबंधित साक्ष्य पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कानूनी विभाग द्वारा एकत्र किए जा रहे हैं। कुछ खिलाड़ी और अधिकारी बुधवार की सुबह एक निजी एयरलाइन की उड़ान से लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। वापस लौटने वाले खिलाड़ियों में नसीम शाह, उस्मान खान और वरिष्ठ प्रबंधक वहाब रियाज शामिल थे। लेकिन, 15 सदस्यीय टीम के कुछ खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने प्रवास को बढ़ाने का फैसला किया। बाबर, इमाद वसीम, हारिस रऊफ, शादाब खान और आजम खान के साथ शनिवार को रवाना होने की उम्मीद है।

प्रतियोगिता के पिछले संस्करण में इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में खेलने के बाद पाकिस्तान ग्रुप चरण में चल रहे विश्व कप से बाहर हो गया। पाकिस्तान ने रविवार को फ्लोरिडा में आयरलैंड पर तीन विकेट की जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया जो ग्रुप ए से भारत और यूएसए के सुपर 8 चरण में हार गया था और सुपर 8 में स्थान सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त नहीं था। पाकिस्तान की अगली व्हाइट-बॉल सीरीज नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी। मेन इन ग्रीन तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भाग लेंगे, जिसकी शुरुआत 4 नवंबर से होगी।

# डिकॉक का कैच लपकते ही जश्न मनाने लगे मार्क वुड

**–थर्ड अंपायर ने खोली पोल, इंग्लैंड खिलाड़ी की धोखेबाजी पकड़ाई**

**सेंट लुसिया (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 के एक रोमांचक मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को हराया। मैच में साउथ अफ्रीका ने छह विकेट पर 163 रन बनाए थे। इसके जवाब में इंग्लैंड टीम छह विकेट पर 156 रन ही बना सकी और सात रन से हार गई। इंग्लैंड लक्ष्य के करीब थे, लेकिन आखिरी तीन ओवरों में मार्को यानसेन, कागिसो रबाडा और एनरिक नोर्त्जे ने शानदार खेल दिखाते हुए साउथ अफ्रीका को जीत दिलाई। इस मैच ने खूब सुर्खियां भी बटोरी हैं।

दरअसल, मार्क वुड ने क्विंटन डिकॉक का कैच लपकने का दावा किया, लेकिन गेंद असल में जमीन छू गई थी। वह जश्न भी मनाने लगे, लेकिन जब सच्चाई सामने आई तो हर कोई हैरान रह गया। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 22 गेंदों में अर्धशतक जड़कर अपनी टीम की शानदार शुरुआत की। वह रनों की बौछार कर रहे थे तो 9वां ओवर करने आए आदिल राशिद की गेंद पर डिकॉक ने शॉट खेला। स्लॉग स्वीप ने मार्क वुड ने कैच लपकते हुए जश्न मनाया, हालांकि डिकॉक इस कैच को लेकर सहमत नहीं थे। इस बीच अंपायर ने थर्ड अंपायर की मदद मांगी। अंपायर जोएल विल्सन शुरू में डिकॉक को आउट देने के पक्ष में थे। उन्होंने कहा उंगलियां गेंद के नीचे है, लेकिन क्या आप मुझे दूसरा कोण बता सकते हैं? साइड-ऑन शॉट देखने पर उनका मन बदल गया। वह बोले- ऐसा लग रहा है कि गेंद अब जमीन पर है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें लगा कि उंगलियां गेंद के नीचे नहीं हैं। उन्होंने डीकॉक को नॉट आउट करार दिया। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने अंपायरों से फैसले पर बातचीत की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। कमेंट्री पर इयोन मोर्गन ने कहा- वुड और बटलर दोनों ही स्पष्ट रूप से खुश नहीं हैं। शॉन पोलक ने महसूस किया कि अंपायर ने सही फैसला किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि रीप्ले में ऐसा लग रहा है कि गेंद उंगलियों से निकलकर जमीन से टकराई है, इसलिए यह सही फैसला है।

# आज ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा अफगानिस्तान

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को टी20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना होगा। सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा। अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। अफगानिस्तान के लिए बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज (178 रन) और इब्राहिम जदरान (160) अहम खिलाड़ी हैं, लेकिन इन्हें मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों से सहयोग की जरूरत है।




फजलहक फारूकी (15 विकेट) और राशिद खान (9) दोनों ने अमेरिकी पिचों पर बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं जिससे दोनों फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में हरफनमौला प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा। लेकिन 2021 की विजेता ऑस्ट्रेलिया को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा है। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम की बात करे तब डेविड वार्नर (169 रन) और ट्रेविस हेड (179) की विस्फोटक सलामी जोड़ी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां ड़ाने में माहिर, लेकिन राशिद और फारूकी अपनी गेंदबाजी से प्रभाव डाल सकते हैं। दोनों टीमें पिछली बार 2023 वनडे विश्व कप में एक दूसरे के आमने सामने हुई थीं। मुंबई में ग्लेन मैक्सवेल ने शानदार दोहरा शतक जड़ा था जबकि पैट कमिंस ने दूसरे छोर पर उन्हें मजबूत सहयोग दिया था।

अफगानिस्तान निश्चित रूप से उस हार का बदला लेना चाहेगा, लेकिन देखना होगा कि राशिद की टीम अपनी योजनाओं को अच्छी तरह आजमा पाती है या नहीं। दक्षिण अफ्रीका की तरह मिचेल मार्श की आस्ट्रेलियाई टीम भी अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की बदौलत टूर्नामेंट की मजबूत टीम में से एक है। हालांकि टीम के लिए मैक्सवेल का खराब फार्म चिंता का कारण बना हुआ है। लेकिन उसके पास टिम डेविड के रूप में शानदार खिलाड़ी है, जो बेहतरीन ऑलराउंडर है। मध्य और निचले क्रम में मार्कस स्टोइनिस की मौजूदगी टीम की बल्लेबाजी को और मजबूत बनाती है जिनकी मौजूदा फॉर्म (तीन मैच में 156 रन) शानदार है। स्कॉटलैंड के खिलाफ पिछले मैच में कमिंस की हैट्रिक के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम को अपने क्षेत्ररक्षण में सुधार करने की जरूरत होगी क्योंकि स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने कुल छह कैच टपकाए जिसमें से अकेले मार्श ने तीन कैच छोड़े। एडम जम्पा (11) इस विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। यह लेग स्पिनर तीन तेज गेंदबाजों के बाद टीम के लिए अहम गेंदबाज हैं।

### टीम इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया** = मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

**अफगानिस्तान** = राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

# भारतीय महिला कम्पाउंड तीरंदाजी टीम ने विश्व कप में लगाई स्वर्ण पदकों की हैट्रिक



अंताल्या (तुर्की)। भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कम्पाउंड महिला टीम ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां तीसरे चरण में एस्टोनिया पर जीत से विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त इस तिकड़ी ने यहां एकतरफा फाइनल में एस्टोनिया की लिसेल जाटमा, मीरी मैरिटा पास और मैरिस टेट्समैन को 232-229 से हराया। भारत की महिला कम्पाउंड टीम ने अप्रैल में शंघाई और और मई में येचियोन में क्रमश: विश्व कप के पहले चरण और दूसरे चरण के स्वर्ण पदक जीते थे। इस तरह टीम इस सत्र में अपराजेय रही है। भारतीय पुरुष कम्पाउंड तीरंदाज प्रियांश भी दिन में कांस्य पदक का मुकाबला खेलेंगे। रिकर्व वर्ग में अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा भी दो पदकों की दौड़ में हैं क्योंकि दोनों व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

# टी20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी भारतीय टीम



मुम्बई। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम इस साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी। भारतीय टीम इस दौरे में 4 मैच की टी20 सीरीज खेलेगी। ये सीरीज नवंबर में होगी। भारतीय पुरुष टीम का दक्षिण अफ्रीका का ये लगातार दूसरा दौरा होगा। इस दौरे में चार टी20 मैचों में से पहला मैच 8 नवंबर को डरबन के किंग्समीड में खेला जाना है। इसके बाद टीमें 10 नवंबर को दूसरे मैच के लिए गेकेबरहा जाएंगी। उसके बाद सेंचुरियन में हाईवेल्ड 13 नवंबर और जोहान्सबर्ग में 15 नवंबर को अंतिम मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम पिछले साल भी दक्षिण अफ्रीका गयी थी पर तब दोनो के बीच सीरीज 1-1 से बराबरी पर रही थी। तब डरबन में खेला गया मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने इस दौरे को लेकर खुश जताते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई का आभार माना है।

# दीप्ति शर्मा का बयान, कहा- 'महज औपचारिकता का मुकाबला नहीं, हम इससे सीखने की कोशिश करेंगे'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने शनिवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय मुकाबले को भारत महज औपचारिकता का मैच नहीं मानेगा बल्कि टीम पिछले मैचों की बढ़त को मजबूत करना चाहेगी।

बता दें कि, भारत ने पहले दो मैच 143 और चार रन से जीतकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली है। दीप्ति ने मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''हां, हमने श्रृंखला जीत ली है लेकिन हम इस मैच को सिर्फ औपचारिकता के रूप में नहीं देखेंगे। हमें जो भी मौके मिलेंगे हम उनसे सीखने की कोशिश करेंगे क्योंकि हम इस सप्ताह के अंत में (चेन्नई में) एकमात्र टेस्ट खेलने जा रहे हैं।''

इस ऑफ स्पिनर ने पहले मैच में अपने ऑलराउंड कौशल का प्रदर्शन किया था करते हुए महत्वपूर्ण 37 रन बनाए थे जिससे टीम पांच विकेट पर 99 रन की मुश्किल स्थिति से उबरने में सफल रही। उन्होंने इसके बाद मैच में दो विकेट भी चटकाए। दीप्ति ने कहा, ''मुझे दबाव की स्थिति का सामना करना पसंद है। मेरी सोच बहुत स्पष्ट है। मैं हमेशा टीम को जीत दिलाना चाहती हूं या टीम को जीत की स्थिति में पहुंचाना चाहती हूं, फिर चाहे वह मेरी बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी।÷







दोनों मैचों में भारत के शीर्ष क्रम ने धीमी शुरुआत की जिसके बाद बीच के ओवरों और अंतिम ओवरों में टीम ने तेजी से रन जुटाए। दीप्ति ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों ने श्रृंखला में अच्छा अनुकूलन कौशल दिखाया। उन्होंने कहा, ''सलामी बल्लेबाज परिस्थितियों के अनुसार खेलीं। शुरुआती ओवरों में गेंद थोड़ी घूम रही थी और उन्होंने इसे ध्यान में रखकर खेला। उन्होंने अच्छी तरह से अनुकूलन किया।''

दीप्ति ने कहा, ''10 से 12 ओवर के बाद हमने कुछ अच्छी साझेदारियां बनाईं। उन्होंने रन बनाने के हर अवसर का फायदा उठाया और यह हमारे लिए सकारात्मक है - जिस तरह से हमने बाद में इसका फायदा उठाया।'' दीप्ति ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी अपने क्षेत्ररक्षण को सुधारने पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमने एक क्षेत्ररक्षण इकाई के रूप में सुधार किया है। आप पूजा (शतक जड़ने वाली मारिजेन कैप को आउट करने के लिए वस्त्राकर का कैच) द्वारा लिया गया शानदार कैच देख सकते हैं। इससे (दूसरे वनडे में) हमारी लय बदल गई और हम एक इकाई के तौर पर अपने क्षेत्ररक्षण पर और काम कर रहे हैं।

# एंडी मरे पीठ की चोट से निपटने के लिए लेंगे सर्जरी का सहारा



लंदन। पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे विंबलडन या पेरिस ओलंपिक में खेलने की कोशिश के बारे में कोई फैसला लेने से पहले पीठ की चोट से निपटने के लिए शनिवार को सर्जरी करवाएंगे। 37 साल के मरे ने पीठ दर्द के कारण बुधवार को क्वींस क्लब में अपने दूसरे दौर के मैच को बीच में ही छोड़ दिया था, तब वह जॉर्डन थॉम्पसन से 1-4 से पीछे चल रहे थे। ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने मुकाबले के शुरू होने से पहले ही अपने दाहिने पैर में परेशानी की शिकायत की थी। मरे पिछले कई साल से लगातार अलग-अलग चोट का सामना कर रहे हैं। दो बार के विम्बलडन विजेता मरे ने इस साल के अंत में संन्यास लेने का संकेत दिया है। उनकी प्रबंधन टीम ने पुष्टि की कि शनिवार को उनकी सर्जरी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं दी गई। ऑल इंग्लैंड क्लब (विम्बलडन) में पहले दौर का खेल एक जुलाई से शुरू होगा।

# पुरानी चयन समिति वाली व्यवस्था बहाल करेगा पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को प्रदर्शन टी20 विश्व कप में इस बार बेहद खराब रहा और वह सुपर आठ में भी नहीं पहुंच पायी। उसके बाद से ही पाक क्रिकेट में उथल-पुथल मची हुई है। प्रशंसकों की नाराजगी को देखते हुए अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चयन समिति में बदलाव पुरानी चयन समिति वाली व्यवस्था पर लौटने जा रहा है। इसका कारण है कि कोई मुख्य चयनकर्ता नहीं रखने का प्रयोग विफल रहा है। पाक टीम को भारत के अलावा अमेरिका जैसी नई टीम से भी हार का सामना करना पड़ा है। इसी को देखते हुए अब पीसीबी पुरानी व्यवस्था पर लौट सकता है जिसमें एक मुख्य चयनकर्ता और दो या तीन चयनकर्ता होते थे। इसमें चयन बैठकों में कप्तान और मुख्य कोच नहीं बैठते थे। ऐसे में अब टी20 विश्व कप की टीम चुनने वाली चयन समिति के सदस्य रहे पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज नए मुख्य चयनकर्ता बन सकते हैं। वह पुरानी प्रणाली के समय चयन समिति में शामिल थे। वहीं नई व्यवस्था में कप्तान बाबर आजम और मुख्य कोच और गैरी कर्स्टन के अलावा डाटा विश्लेषक और पूर्व क्रिकेट मोहम्मद युसूफ, वहाब, असद शफीक और अब्दुल रज्जाक थे पर ये प्रयोग कारगर नहीं रहा।


# टी20 वर्ल्डकप 2024 छक्के-चौकों की बारिश से महरुम, क्रिकेट प्रेमी निराश

**– टूर्नामेंट के 44वां मैच तक 729 चौके और 389 छक्?के ही लगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्?डकप में अब तक बल्लेबाजों का जलवा देखने को नहीं मिला जिसका लोग इंतजार कर रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह विकेटों का धीमा और आउट फील्ड का स्लो होना है। मैचों में ज्यादा रन नहीं बन सके । गेंदबाजों के बल्लेबाज पर दबाव को इसी बात से समझा जा सकता है कि टूर्नामेंट में अब एक दर्जन से कम मैच बाकी हैं और सिर्फ चार बार ही 200+ रन बन पाए हैं। टूर्नामेंट में ऐसे भी मैच देखने को मिले हैं जिसमें भारत, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश की टीमों ने 120 से कम रन बनाकर डिफेंड किया। रन ही नहीं, चौकों-छक्कों के मामले में भी इस टूर्नामेंट ने क्रिकेटप्रेमियों को निराश किया है। सुपर-8 के बांग्लादेश-ऑस्ट्रेलिया मैच जो टूर्नामेंट का 44वां मैच था जब तक 729 चौके और 389 छक्के ही लगे। प्रति मैच छक्कों का औसत 8.84 और चौकों का 16.56 के आसपास है जबकि टी20 में इससे अधिक छक्के और चौके तो किसी एक मैच की एक पारी में लग जाते हैं। यह स्थिति तब है जब सुपर-8 राउंड से सारे मुकाबले वेस्?टइंडीज में होने हैं जहां के विकेट अमेरिका की तुलना में बल्लेबाजी के लिए अच्छे हैं1 उम्मीद है कि ग्रुप मैचों में गेंदबाजों का राज रहने के बाद अब आगे के मैचों में बल्लेबाजों का राज देखने को मिलेगा और चौकों-छक्कों की बरसात से क्रिकेट प्रेमी आनंद ले सकेंगे।

टी20 विश्वकप में अब तक लगे कम छक्कों का असर दिग्गज बल्लेबाजों के खाते में भी दिख रहा है। सुपर-8 में पहुंची ऑस्?ट्रेलिया टीम के मैथ्यू वेड, बांग्लादेश के शाकिब-अल-हसन और भारत के रवींद्र जडेजा शामिल हैं। वेड का यह चौथा टी20 वर्ल्डकप है जबकि शाकिब अब तक के सभी नौ टी20 वर्ल्?डकप में खेले हैं। जडेजा का भी यह छठा टी20 वर्ल्डकप है। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर वेड ने इस टी20 वर्ल्ड कप के पांच मैचों की दो पारियों में 15 गेंदों पर 140.00 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं लेकिन उनके बैट से अब तक छक्का नहीं लगा है। यह सही है कि वेड को अब तक खेलने के लिए ज्यादा पारियां और गेंदें नहीं मिली हैं लेकिन उनकी छवि शुरुआत से ही गेंदबाजों पर हावी होकर खेलने की है।

बता दें, वेड 90 टी20 में 46 छक्के लगा चुके हैं। वे 2021 के टी20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल के 19वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी की गेंद पर लगातार छक्के लगाकर ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में पहुंचाया था। इस वर्ल्डकप के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर ऑस्ट्रेलिया चैंपियन बनी थी। इस मैच में वेड ने महज 17 गेंदों पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 41 रनों की पारी खेली थी और खेल का रुख पलटते हुए टीम की जीत संभव हुई थी।



दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर्स शाकिब अब तक 127 टी20 में 52 छक्के लगा चुके हैं। मौजूदा वर्ल्डकप में पांच मैचों में 96 गेंदों का सामना करते हुए उन्होंने एक अर्धशतक की मदद से 100 रन (औसत 25.00, स्?ट्राइक रेट 104.16) बनाए हैं लेकिन इसमें एक भी छक्का नहीं लगा सके हैं। टी20 वर्ल्डकप के 41 मैचों में शाकिब ने अब तक 73 चौकों व 23 छक्?कों की मदद से 842 रन बनाए हैं जबकि सबसे अधिक 49 विकेट लिए हैं। वहीं इंडिया टीम के रवींद्र जडेजा भी इस टूर्नामेंट में छक्का नहीं मार सके। इन तीनों खिलाड़ियों की टीमें सुपर-8 में पहुंच चुकी हैं। उम्मीद है कि आगे के मैचों में क्रिकेट प्रेमी और इनके फैंस इन्हें छक्का लगाते देख पायेंगे।

चाचा के नाम से मशहूर पाकिस्तान के इफ्तिखार अहमद से भी टी20 वर्ल्डकप में बल्ला रूठा रहा। वह दो मैचों में 25 रन ही बना पाए। इफ्तिखार अब तक 66 टी20 में 44 छक्के लगा चुके हैं। वर्ल्डकप (वनडे) 2023 में न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के प्लेयर रचिन रवींद्र भी इस टी20 वर्ल्डकप को बुरा सपना मानकर भूलना चाहेंगे। तीन मैचों में एक बार नाबाद रहते हुए 17 रन ही बना पाए जिसमें न कोई छक्का है और न चौका। टी20 वर्ल्डकप 2024 के 'स्तरहीन' पिचों ने कई और बल्लेबाजों को भी इसी तरह शर्मसार किया है। बता दें, भारत में पिछले साल हुए वर्ल्डकप (वनडे) में रचिन रवींद्र टॉप-4 बल्लेबाजों में थे। उन्होंने दस मैचों में तीन शतकों के साथ 578 रन बनाए थे जिसमें 17 छक्के लगाए थे। इसी तरह कुसल मेंडिस ने वनडे वर्ल्डकप ने 15 और इफ्तिखार ने 8 छक्के लगाए थे।

# मार्क जोथनपुइया तीन साल के करार के साथ ईस्ट बंगाल एफसी से जुड़े

ईस्ट बंगाल एफसी ने शनिवार को भारत के उभरते हुए अंडर-23 खिलाड़ी मार्क जोथनपुइया के साथ तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। यह करार 2026-27 सत्र के आखिर तक प्रभावी रहेगा। जोथनपुइया के पास मिडफील्ड और रक्षापंक्ति दोनों जगहों पर खेलने की क्षमता हैं। ईस्ट बंगाल एफसी परिवार में जोथनपुइया का स्वागत करते हुए इमामी समूह के विभाष वर्धन अग्रवाल ने कहा, ''मार्क भारत के सबसे बहुमुखी युवा खिलाड़ियों में से एक हैं। वह हमारी टीम में एक मूल्यवान सदस्य होंगे। उनका भविष्य उज्ज्वल है और हम उनसे बेहतरीन प्रदर्शन लेने की कोशिश करेंगे।''

# अन्नदाताओं के हम सब ऋणी: भजनलाल

## बजट को लेकर पशुपालकों से मिले सीएम



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसानों एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि ही राजस्थान की समृद्धि का प्रतीक है। उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने से विकसित राजस्थान की मजबूत नींव तैयार होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि कृषक कल्याण के संबंधित विषयों को आगामी परिवर्तित बजट 2024-25 में सम्मिलित करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघ के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि एक व्यवसाय नहीं, कर्तव्य है जिसे किसान पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। विपरीत भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों में भी किसान अन्न पैदा कर हमारा पोषण कर रहे हैं। अन्नदाताओं के हम सब ऋणी हैं, यह ऋण नहीं चुकाया जा सकता है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकताओं की लिस्ट में कृषक कल्याण सबसे ऊपर रहा है। मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करने का कार्य किया था। हाल ही में प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में डीबीटी के माध्यम से देश के 9.26 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में करीब 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। इन लाभान्वित किसानों में राजस्थान के भी 65 लाख से अधिक किसान शामिल हैं, जिनके बैंक खातों में लगभग 1 हजार 300 करोड़ रुपए स्थानांतरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का छह माह का कार्यकाल भी किसानों के सर्वांगीण विकास को समर्पित रहा है। हमारी सरकार ने तत्परता से गेहूं की एमएसपी पर 125 रुपये का बोनस देकर 2,400 रुपये प्रति क्विंटल करने और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देय राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 8 हजार रुपये करने का महत्वपूर्ण निर्णय किया है। साथ ही, 10 हजार करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध भी करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण बिजली खरीद में घाटा रहा तथा दूसरे राज्यों को बिजली लौटानी पड़ रही है। हमारी सरकार ने दूरदर्शिता के साथ राज्य के विद्युत निगमों एवं केन्द्रीय उपक्रमों के मध्य 5 एमओयू व 1 पीपीए किए है। इससे आने वाले समय में प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने 40 हजार से अधिक कृषि कनेक्शन जारी करने और किसानों को बिजली के बिलों में 8 हजार करोड़ रुपये का अनुदान भी दिया है। साथ ही, 50 हजार से अधिक किसानों के खेतों में सोलर पंप स्थापित करने की स्वीकृति जारी की गई है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत 5 लाख गोपालकों को 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवा रही है।

**पशुपालक ने पैकेज्ड बोटल में ऊंटनी का दूध किया भेंट**

बीकानेर के प्रगतिशील पशुपालक गेनाराम राइका ने राज्य में तेजी से प्रचलित हो रहा ऊंटनी का दूध पैकेज्ड बोटल के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भेंट किया। प्रदेशभर से आये हुए प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघो के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री शर्मा के साथ बड़े उत्साह के साथ फोटो भी खिंचवाई।

**अमृत के समान है किसानों के लिए पानी**

शर्मा ने कहा कि किसानों के लिए पानी अमृत समान है। उनकी इस आवश्यकता की महत्ता के दृष्टिगत राज्य सरकार ने संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना (ईआरसीपी) पर मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के एमओयू कर परियोजना पर कार्य प्रारंभ कर दिया है। प्रथम चरण में 9 हजार 600 करोड़ रुपये के कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। यह परियोजना पूर्वी राजस्थान के किसानों का भाग्य बदलने में निर्णायक साबित होगी। इस परियोजना से 21 जिलों में निवासियों के लिए पेयजल के साथ-साथ लगभग 25 लाख किसानों की 2 लाख 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए भरपूर पानी उपलब्ध होगा। राज्य सरकार ने शेखावटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौते करने के साथ ही इंदिरा गांधी नहर परियोजना, माही बांध परियोजना को भी आगे बढ़ाया है।

# भारत और बांग्लादेश को जोड़ती हैं 54 नदियां: मोदी

## बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का भारत दौरा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत दौरे का शनिवार को दूसरा दिन था। राष्ट्रपति भवन में पीएम नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्हें सेरिमोनियल वेलकम दिया गया। पीएम हसीना से राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसके बाद जॉइंट स्टेटमेंट के दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'हम पिछले 1 साल में करीब 10 बार मिले हैं, लेकिन फिर भी पीएम शेख हसीना का यह दौरा अहम है, क्योंकि वे हमारे तीसरे कार्यकाल में पहली स्टेट गेस्ट के तौर पर आई हैं।' पीएम मोदी ने बताया कि दोनों देशों के बीच भारतीय करेंसी में व्यापार शुरू हो चुका है। पिछले साल दोनों देशों ने साथ मिलकर कई प्रोजेक्ट्स को पूरा किया। बांग्लादेश विकास में भारत का सबसे बड़ा पार्टनर है और उनके साथ हमारे रिश्ते बेहद अहम हैं। मोदी ने आगे कहा, 'भारत-बांग्लादेश मैत्री सैटेलाइट हमारे संबंधों को नई ऊंचाई देगी। हमारा फोकस दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। भारत और बांग्लादेश को 54 नदियां जोड़ती हैं। बांग्लादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर बातचीत के लिए जल्द एक टेक्निकल टीम बांग्लादेश जाएगी।' पीएम मोदी के स्टेटमेंट के बाद शेख हसीना ने कहा, 'भारत हमारे अहम पड़ोसी देशों में से एक हैं। हमारे रिश्तों की शुरुआत 1971 में आजादी की लड़ाई के साथ हुई। मैंने आज भी उस जंग में अपनी जान कुर्बान करने वाले भारतीयों को श्रद्धांजलि दी।' इसके बाद पीएम शेख हसीना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बांग्लादेश आने का न्योता दिया।

# प्रथम पेज का शेष...

### दूध के डिब्बों...

उप मुख्यमंत्री, राज्यों के वित्त मंत्री और अन्य मंत्री शामिल हुए। कुछ सीनियर अधिकारी भी इसमें शामिल हुए थे। निर्मला सीतारमण के वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के एक दिन बाद, जीएसटी काउंसिल ने 53वीं जीएसटी काउंसिल की मीटिंग की तारीख की घोषणा की थी।

### आर्थिक स्वतंत्रता तक...

राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार, राजसमंद विधायक दिप्ती किरण माहेश्वरी के अलावा लक्ष्मीकांत भारद्वाज एवं हेमलता शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं तथा स्कूल-कॉलेज की छात्राएं उपस्थित थीं।

**नारी शक्ति के हित में हुए कई ऐतिहासिक फैसले**

शर्मा ने कहा कि हमारी बहन और बेटियां देश और प्रदेश की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं इसके लिए सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने सहित कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। प्रदेश के 73 लाख परिवारों की महिलाओं को 450 रूपए में रसोई गैस सिलेण्डर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना के तहत गर्भवती और धात्री महिलाओं को दी जाने वाली राशि भी बढ़ाकर 6500 रूपए कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'लाडो प्रोत्साहन' योजना में गरीब परिवारों में बालिकाओं के जन्म पर 1 लाख रूपए का सेविंग बॉन्ड देने, पंचायती राज, नगरीय निकाय तथा आंगनबाड़ी कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने के साथ ही साथिन कार्यकर्ताओं का मानदेय भी बढ़ाया गया है। शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में प्रदेश महिला अत्याचार के मामलों में अव्वल हो गया था। महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस करती थीं लेकिन हमारी सरकार ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 'एंटी रोमियो स्क्वाड' का गठन किया है।

बेटियों के साथ ही बेटों को भी मिलेंगे पूरे अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवा चिंता ना करें, सरकार बेटियों के साथ ही उन्हें भी आगे बढ़ने के पूरे अवसर उपलब्ध करवाएगी। आगामी दिनों में राज्य के विभिन्न विभागां में रिक्त पदों पर चरणबद्ध तरीके से भर्ती परीक्षाएं आयोजित कर उन्हें भरा जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश में स्थापित होने वाले उद्योगों में भी युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर मिलेंगे। शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि देश की आधी आबादी सशक्त और मजबूत बने इसलिए उन्होंने देश की 3 करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा है। 'सुकन्या समृद्धि' योजना के तहत 3.2 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर शौचालय का निर्माण कर महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति दी गई है और अब तो प्रधानमंत्री आवास योजना में भी आवास महिलाओं के नाम ही आवंटित किया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने में नारी शक्ति की अहम भूमिका है। राज्य सरकार विकसित राजस्थान और विकसित भारत के लिए नारी शक्ति के हित में निरंतर फैसले करती रहेगी।

### भविष्य सुधार सेवा...

अवैध रूप से आवासित कर रखा था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों द्वारा विमंदित लड़के व लड़कियों को एक ही परिसर में बिना किसी विभाग में पंजीकृत करवाएं हुए रखा गया है। दस्तयाब बालिका ने बताया कि मोनिका जांगिड़ मुझे प्रताड़ित व शोषण करती थी तथा संस्था में झाड़ू पोछा बर्तन साफ सफाई व कपड़े धुलवाने का कार्य करवाती थी। टॉयलेट के कपड़े भी साफ करवाती थी। समय पर खाना नहीं मिलता था। मना करने पर आरोपिया मारपीट करती थी तथा कहीं जाने नहीं देती और जबरन अपने पास बंधक बनाकर रखती थी। इतना ही नहीं आरोपियां विमंदित श्रेणी के बच्चों के साथ मारपीट करती थी एवं बच्चों में परस्पर अनैतिक कार्यों को बढ़ावा देती थी। पुलिस ने आईपीसी की धारा 370, किशोर न्यायअधिनियम की जेजे एक्ट की धारा 42 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम की धारा 89 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चचेरा भाई ही...

ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। मुकेश को 19 जून की सुबह श्रीगंगानगर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। मुकेश के भाई अर्जुन (20) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर 19 जून को रावतसर थाना में अज्ञात व्यक्ति पर हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। जानकारी के मुताबिक मुकेश के परिवार वालों ने तत्काल ही पुलिस के समक्ष जाहिर कर दिया था कि इस घटना के पीछे जगतपाल का हाथ हो सकता है। जगतपाल और मुकेश में घटना से कुछ दिन पहले बोलचाल हो गई थी। बताया जा रहा है कि जगतपाल गांव में एक युवक के साथ अक्सर दिखाई देता था। मुकेश उसे इस युवक के साथ दोस्ती न करने के लिए चचेरे भाई जगतपाल को कहता था।इसी बात को लेकर दोनों में अनबन हो गई,जिसके चलते जगतपाल ने इस घटना को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक अस्पताल में भर्ती मुकेश की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।वह प्राइवेट हॉस्पिटल के आईसीयू वार्ड में उपचारधीन है।

### चोरी के...

के अलावा हरियाणा के साथ लगते सिरसा, डबवाली तथा रानियां इलाके में मोटरसाइकिल चोरी की वारदातें कर रहे थे।बरामद हुए 14 में से 13 मोटरसाइकिल हरियाणा से चोरी किए हुए हैं। उन्होंने बताया कि सुशील और आशीष को चोरी के मोटरसाइकिल खरीदने- बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।प्रवीण उर्फ पीना तथा कुलदीप नशा करने के आदी हैं। नशे की पूर्ति के लिए मोटरसाइकिल चुराकर सस्ते भाव में बेच देते थे। फिलहाल इन पांच आरोपियों को 19 जून को विजय अरोड़ा (54) निवासी वार्ड नंबर 10 सेक्टर नंबर 12 हनुमानगढ़ जंक्शन द्वारा 17 जून को उसकी मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना में गिरफ्तार किया गया है।

### जिला कलक्टर ने...

समाधान कराने के लिए कहा । जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री आमजन की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही हो, इसके लिए गम्भीर है। इसलिए आगामी दिनों में भी प्रशासनिक अधिकारी गांव में निरंतर जनसुनवाई करते रहेंगे।

योजनाओं से किया आमजन को जागरूक

रात्रि चौपाल में कृषि, शिक्षा, पीएचईडी, सिंचाई, आईसीडीएस, चिकित्सा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया। ग्रामवासियों ने स्वच्छता तथा पेयजल की समस्याओं के संबंध में दिए परिवाद पर जिला कलेक्टर ने पीएचईडी एक्सईएन लाल बहादुर गोदारा को दूसरे दिन ग्रामीणों के साथ बैठक करने और मौका स्थिति का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एक परिवादी ने सड़क तथा नहर के किनारे पेड़ों की कटाई होने के बाद पौधारोपण नहीं होने का परिवाद दिया, जिला कलेक्टर ने इसकी जांच करने के निर्देश दिए।

निर्माण कार्य में गुणवत्ता जांच के निर्देश

परिवादियों ने आबादी भूमि का विस्तार करने, झांसल से बीरान तक सड़क का निर्माण करने, रूट पर रोडवेज की बसें चलाने तथा पानी निकासी के लिए सड़क के नीचे एक और मोगा बनवाने जैसे परिवाद दिए। ग्रामवासियों ने सिंचाई विभाग के ठेकेदार पर खाले के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने तथा घटिया सामग्री इस्तेमाल करने के आरोप लगाए, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जिला कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी विभाग को गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए।

**भादरा चिकित्सालय में दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए शिविर**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि प्रत्येक गुरुवार को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने के लिए नोहर के उप जिला चिकित्सालय में शिविर का आयोजन किया जाता है। इस बार भादरा में जल्द ही इसके लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। रात्रि चौपाल में भादरा एसडीएम ओपी चंदेलिया, तहसीलदार मोनिका बंसल, एसीईओ सुनील छाबड़ा, विद्युत विभाग एसई रजीराम सहारण सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### केन्द्र से मांगा...

मांग की। बैठक में राजस्थान के सुझाव और प्रस्ताव को रखते हुए दीया कुमारी ने कहा-राजस्थान के 21 जिलों में पीने और सिंचाई के लिए मौजूदा सरकार ने 'पूर्वी राजस्थान कैनाल परियोजना' पर काम शुरू करने की घोषणा की है, जिस पर केन्द्र से सहयोग की जरूरत है। इस योजना पर जल्द काम शुरू करवाया जा सके, इसके लिए इस बजट में घोषणा करने की मांग की है। इसी के साथ दीया कुमारी ने पिछले 5 सालों में राजस्थान में संचालित 'जल जीवन मिशन' की प्रगति रिपोर्ट केन्द्रीय मंत्री के समक्ष रखते हुए इस मिशन को अधिक मजबूती देने तथा इसके लक्ष्यों को हासिल करने के लिए केंद्र सरकार से और अधिक सहयोग राशि देने की मांग की। दीया कुमारी ने बतायाकि हमने केंद्रीय मंत्री के समक्ष राजस्थान में लंबित 3 प्रमुख रेल परियोजनाओं के लिए भी बजट मांगा है। इसमें डूंगरपुर-रतलाम ट्रेक वाया बांसवाड़ा के लिए प्रमुखता से है। ताकि इन परियोजनाओं को जल्द मूर्त रूप देकर राजस्थान के दूरस्थ इलाकों में रेल कनेक्टिविटी दी जा सके। इसके साथ उन्होंने मौजूदा नेशनल हाइवे जिन पर राज्य में काम चल रहा है, उनके प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए भी बजट में सहयोग देने की मांग की है।

# प्रथम ओपन टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पहले दिन हुए रोमांचक मैच

## आज समापन समारोह में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को किया जाएगा सम्मानित

तेज. रिपोर्टर | श्रीगंगानगर



अरोड़वंश पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रथम ओपन टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शनिवार सुबह समारोहपूर्वक आगाज हुआ। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि नोजगे पब्लिक स्कूल के खेल निदेशक सुरजाराम सिहाग तथा विशिष्ट अतिथि श्री अरोड़वंश ट्रस्ट कोषाध्यक्ष सन्नी नागपाल, शारीरिक शिक्षक व्याख्याता आत्माराम भादू एवं प्रधानाचार्य सूर्यकांत थे। आयोजन सचिव प्राचार्य सचिन कुक्कड़ ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार सांय तक खेले गए रोमांचक मैचों में बालक 11 वर्ष आयु वर्ग में सार्थक (नोजगे) ने स्वर्ण पदक, आगाज (ब्लूमिंग डेल्स) ने रजत पदक एवं आदित्य जैन (नोजगे) ने कांस्य पदक जीता। इसी प्रकार बालक 13 वर्ष आयु वर्ग में रूद्रांश (ब्लूमिंग डेल्स) ने स्वर्ण पदक, सार्थक (नोजगे) ने रजत पदक एवं आगाज (ब्लूमिंग डेल्स) ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, बालक 15 वर्ष आयु वर्ग में रजत पदक विजेता रूद्रांश (ब्लूमिंग डेल्स), रजत पदक विजेता नवदेश (नोजगे) एवं कांस्य पदक विजेता अश्विनी (नोजगे) रहे। इसी प्रतियोगिता के यूथ 19 वर्ष आयु वर्ग में पहले संघर्षपूर्ण सेमीफाइनल मुकाबले में अबोहर के हर्षवीर ने श्रीगंगानगर के अमन रावत को तथा दूसरे सेमीफाइनल में गुड शेफर्ड स्कूल के संकेत शर्मा ने नोजगे स्कूल के नवदेश को हराकर फाइनल में स्थान बनाया। समाचार लिखे जाने तक 17 वर्ष आयु वर्ग में क्वार्टर फाइनल मुकाबले चल रहे थे। प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर सहित हनुमानगढ़, भादरा, कोनी, अबोहर आदि स्थानों से 100 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। बालिकाओं के सभी आयु वर्ग के मैच 24 जून, रविवार सुबह 9 बजे से खेले जाएंगे। प्रतियोगिता समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह रविवार सांय 5.30 बजे होगा, जिसमें श्री अरोड़वंश ट्रस्ट अध्यक्ष अंकुर मगलानी, सचिव नीरज चावला सीए तथा कोषाध्यक्ष सन्नी नागपाल द्वारा स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# पर्चियों से सीएम बनाना घोटाला: डोटासरा

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी, केंद्र सरकार और राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला है। डोटासरा ने कहा-देश में एक और घोटाला चल रहा है, ये जो पर्चियों से मुख्यमंत्री बना रहे हैं, यह भी आने वाले समय में देश का सबसे बड़ा घोटाला साबित होगा। ये सक्षम व्यक्ति को मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे, इनको पपेट चाहिए, जो इनके इशारे पर काम कर सके। डोटासरा ने सीएम भजनलाल शर्मा पर निशाना साधते हुए कहा-इन्हें ऐसे कठपुतली चाहिए जो दिल्ली फोन करें प्रधानमंत्रीजी सो जाऊं क्या, अमित शाह जी उठ जाऊं क्या? अमित शाह जी मैं आज नागौर का दौरा कर लूं क्या? अमित शाह जी आज मैं बाड़मेर चला जाऊं क्या? प्रदेश में हो क्या रहा है? पर्ची देकर कितने दिन सरकार चलाओगे? यह क्या मजाक चल रहा है? डोटासरा ने कहा-शिक्षा मंत्री रहते मेरे पर आरोप लगाए, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर आरोप लगाए। अगर बेईमानी की है और तुम्हारे में हिम्मत है तुम पकड़ कर बताओ। बातें करना बहुत आसान है। आरोप लगाना बहुत आसान है। उन्होंने कहा-सत्ता लूटने के लिए जो पर्सेप्शन क्रिएट किया गया, वह ज्यादा दिन नहीं चलेगा। अपराधी को पकड़ोगे तो कंधे से कंधा मिलाकर मदद करेंगे, लेकिन रोजाना भाषण बाजी करना, फोटो खिंचवाना यह शोभा नहीं देता है।

# डीपीसी के बाद 8 जुलाई तक उप प्राचार्यों का किया जाएगा पदस्थापन

जयपुर। राजस्थान शिक्षा विभाग की विभागीय पदोन्नति समिति की ओर से उप प्राचार्य की वर्ष 2022-23 की डीपीसी के बाद उनके पदस्थापन को लेकर शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। पदस्थापन से पहले शाला दर्पण पोस्टिंग मैनेजमेंट सिस्टम पर ऑनलाइन काउसलिंग प्रक्रिया का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा उप प्रधानाचार्य की वर्ष 2022-23 की 9998 अयर्थियों की चयन सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी के आदेश के अनुसार 22 से 24 जून तक विशेष वर्ग की जानकारी के लिए निर्धारित प्रपत्र जारी कर सूचना प्राप्त करना, 25 से 27 जून तक प्राप्त सूचना के आधार पर अस्थाई वरीयता सूची विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशन कर वरीयता सूची के संदर्भ में आपत्तियां मांगना, 28 जून को एनआईसी शाला दर्पण जयपुर /बीकानेर एवं संस्थापन एबी अनुभाग (निदेशालय) की ओर से आपसी समन्वय से अपलोड डाटा का सत्यापन और 30 जून को प्राप्त अंतिम आपत्तियों के आधार पर संशोधन करते हुए स्थाई वरीयता सूची का प्रकाशन एवं शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप रिक्तियों का प्रकाशन किया जाएगा। 01 से 04 जुलाई तक वरीयता सूची में उल्लेखित आशार्थियों की ओर से विद्यालयों का चयन एवं ऑप्शन लॉक किया जाएगा। 05 जुलाई को आशार्थियों की ओर से लिए गए विकल्पों के आधार पर एनआईसी एवं शाला दर्पण जयपुर/बीकानेर की ओर से रिजल्ट रिपोर्ट तैयार करना। 08 जुलाई को तैयार रिजल्ट रिपोर्ट के आधार पर पदस्थापन संबंधी आदेश जारी किए जाएंगे।

# नेठराणा में फ्री जल सेवा समिति की सेवाए निरंतर जारी

भादरा। उतर भारत के सबसे बड़े मेले गोगामेड़ी में स्थित नेठराना फ्री जल सेवा समिति की जल सेवा निरंतर जारी है। हर दिन ग्रामीण अपनी-अपनी सेवाएं देने आ रहे हैं। समिति अध्यक्ष पृथ्वी चाहर बताया कि इसी दौरान छबील लगाई जिसमें कोषाध्यक्ष साधुराम स्वामी, उपाध्यक्ष रामेश्वरलाल मेट, सचिव भूरिदत शर्मा, पूर्व अध्यक्ष बद्री प्रसाद छिम्पा, मोक्षधाम समिति के मुखराम मीणा, बालाजी सेवा समिति की ओर से भगतराम बेनीवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सचिव मांगेराम सहारन, उपाध्यक्ष गिरधारी सोनी, व्यवस्थापक हरिकिशन शर्मा, मदन गोस्वामी, भूराराम करीर, दीपचंद गोदारा, रघु सेवदा, श्रवण भाम्भू, प्रमोद करीर, महेंद्र मान, चिरंजीलाल चाचान, आदराम स्वामी, मोहन शर्मा पुजारी, राजेंद्र कस्वां के साथ-साथ गांव की बेटियों भी सेवाएं दी। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी पानी की सेवा निश्शुल्क की गई। यह समिति भाद्रपद माह में चलने वाले मेले के दौरान 24 घंटे फ्री जल सेवा उपलब्ध करवाती है।

# योग से स्वस्थ कैसे रहे के लिए नि:शुल्क शिविर आज अग्रसैन भवन में

**रावतसर।** गुरुदेव सियाग सिद्धयोग संस्थान द्वारा आज शाम 6 बजे, श्री अग्रसैन भवन धर्मशाला मे सिद्धयोग का नि:शुल्क शिविर आयोजित किया जायेगा अध्यात्म विज्ञान सत्संग केन्द्र, जोधपुर की ओर से आयोजित एक दिवसीय कैंप मे साधक मे प्राणायाम, आसन, बंध, मुद्राएँ आदि स्वयं के नियंत्रण मे करवाई जाती है अलग अलग बिमारियों के लिए अलग अलग योग करवाए जाएगे कार्यक्रम का आयोजन जोधपुर से चन्दन परमार एवं पंकज शर्मा करेंगे पंकज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम पूर्णतया निशुल्क है, किसी भी तरह के पूर्व रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं हैअधिक से अधिक सख्या मे पहुच कर योग शिविर का लाभ उठाए।

# अखिल भारतीय धानका समाज ने धूमधाम से मनाई संत कबीरदास जयंती



**हनुमानगढ़।** अखिल भारतीय धानका समाज द्वारा शनिवार को टाउन की धानमंडी में संत करीब दास की 626 वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर अखिल भारतीय धानका आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश डाबला, प्रदेश प्रभारी सेवाराम नागर व राष्ट्रीय प्रवक्ता मदनलाल किराड़ ने सयुक्त रूप से कबीरदास जी की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रजवलित एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रमेश डाबला ने बताया कि संत कबीर समाज सुधारक थे। इस मौके पर भंडारे का आयोजन किया भी किया गया। भंडारे में भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी फूलचंद किराड़, जिलाध्यक्ष बालकृष्ण इंदौरा, महासचिव व तोला मजदूर यूनियन अध्यक्ष सतपाल मौर्य, महामंत्री विनोद लुगरिया, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष संजय होटला, मोहनलाल किराड़, धर्मपाल लुगरिया, कृष्ण लुगरिया सहित भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# पुलिस साहयता संगठन ने लगाई गन्ने के रस की छबील



**हनुमानगढ़।** इस भीषण गर्मी को देखते हुए पुलिस सहायता संगठन हनुमानगढ़ द्वारा शनिवार को टाउन के सिरकी बाजार सब्जी मंडी रोड पर गने के रस की छबील लगाई गई। इस मौके पर संगठन की टीम द्वारा आने-जाने वाले राहगीरों को ठंडा मीठा गने का रस पिलाकर उनकी प्यास भुजाई गई। इस अवसर पर पुलिस साहयता संगठन जिलाध्यक्ष भीमसेन सोनी, उपाध्यक्ष लखवीर सिंह लखा, महासचिव विनोद जोइया, सुभाष, अमित, देवराज, विष्णु बिश्नोई, गुरप्रीत संधू, कुलविंदर गिल, सुमित, बूंटा सिंह, विनोद जांगिड़, राजेश जांगिड़, जय श्रीराम, अनिल शाक्य आदि ने अपनी सेवाएं दी।


# कार्यालय प्राचार्य, श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोहर

क्रमांक ~ एफ ( ) लेखा/रामनो/2024/1028 दिनांक: 22.06.2024

## विज्ञप्ति

आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर पत्र क्रमांक एफ 1 (02) विद्या सम्बल / आकाश / गे.फै / दिशा निर्देश / 21-00638 / पार्ट - 1 / 8029676 दिनांक 21.06.2024 की अनुपालना में 'विद्या सम्बल योजना' के अन्तर्गत 24 सप्ताह अथवा 28 फरवरी, 2025 तक जो भी पहले हो (अधिकतम 14 साप्ताहिक घंटे अनुसार ) 800 /- रुपये प्रति कालांश मानदेय के आधार पर अतिथि शिक्षक ( पूर्णतया अस्थाई) के रुप में निम्नलिखित राजसेस महाविद्यालयो के सम्मुख अंकित विषय के अध्यापन कार्य हेतु दिनांक 27.06.2024 को सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र मय वांछित दस्तावेज सहित (डाक या व्यक्तिश) आमंत्रित हैं। आवेदन पत्र, शपथपत्र एवं विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcnohar पर उपलब्ध है।

**राजकीय कन्या महाविद्यालय, नोहर** : भूगोल, अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन

**राजकीय महाविद्यालय, रावतसर** : हिन्दी साहित्य, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी साहित्य, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र

**राजकीय महाविद्यालय, पल्लू** : भूगोल, हिन्दी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र

**राजकीय कृषि महाविद्यालय, नोहर** :

01. Agronomy 02. Plant Breeding & Genetics 03. Soil Science & Agricultural Chemistry
04. Entomology 05. Agricultural Economics 06. Agricultural Engineering
07. Plant Pathology 08. Horticulture 09. Agricultural Extension & Communication
10. Language English 11. Animal Production 12. Statistics, Computer Application and I.P.R.
13. Remedial Courses (Introductory Biology / Elementary Mathematics)
14. Biochemistry/Physiology/Microbiology/Environmental Sciences (Basic Science)

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोहर

# कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने गोपालपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल में सुनी आमजन की फरियाद

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने सुजानगढ़ ब्लॉक की गोपालपुरा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके तत्काल एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर जिला कलक्टर ने ग्रामीणों ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। स्वयं मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के स्तर पर आमजन की समस्याओं और उनके समाधान की समीक्षा की जाती है। इसलिए ग्रामीण उचित तरीके से अपनी समस्याएं रखें, उनके समाधान के लिए समुचित प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित करें कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़े तथा लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध ढंग से निस्तारण हो। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि बताई गई समस्याओं का लगातार फॉलोअप का निस्तारण किया जाएगा। एडीएम मंगलाराम पूनिया ने कहा कि गोपालपुरा गांव विकासशील सोच वाले जागरुक लोगों के गांव के तौर पर चर्चित है। ग्रामीण स्वयं जागरुक होकर सरकार की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ उठाएं तथा यह कोशिश करें कि योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच सके। गोपालपुरा सरपंच सविता राठी ने जिला कलक्टर को ग्राम पंचायत में हुए विशिष्ट विकास कार्यों की जानकारी दी तथा विभिन्न आवश्यकताओं से भी अवगत करवाया। सरपंच राठी ने बताया कि स्टेट हाईवे के पास होने, खनन कार्य चलने तथा छापर रोड बंद होने से छोटी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन बढ़ गया है, इसलिए यहां बाईपास का निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने कटानी रास्ते से अतिक्रमण हटाने और राजस्व विभाग द्वारा रास्ता चिन्हित किए जाने के बावजूद सानिवि द्वारा सड़क नहीं बनाए जाने की बात कही, जिस पर जिला कलक्टर ने एडीएम मंगलाराम पूनिया सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए। सरपंच राठी ने इस दौरान गोचर में अवैध खनन को रोकने के लिए गोचर में चल रही खनन लीज बंद किए जाने, पीएचसी एवं पशु चिकित्सालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति करने, सूरवास सहित ढाणियों में बिजली-पानी समस्याओं के समाधान, गोचर एवं आबादी भूमि की पैमाइश सेटलमेंट टीम से करवाने, सूरवास को तालछापर से हटाकर डायरेक्ट विद्युत लाइन से जोड़ने की जरूरत बताई, जिस पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। राठी ने पंचायत में भामाशाहों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में बनवाए जा रहे 11 कमरों, शौचालय, प्याऊ तथा ऑडिटोरियम की भी जानकारी दी। रात्रि चौपाल में एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार सुभाष चंद्र, एक्सईएन धीरचंद, सीबीईओ ओमप्रकाश केवटिया, एक्सईएन रामावतार सैनी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी बाबूलाल, गिरदावर मानवेंद्र कुमार, पटवारी महिपाल बिस्सू, उप सरपंच गणपत दास स्वामी, ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार, कनिष्ठ सहायक ज्योति कच्छावा, त्रिलोक मेघवाल, पंच विक्रम चायल सूरवास आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व पंडित हरिप्रसाद ने स्वास्ति वाचन से चौपाल का आरंभ किया। महिलाओं ने मंगल गीत एवं पुष्प वर्षा से जिला कलक्टर एवं अधिकारियों का स्वागत किया।

# विधायक ताराचंद सारस्वत ने किया केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का स्वागत

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के मोदी सरकार में कानून मंत्री बनने के पश्चात बीकानेर पधारने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बीकानेर रेलवे स्टेशन पर पुष्प गुच्छ भेंटकर कर स्वागत किया तत्पश्चात 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के साथ बीकानेर स्थित रेलवे स्टेशन हॉल में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए और योगाभ्यास किया। इस दौरान विधायक ताराचंद सारस्वत ने श्अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसश् पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की तथा विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा की योग भारतीय संस्कृति की एक प्राचीन विधा है,जो शरीर और मन को नवीन ऊर्जा एवं शुद्धि प्रदान करती है। सभी को योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष राम गोपाल सुथार, बीकानेर महापौर सुशीला राजपुरोहित, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चम्पालाल गेदर, नोखा पूर्व बिहारीलाल बिश्नोई, किशनाराम गोदारा, विनोद गिरी गुसाई, रजनीकांत सारस्वत, पवन स्वामी, बीकानेर पूर्व महापौर नारायण चोपड़ा जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी गण समस्त कार्यकर्तागण, अधिकारी गण सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# 7वां भंडारा व सत्संग का आयोजन

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा



ग्राम भागसर की बाबा शांतिनाथ महाराज की कुटिया पर 7वां भंडारा एवं सत्संग शनिवार को हुआ। लाभ सिंह सिद्धू ने बताया कि संत कृष्ण रामस्नेही संप्रदाय द्वारा श्रद्धालुओं को भगवान की कथा का रसपान कराते कहा कि हमें वर्तमान में जीवन जीना चाहिए। भूतकाल व भविष्य की चिता हमेशा परेशानी व दुख का कारण बनती है,इसलिए संत महात्मा एवं महापुरुषों की जीवनी से प्रेरणा लेकर हमेशा समाज के उत्थान के लिए कार्य करने चाहिए। इसके अलावा मौजूद संगत को बताया कि सत्संग का सबसे बड़ा लाभ ईश्वर-साक्षात्कार प्राप्त गुरु के प्रत्यक्ष रूप को पहचानना है जो हमें आध्यात्मिकता सिखाते हैं। गुरु एक ढाल है जो हमें इस गलत समझ से बचाता है कि हम यह शरीर हैं। गुरु एक तलवार भी है जो सच्चा आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करके हमारी अज्ञानता को काटता है और हमे सही मार्ग भी दिखाता है। आरती के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। संत रामस्नेही कृष्ण द्वारा बाबा का गुणगान किया गया। गुरु का अटूट लंगर भी बरताया जाएगा। इस मौके लाभ सिंह सिद्धू, जसवीर सिंह, बाबूलाल, रामलाल धनराज,सुभाष चंद्र, दर्शन सिंह, गुरप्रीत सिंह, राजू राम, ओमप्रकाश, गोपाल राम, नरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार महार आदि सहित ग्रामीण एवम कमेटी सेवादार मौजूद थे। इससे पहले कुटिया प्रांगण में दिनभर धार्मिक आयोजन हुए।सभी ने भगवान के दरबार में पूजा अर्चना कर सर्वभले की प्रार्थना की।

# लायंस क्लब द्वारा राजकीय डेडराज भरतिया जिला अस्पताल में वाटर कूलर का लोकार्पण

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



लायन्स क्लब द्वारा एक वाटर कूलर मय राजकीय डेडराज भरतिया जिला अस्पताल में की इस चिलचिलाती गर्मी में रोगियों एवम उनके अटेंडेंट की सुविधा हेतु लगाया गया। क्लब के लायन सुनील रंजन टकणेत ने बताया कि राजकीय डेडराज भरतिया जिला अस्पताल में एक वाटर कूलर मय त्व् स्व. सावित्रीदेवी धर्मपत्नी स्व. सेवाराम जी लखोटिया की पुण्यस्मृति में उनके परिवार के द्वारा लायंस क्लब चूरू की प्रेरणा से लगाया गया है जिसका लोकार्पण आज पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में, विधायक चूरू श्री हरलाल सहारण, अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. शशिकांत अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य एवम क्लब अध्यक्ष लायन चंद्रप्रकाश खत्री की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र राठौड़ ने लखोटिया परिवार एवम लायंस क्लब के धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि चूरू में सामाजिक सरोकार में लखोटिया परिवार एवम लायंस क्लब एक विशेष स्थान है, पूर्व में भी भरतिया अस्पताल में एक वाचनालय भी लखोटिया परिवार द्वारा लायंस क्लब की प्रेरणा से बनाया गया था, और चुरू में लायंस क्लब द्वारा मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए जो अदभुत सेवा कार्य किए जा रहे हैं वे सभी के लिए मिसाल है आगे भी ये सिलसिला जारी रखने की आशा रखते हुए साधुवाद दिया। कार्यक्रम में इस जलमंदिर के प्रेरक लायन आर. सी. राजोतिया, रीजन चौयरपर्सन सुनील रंजन टकणेत, सचिव ताराचन्द प्रजापत, कोषाध्यक्ष मुकुल सिगतिया, शैलेन्द्र माथुर, डॉ. एस. एम. शर्मा, बालकिशन राजगढ़िया, विनोद शर्मा, अनुराग शर्मा, राजीव शर्मा, महेंद्र धानुका, अशोक जांगिड़, विजय इसरानी, सुरेश सारस्वत, चंद्रप्रकाश भारद्वाज, डॉ. गोविंदराम, डॉ. आनंद प्रकाश, पंकज धौलपुरिया, डॉ. नेहा चौधरी, सुभाष सिहाग आदि उपस्थित थे।

## गांव जसाना में सप्लाई के दौरान लीकेज से व्यर्थ बहता पानी



**तेज रिपोर्टर. चारणवासी।** गर्मी में पेयजल की किल्लत है लेकिन गांव जसाना में विभागीय लापरवाही के कारण आए दिन सप्लाई के दौरान पानी व्यर्थ बह रहा है। जसाना से मोधूवाली ढाणी आने वाली सडक़ पर पाइप लाइन लीकेज से गड्ढा बना हुआ है। गड्ढा भरने के बाद पानी सडक़ से होता हुआ खेतों में जा रहा है पानी बर्बादी के साथ सडक़ के पूर्व दिशा के खेतों में जाने से किनारे पर कटाव लग रहा है। लीकेज के गड्ढे में कुत्ते नहाते हुए देखे गए है। सप्लाई बंद होने से दूषित पानी गड्ढे से पाइप में चला जाता है और अगले दिन सप्लाई शुरू करते ही दूषित पानी घरों में पहुंच रहा है। दूषित पानी के सेवन से लोग जन जनित बीमारियों के शिकार हो रहे है इसके अलावा गांव की गलियों में कई जगह लीकेज से पानी व्यर्थ बह रहा है। ग्रामीणों ने विभाग के प्रति रोष व्यक्त करते हुए गांव में लीकेज चिन्हित कर दुरूस्त करवाने की मांग की है।

## दुर्गा भवन में सम्मान समारोह आज

**तेज रिपोर्टर. चूरू।** स्वर्णकार समाज मित्र मंडल के तत्वाधान में सम्मान समारोह आयोजन आज 23 जून को दुर्गा भवन में किया जायेगा। सम्मान समारोह में सुजानगढ निवासी समाज सेवी श्यामसुन्दर सोनी व चूरू शहर के स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ जनों जो कि 75 वर्ष की आयु में प्रवेश कर चुके हैं या इससे अधिक उम्र के है, उनका का सम्मान किया जाएगा। स्वर्णकार समाज मित्र मंडल नगर के समस्त स्वर्णकार समाज बंधुओं को दुर्गा भवन दोपहर सवा एक बजे पहुंचने का आहवान किया। स्वर्णकार समाज मित्र मंडल गठन के पश्चात् सम्मान समारोह आयोजन पहली बार किया जा रहा है।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आज होगा श्रद्धा सुमन कार्यक्रम

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आज रविवार को श्रद्धा सुमन कार्यक्रम आयोजित होगा। महेश गुप्ता के अनुसार रविवार शाम 5.30 बजे कस्बे की नई धान मंडी के पी ब्लॉक में स्थित रमन बाघला की दुकान पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओ द्वारा उनके जीवन मूल्य एवम उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए संयोजक रमन बाघला एवं सहसंयोजक महेश पारीक बनाए गए है। कस्बे वासियों एवं कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया गया है।

# गांव के ही व्यक्ति ने किसान के खेत से केबल चुराई, पंचायत में स्वीकारी चोरी की वारदात को

तेज | रमेश भार्गव. ऐलनाबाद

खंड के गांव मिठी सुरेरा के जीतराम पुत्र भोमाराम के खेत मे लगी 60 फुट केबल को उसी गांव के एक व्यक्ति ने चुरा ली। आरोपी ने पंचायत के समक्ष अपना जुर्म कबूल भी कर लिया है। पुलिस ने पीड़ित किसान की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मिठी सुरेरा के जीतराम पुत्र भोमाराम ने बताया कि वह खेतीबाडी का काम करता है। गत रात्रि करीब 9 बजे वह अपने खेत में पानी लगाने को मोटर पर गया। जब उसने स्टार्टर ऑन किया तो मोटर नहीं चली। फिर उसने देखा तो मोटर से करीब 60 फुट केबल कटी हुई थी। जब वह वापस अपने घर जा रहा था तो रास्ते मे उसे एक घर से काला धुआं निकलता दिखाई दिया। उसे केबल जलने की बदबू भी आई। शक होने पर उसने फोन करके एक दो लड़के मौके पर बुला लिये। जब उन्होंने जीतराम पुत्र काशीराम के घर के अन्दर जाकर देखा तो वे लोग चुल्हे मे केबल जला कर उसमे से तांबा निकाल रहे थे। फिर उसने गांव के सरपंच, कई मौजूदा व्यक्तियों व पुलिस को फोन करके बुला लिया। अब उसका शक यकीन में बदल गया। जिस जीतराम पुत्र काशीराम ने रात के समय केबल चोरी की हाँ नहीं भरी थी, उसने भरी पंचायत के सामने जीतराम पुत्र भोमाराम के खेत से 60 फुट केबल चुराने की बात स्वीकार की है। पीड़ित जीतराम ने आरोपी जीतराम पुत्र कासी राम के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित किसान की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पूर्व सैनिकों की संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल मिश्र से की मुलाकात

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



पूर्व सैनिक संघर्ष कमेटी चूरु के सोमवीर रणवा ने बताया की आज पूर्व सैनिकों की प्रदेश गौरव सैनानी एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात किया। च्ळै। के अध्यक्ष कैप्टन किशनलाल चौधरी ने बताया कि इस मुलाकात के दौरान महामहिम से पूर्व सैनिकों के वर्तमान मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की और बताया कि राजस्थान में पूर्व सैनिक अपनी मांगों को लेकर पिछले 2 वर्षो से आंदोलनरत है। सत्येन्द्र मांजू और सुरेश शर्मा ने महामहिम राज्यपाल महोदय को बताया कि पूर्ववर्ती प्रदेश कांग्रेस सरकार ने पूर्व सैनिकों की पुनर्वास 1988 की योजना में 07 दिसम्बर 2022 को जातीय आधार पर संशोधित कर दिया। जिसने सैनिकों के मनोबल को तोड़ने का काम किया। जिसके परिणामस्वरूप पूर्व सैनिकों को प्रत्येक भर्ती में सभी श्रेणियो (क्लास ए, बी, सी और डी) में लगभग 60ः पदो का नुकसान हो रहा है। भंवर सिंह राठौड़ ने बताया कि तौ 2023 की भर्ती में पूर्व सैनिकों के आरक्षित वर्गों को एसडीएम, आरपीएस और लेखा अधिकारी बनने से वंचित कर दिया है। केवल और केवल जनरल कैटेगरी में ही 1-1 सीट आती है। ऐसे ही हर भर्ती में नुकसान हो रहा है। इसके अलावा सुरेश शर्मा,भांगीवाद ने पूर्व सैनिकों के अन्य मुद्दों को भी राज्यपाल महोदय के समक्ष रखा। राज्यपाल महोदय ने आश्वस्त किया है कि आपकी मांगों को लेकर जल्द ही उच्च स्तर पर बात किया जाएगा और जल्द से जल्द निस्तारण करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस मुलाकात के दौरान प्रदेश गौरव सैनानी एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टेन किशनलाल चौधरी और नवरत्न टीम से सत्येन्द्र मांजू, सुरेश शर्मा और भंवर सिंह राठौड़ शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत सिरसा जिले के 853 पात्र लाभार्थी चिन्हित, 24 जून को होगा ड्रॉ

तेज | रमेश भार्गव. ऐलनाबाद

मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत सिरसा जिले के 853 पात्र लाभार्थी चिन्हित कर लिए गए हैं। इन लाभार्थियों को सिरसा के सेक्टर 20 में प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र सिंह ने बताया कि किस लाभार्थी को कौन से नम्बर का प्लॉट मिलेगा, इसके लिए 24 जून को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हाल में ड्रॉ निकाला जाएगा। इसके उपरांत 26 जून को रोहतक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से उन्हें प्लॉट के प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने हाउसिंग फॉर ऑल के तहत कम आय वाली श्रेणी के लोगों को अंशदान आधार पर प्लॉट उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना लॉन्च की थी। उन्होंने सभी लाभार्थियों को 24 जून को होने वाले ड्रॉ तथा 26 जून को होने वाले प्लॉट आबंटन कार्यक्रम में पहुंचने के लिए कहा है। इसके अलावा लाभार्थियों को दूरभाष के माध्यम से भी कार्यक्रम की सूचना दी जा रही है।

# नसबंदी कैंप में बताया परिवार नियोजन का महत्व



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** ब्लॉक के सीएचसी डबली राठान में शनिवार को नसबंदी कैंप लगा। बीसीएमओ सर्जन डॉ. मनोज अरोड़ा ने 8 महिलाओं की एलएस पद्धति एवं दो पुरुषों की एनएसवी पद्धति से नसबंदी कर परिवार नियोजन में इसे कारगर उपाय बताया। डॉ.गरिमा ने ऑपरेशन करने वाले मरीजों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर उचित परामर्श दिया।डॉ. मनोज अरोड़ा ने मौजूदा समय में परिवार नियोजन का महत्व बताया। कैंप में सोनिया, सरोज देवी, अजय कुमार, संतोष वर्मा, पूनम शर्मा, सरोज, नरेश कुमार आदि ने सेवाएं दी। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने मरीजों की काउंसलिंग कर ऑपरेशन उपरांत रखी जाने वाली सावधानियां एवं नसबंदी प्रमाण पत्र प्राप्त करने की जानकारी दी।

# धूमधाम से संत कबीर दास की 627वीं जयन्ती मनाई

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



जिला मुख्यालय स्थित लुगरिया निवास पर कुनणाराम धानक की अध्यक्षता में संत कबीर दास की 627वी जयन्ती का जिला स्तरीय आयोजन किया गया। जिसमें राजेन्द्र राठौड़ पूर्व नेता प्रतिपक्ष बतौर मुख्य अतिथि, धनष्याम पिरोनिया पूर्व केबिनेट मंत्री मध्यप्रदेष व हरलाल सहारण विधायक चूरू बतौर विषिष्ठ अतिथि, राजकुमार फण्डा पूर्व चौयरमेन पीलीबंगा, लक्ष्मण इन्दौरा अध्यक्ष धानक समाज दिल्ली, राज खनगवाल अध्यक्ष संत कबीर महासेना हरियाणा, बसंत शर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा चूरू, रोहिताष धानका अध्यक्ष झुझुनू, एएल मधुराज, विनोद सैनी पार्षद भादरा अतिथि स्वरूप कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कबीर जयन्ती की सभा को सम्बोधित करते हुये राजेन्द्र राठौड़ पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि धानक समाज एक मेहनतकष समाज है जो धरती का सीना चीरकर खुद का पेट भरते है मैने आज तक इस समाज को किसी के आगे हाथ फैलाते नही देखा, तभी इस मेहनतकष समाज व मेहनतकष व्यक्ति का रिष्ता वर्षो से बना हुआ है। राठौड़ ने कहा कि संत कबीर षिक्षा समिति चूरू के लिए हम भूमि व भवन आंवटन के लिए राज्य सरकार आगामी बजट 2024 में स्वीकृत करवाने की पुरजोर कोषिष करूगां और धानका समाज की झुझुनू में मैने कहा था कि भाजपा की सरकार बनने के 100 दिन के भीतर भीतर में धाणका/धानका जनजाति के प्रमाण पत्रो मे आ रही समस्या को जड़ से खत्म करेगे, मै अपनी बात पर अडिग हॅू मैने तीन बार आपके समाज की आवाज विधानसभा में उठाई है और अब प्रदेष की सरकार साथ मिलकर प्रमाण पत्रो की समस्या का स्थाई समाधान करेगे। इस अवसर हरलाल सहारण विधायक चूरू ने भी समिति के लिए भूमि व भवन आंवटन के लिए राज्य सरकार आगामी बजट 2024 में स्वीकृत करवाने का पूर्ण आष्वासन दिया और एसीटी प्रमाण पत्रो में आ रही समस्या के लिए विधानसभा में कल ही प्रष्न लगाने की बात कही। जिसमे संत कबीर षिक्षा समिति चूरू के संरक्षक सीताराम लुगरिया ने सभी अतिथियो का साफा व माला पहनाकर माल्यार्पण किया और सभा को सम्बोधित करते हुये राजेन्द्र राठौड़ से मांग की कि बजट 2024 में संत कबीर षिक्षा समिति चूरू को भूमि व भवन आवंटित करवाये और एसटी प्रमाण पत्रो में आ रहा समस्या का स्थाई समाधान भी करवाये। सभा के सम्बोधन में घनष्याम पिरोनिया ने कहा मध्यप्रदेष सरकार ने धानक समाज के बांस एवं कला बोर्ड का गठन किया और उसका अध्यक्ष मुझे बनाया गया उसी तर्ज पर राजस्थान सरकार धानक समाज का बोर्ड गठन करे और राजस्थान के धानक समाज के एकमात्र प्रदेष स्तरीय नेता सीताराम लुगरिया को प्रतिनिधित्व दे जिससे धानक समाज राजस्थान में मजबूत हो सके। इस अवसर पर राजकुमार फण्डा पूर्व चौयरमेन पीलीबंगा, लक्ष्मण इन्दौरा अध्यक्ष धानक समाज दिल्ली, राज खनगवाल अध्यक्ष संत कबीर महासेना हरियाणा, बसंत शर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा चूरू, रोहिताष धानका अध्यक्ष झुझुनू, एएल मधुराज, विनोद सैनी पार्षद भादरा, महेन्द्र बावलिया अध्यक्ष संत कबीर षिक्षा समिति, गुरूवचन धानका सचिव, सुमेरमल धानका, डॉ. मुन्षीराम, पवन बागड़ी, मुकेष खुण्डिया आदि ने भी सभा को सम्बोधित किया। इस अवसर लोक नृत्य कलाकर प्रमोद खेमाणा ने अपनी शानदार प्रस्तुती दी, और हरियाणा पुलिस में इन्सपेक्टर पद से रिटायर्ड दयानन्द मोरवाल का अभिनन्दन किया गया। मंच का संचालन सतवीर खन्ना और उमराव खरोड़ ने किया। रामनिवास खिटक, पूर्णमल होटला तारानगर, हवासिह इन्दौरा बालाण, दरिया सिह पुनरास मास्टर मुन्षीराम खारा दूधवाखारा, बलबीर धानक सिरसला, सन्तलाल खाण्डा झारिया, विकास खन्ना लिलकी, गोविन्द इन्दौरा सुबेसिह दईया, धर्मवीर खारिया, राजेष खन्ना, आजाद सिह नीमा, समुन्द्र दुधवाखारा, मोहरसिह खरोड़ ढाणी माना, सुमेरमल धानका चानणमल मावर चूरू, सुषिल इटकाण निरन्जन धानका पवन होटला झोथड़ा, अषोक सहित समाज के अनेक व्यक्ति सभा में मौजुद रहे।



# प्रतिभाओं का सम्मान दूसरों के लिए बनता है प्रेरणाः सत्यानी

## न्यायमूर्ति डॉ बीपी सराफ सम्मान अंतर्गत प्रतिभाओं को मिले सवा पांच लाख की स्कॉलरशिप के चैक और चांदी के 14 मैडल

तेज | रिपोर्टर चूरू




शैक्षिक व सहशैक्षिक प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के तहत रतनगढ़ के श्री गांधी बाल निकेतन की ओर से शनिवार को न्यायमूर्ति डॉ. बीपी सराफ प्रतिभा सम्मान समारोह में 71 प्रतिभाओं को स्कॉलरशिप के चैक, रजत पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रतनगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में हुए कार्यक्रम में जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, उपखण्ड अधिकारी अमित वर्मा, भामाशाह डॉ. अशोक सराफ, सचिव राजीव उपाध्याय और संस्थाध्यक्ष घनश्यामचन्द्र सोनी मंचस्थ रहे। इस मौके पर जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि समाज हमें बहुत कुछ देता है। सफल एवं शिक्षित होने के बाद हमें समाज को लौटाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान न केवल सम्मानित प्रतिभाओं को आगे बढ़ाता है, अपितु समाज की अन्य प्रतिभाओं के लिए भी प्रेरणा का काम करता है। जिला कलक्टर ने कहा कि शिक्षित व्यक्तियों को प्रण लेना चाहिए कि वो तीन अन्य लोगों को भी शिक्षित करेंगे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि अपने जीवनकाल में हमें कम से कम 14 पेड़ लगाने चाहिए ताकि हमारा भविष्य सुनहरा हो और आने वाली पीढ़ियां केवल सीमेंट-कंकरीट का जंगल छोड़ जाने के लिए हमें नहीं कोसें। भामाशाह डॉ. सराफ ने कहा कि स्कॉलरशिप योजना की शुरुआत अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा देने के लिए की गई थी ताकि सभी विद्यार्थी सकारात्मक मेहनत करते हुए सफल व्यक्ति बन पायें। इस अवसर पर उन्होंने सरदारशहर ब्लॉक के लिए 10 इंटरेक्टिव बोर्ड उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। समारोह में 57 प्रतिभाओं को डॉ. बीपी सराफ स्कॉलरशिप के रूप में कुल 5.20 लाख रुपये के चैक, सराफ शिक्षा सम्मान के तहत छह विद्यार्थियों को रजत पदक व प्रशस्ति पत्र, सराफ सेवा सम्मान के तहत सात कार्मिकों को रजत पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था सचिव राजीव उपाध्याय ने अतिथियों का माला, स्मृति चिन्ह एवं गांधी साहित्य भेंटकर स्वागत किया। संचालन कुलदीप व्यास ने किया।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम के तहत सेवा सम्मान से दीपिका शर्मा, रूपा भोजक, ममता शर्मा, बबीता कुमावत, त्रिभुवन स्वामी, अंकिता माटोलिया, चेतन प्रजापत को सम्मानित किय गया। इसी प्रकार खेल सम्मान में जिया उपाध्याय को तथा शिक्षा सम्मान से रमन सैनी, भूमिका अग्रवाल, तन्वी पारीक, उज्जवल सैनी, यशवी चौधरी व निधि कंवर को सम्मानित किया गया। स्कॉलरशिप के तहत भूमि शर्मा, योगेन्द्र सोनी, दिव्या स्वामी, शाहिद खान, कृष्णा सराफ, यशस्वी चौधरी, निधि कंवर, प्रियंका स्वामी, हिमांशु भरतिया, माही, दीक्षा, उत्सव अग्रवाल, अनिशा शर्मा, शुभम भोजक, भाविका नोखवाल, हर्षिता सराफ, निकिता शर्मा, कशिश, दीपक स्वामी, जया वर्मा, अनु, कुमकुम सैनी, आदित्य पीपलवा, प्रणव सेवदा, प्रवीण शर्मा, राघव शर्मा, अंजलि प्रजापत, पार्थ सेवदा, श्रेया वर्मा, घनश्याम चौधरी, निकिता बारवाल, सुनन्दा सुनार, देवांक पारीक, नेहा सोनी, मनीष प्रजापत, रेहान खान, कुनाल हुन्दलानी, डिम्पल प्रजापत, खुशी मायल, हर्ष गौतम, संगीता माली, मीनाक्षी प्रजापत, प्रीतम सिंह राठौड़, अंजुमन, विष्णु कुमार मीणा, अंकित सराफ, हिमांशु सोनी, सिया माटोलिया, मुकेश कुमार लिम्बा, पीयूष कत्थक, विष्णु शर्मा, निकिता शर्मा, हरिश शर्मा, जतिन आत्रेय, विवेक इन्दौरिया, दीपक सोनी एवं देवेन्द्र सिंह को चैक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

# बजट घोषणा विकास कार्य में पीलीबंगा विधानसभा को प्राथमिकता देने का आग्रह

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

राजस्थान राज्य प्रदेश बजट में विधानसभा क्षेत्र पीलीबंगा की आवश्यकताओं को देखते हुए विकास कार्य करवाने की मांग की है।भाजपा नेता अरविंद जोशी द्वारा राज्य सरकार से कस्बे में छात्र विद्यार्थियों के लिए भी राजकीय कॉलेज स्थापित करने, रावतसर फाटक पर अंडर अथवा ओवर ब्रिज निर्माण, बाईपास सड़क की आवश्यकता को देखते हुए विशेष कार्य योजना बना कर इस कार्य को प्रमुखता से करवाने, क्षेत्र में एडीजे कोर्ट और पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय स्थापना, स्वास्थ्य सेवाओ एवम क्षेत्र की आबादी एवं विस्तृत विधानसभा क्षेत्र को देखते हुए कस्बे मेंट्रॉमा सेंटर खुलवाने, महात्मा गांधी स्टेडियम में अत्याधुनिक खेल मैदान जिम स्थापित करवाने, बस स्टैंड को कस्बे से बाहर खुले स्थान पर स्थानांतरित करने, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में विद्यार्थी संख्या/ सीटों की बढ़ोतरी, राजस्व अपील अधिकारी आरएए कैंप कोर्ट की जगह इसकी पूर्ण स्थापना, सब्जी मंडी को खुले स्थान पर स्थानांतरित करते हुए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने, फोरलेन मार्ग का नवनिर्माण करने, क्षेत्र के ऐसे स्थान जन्हा कृषि रास्तों पर रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक बने हुए है, उन रास्तों पर अंडर ब्रिज निर्माण सहित लगभग दो दर्जन से अधिक मांगों से अवगत करवाया है। इसके अलावा कृषि एवं घरेलू ढाणी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति से वंचित आबादी को कनेक्शन और नियमित रूप से प्रत्येक गांव में 24 घंटे सिंगल फेस लाइट के लिए विद्युत लाइन पहचाने आदि की मांगों को बजट घोषणा में शामिल करने का आग्रह किया है। जोशी ने प्रदेश सीएम भजनलाल शर्मा से विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो को प्राथमिकता से शामिल करने का भी विनय किया है।

# ग्राम पंचायत थालड़का में पूर्णिमा के उपलक्ष में राहगीरों को बादाम शेक पिलाया

तेज | रिपोर्टर थालड़का



स्थानीय गांव में शनिवार को मिस्त्री मार्केट स्थित श्री महादेव रसगुल्ला फैक्ट्री के आगे पूर्णिमा के उपलक्ष में स्टॉल लगाकर के राहगीरों को भीषण गर्मी में ठंडा बादाम शेक पिलाय कर के लोगों की प्यास बुझाने की कोशिश की गई। सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक नोहर रावतसर मार्ग, थालड़का से मसीतावाली हेड मार्ग से गुजरने वाले वाहनो को रूकवाकर यात्रियों और जो लोग पैदल चल रहे उनको को बादाम शेक पिलाया गया। लोगों ने कहा कि बहुत ही अच्छा पुण्य का कार्य है जो गर्मी में लोगों के स्टॉल लगा करके ठंडा बादाम शेक पिलाकरप्यास बुझा रहे हैं। इस मौके पर विजय कुमार, रामचंद्र शर्मा, श्यामलाल सुथार ने बताया कि पूर्णिमा के उपलक्ष में कई दुकानदारों ने मिलकर के ठंडाई पिलाने का कार्यक्रम रखा गया। केवल सेवा भाव से लोगों को बादाम से पिलाया गया। इस मौके पर लगभग दो हजार लोगों को बादाम शेक पिला दिया गया। इस मौके पर रामकुमार थोरी, ओम प्रकाश नोखवाल, सुभाष सुथार, सुभाष नोखवाल, ओमप्रकाश राठौड़, सुभाष वर्मा, महेंद्र पेंटर, अजय वर्मा, विनोद सोनी, अनिल सोनी, अनुज सुथार, लीलूराम शर्मा, डॉ ओम प्रकाश, डॉ प्रमोद, मुकेश कुमार, सुरजा राम, सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं दुकानदार मौजूद रहे।

# संघ ने की शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की मांग

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

शिक्षकों को अन्य सभी गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की मांग करते हुए राज्य सरकार को आग्रह पत्र भेजा है। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल ने बताया कि राज्य सरकार को बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 27 की पालना करना करते हुए इसके प्रावधान कि शिक्षकों को निर्वाचन एवम प्राकृतिक आपदा, जन गणना आदि के अलावा अन्य किसी भी प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाया जा सकता है। बंसल ने बताया कि गैर शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों को लगाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है,फिर भी समय समय पर शिक्षकों को बडे पैमाने पर बीएलओ जैसे गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाता है।राज्य का शिक्षक संघ शेखावत लम्बे समय से टीचर्स को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति दिलाने में आंदोलनरत है, वर्तमान की राज्य सरकार को बने 6 माह से अधिक का समय हो चुका है, ऐसे में शिक्षकों को बड़ी उम्मीद है कि सरकार शिक्षकों की समस्या को समझते हुए इस पर उचित कार्रवाई करेगी अन्यथा संगठन को गैर शैक्षणिक कार्यों के खिलाफ अपना आंदोलन तेज करना पड़ेगा।

# गांव गौशाला देईदास में समाजसेवी लक्ष्मी नारायण गोदारा द्वारा चारा कटाई मशीन भेंट

तेज | रिपोर्टर थालड़का



ग्राम पंचायत देईदास की राधा-कृष्ण गोशाला में शुक्रवार को भामाशाह लक्ष्मीनारायण गोदारा में चारा कटाई मशीन (हड़प्पा) भेंट किया। गोदारा से पहले भी (ट्रॉली) भेंट की थी। इस मौके पर भामाशाह एवं समाजसेवी लक्ष्मी नारायण गोदारा का गौशाला कमेटी की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर गोदारा ने कहा कि गौशाला के प्रति है मैं हमेशा तैयार रहूंगा जो भी गौशाला में मेरे लायक सेवा होगी वह हमेशा में तैयार रहूंगा। उन्होंने कहा कि जो गायों के लिए दान करता है उससे बड़ा कोई दानी नहीं है। गौशाला अध्यक्ष ने कहा कि जो गायों के लिए दान देता है उससे बड़ा कोई दान नहीं है क्योंकि गौ माता में 36 करोड़ देवी देवता निवास करते हैं। इसलिए हिंदू धर्म में गाय माता पूज्य माना गया है। इस मौके पर गौशाला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सहारण, कोषाध्यक्ष रामजीलाल कड़वासरा, सचीव देवीलाल धिटांला, बलराम न्यौल, जयसिंह कड़वासरा, रावतसिह, त्रिलोक चन्द, ओमप्रकाश, रामजीलाल घिटाला रामकुमार, देवीलाल, दनीय, हरदत, महंत सुमेर गिरी महाराज, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# सीएम को ज्ञापन भेज सूरतगढ़ ब्रांच के मोघा 100-500 आरडी को शुरू करवाने की मांग

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

सूरतगढ़ ब्रांच के मोघा 100-500 आरडी को शुरू करवाने की मांग सीएम से की है।कालू राम हुड्डा ने बताया कि इस मांग को लेकर क्षेत्र के किसानों द्वारा प्रदेश मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बताया कि नहर सूरतगढ़ ब्रांच में एक मोघा आरडी (आर) 100-500 पायलट लिफ्ट स्कीम के तहत सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु 5, 7, 9 एनएसडब्ल्यू एवं 3 डीएलपी माइनर के असिंचित रकबा का सर्वे फीस जमा करवाकर स्वीकार्य करवाकर 1991 को मुख्यमंत्री देवी सिंह के कार्यकाल में एसडीओ माथुर द्वारा स्वीकृत किया गया है और लगभग 11,300 बजट आवंटन करने पर मोघा स्थापित किया गया था, इस मोघा से सिंचाई कार्य के लिए मात्र कुछ अवधि में जल प्रदान कर इसे बंद कर दिया गया।पानी बंद करने के कारण जानने पर सिंचाई अधिकारियों ने बताया है कि पानी चालू करने और इस मोघा बहाली मुख्य अभियंता जयपुर की अनुमति से होगी एवम उनकी स्वीकृति आने पर पानी चालू कर दिया जायेगा। काश्तकारो ने बताया कि इस क्षेत्र एवम आसपास के ग्रामीण इलाकों निहालपुरा दोलतावाली,पीलीबंगा गांव, 5, 7, 9 एनएसडब्ल्यू, 3 डीएलपी माइनर किसानों ने मुख्यमंत्री से आवश्यक कार्रवाई करते हुए जल्द ही इस मोघे को चालू करवाने की मांग की है।

## भांभूवाली के श्री भोमीया महाराज मंदिर में लगाया वाटर कूलर



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** पंचायत डबली वास पेमा (भाम्भूवाली) के बाबा श्री भोमीया महाराज के मंदिर में दानदाता दयाराम सिहाग ने वाटर कूलर भेंट किया।पूर्व सरपंच रमेश भाम्भू ने बताया कि मंदिर प्रांगण पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को ठंडा शुद्ध जल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से दानदाता परिवार ने वाटर कूलर लगवाया है। इसके अलावा आसपास के नागरिकों को भी इससे नियमित रूप से ठंडा जल मिलेगा। इस मौके पर सरपंच राजेन्द्र भाम्भू, गौशाला अध्यक्ष लालचंद भाम्भू, पूर्व अध्यक्ष मन्शाराम बेनीवाल, दानवीर दयाराम सिहाग, सोहनलाल सिहाग, नितिष सिहाग, सुमित भाम्भू, रामस्वरूप उलानीया, दयाराम भाम्भू, कुलदीप भोभिया, भानीराम भाम्भू, अशोक सुथार, गौभक्त प्रेम भाम्भू, रामकुमार भाम्भू, अमित भादु, पं.अनिल शास्त्री, दानदाता परिवार के सदस्य व श्रद्धालु मौजूद थे। मंदिर कमेटी ने दानदाता परिवार का आभार जताते हुए आमजन से भी ऐसे पुनीत कार्य करने का आग्रह किया।

## श्री गुरूसर मोडिया में निःशुल्क नेत्र रोग जांच व ऑपरेशन कैंप मंगलवार को

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** शाह सतनाम जी जनरल हॉस्पिटल, श्री गुरुसर मोडिया में मंगलवार को निःशुल्क नेत्र रोग जांच व ऑपरेशन कैंप लगेगा। स्वास्थ्य मार्गदर्शन गुरुसेवक इंसा ने बताया कि इस शिविर में आंखों की समस्त बीमारियों की अत्याधुनिक मशीनों से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क जांच करते हुए सफेद मोतिया के ऑपरेशन भी फ्री में किए जाएंगे कैंप में इसके अलावा फेंको पद्धति द्वारा विदेशी लेंस डालने की सुविधा भी मिलेगी। मरीजों को अपना पंजीयन पहले आओ,पहले पाओ के आधार पर करवाना होगा।शिविर का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 तक का रहेगा।

## श्री शनि देव मंदिर पर जागरण 29 जून को

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** श्री शनि देव इच्छापूर्ण धाम में तृतीय विशाल जागरण व भंडारा 29 जून शनिवार को होगा। संपर्क मार्ग डींगवाला-भागसर-संघर-प्रेमपुरा मोड पर स्थित इस मंदिर पर होने वाले इस जागरण में गंगाराम अड़िया, सतपाल शर्मा, ताराचंद, अमीन खान व गायक डीएसपी शनि देव महाराज का गुणगान करेंगे। जागरण का समय रात्रि 8 बजे से प्रभु इच्छा तक का रहे। इस मौके पर गुरु का अटूट लंगर और भंडारा भी निरंतर बरताया जाएगा। आयोजक संस्था ने जागरण को लेकर आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं और आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के श्रद्धालुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने का आग्रह किया है।

## अवैध खनन व परिवहन पर कार्रवाई

**तेज रिपोर्टर. चूरू।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन एवं परिवहन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए शनिवार को सहायक खनि अभियंता नौरंगलाल मेघवाल एवं छापर थानाधिकारी अमर सिंह के नेतृत्व में छापर थाना क्षेत्र में रणधीसर पुलिस चौकी के पास खनिज से भरे वाहनों की जांच की गई। सहायक खनि अभियंता नौरंगलाल मेघवाल ने बताया कि जाँच के दौरान मुर्रम से भरे एक डम्पर का वैद्य ई-रवन्ना नहीं होने पर वाहन पर 1 लाख 11 हजार 200 रुपए जुर्माना किया गया। जुर्माना जमा नहीं करवाने पर वाहन को पुलिस चौकी रणधीसर की सुपुर्दगी में खड़ा करवाया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन पर कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# 41वां कन्यादान समारोह का आयोजन

तेज | रिपोर्टर नोहर




शनिवार को स्थानीय तेरापंथ महिला मंडल भवन में श्री राम सेवा समिति द्वारा 41 वाँ कन्यादान समारोह क़स्बे के अनेक गणमान्य लोगो की उपस्थिति में आयोजित हुआ ।इस अवसर पर श्री राम सेवा समिति के तत्वावधान में एक ज़रूरतमंद कन्या का विवाह करवाया गया। श्रीराम सेवा समिति के नारायण छिम्पा और किशन चाचाण ने बताया कि समिति द्वारा आयोजित यह 41वाँ कन्यादान है इन्होंने बताया कि श्रीराम सेवा समिति पूर्व में 40 ज़रूरतमंद कन्याओं का विवाह करवा चुकी है। समिति के पदाधिकारियों और क़स्बे के गणमान्य लोगो ने इस अवसर पर वर वधू को आशीर्वाद दिया। समिति के किशोरी लाल तिवारी ने बताया कि कन्यादान के साथ वर वधू को गृहस्थी का सारा सजो समान देकर विदा किया गया। तिवारी ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक सरोकार के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा समिति के सरंक्षक प्रमुख समाजसेवी हनुमान प्रसाद व्यास, अध्यक्ष एड. केएल मित्रुका, डॉ.हंसराज शर्मा, डॉ.भीम गोयल, इंजी.गोपाल स्वामी, ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष शंकरलाल शर्मा, चोथमल पारीक, प्रवेश चाचान, महिपाल सेनी, रोहतास सैनी, कमल चाचान, महावीर प्रसाद व्यास, नोहर ब्यूरो चीफ बाल कृष्ण व्यास, चंद्रकला नायक, पूनम हिसारिया, श्रेया सिपानी, बसंत तिवाड़ी, प्रेम मित्रुका, रामप्रताप सोनी, मुकेश हिसारिया, माहेश्वरी महिला मंडल और ओसवाल महिला मंडल की सदस्य अनेक अधिवक्ता, पत्रकार, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। श्रीराम सेवा समिति के इस सामाजिक कार्य की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

# तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन

तेज | रिपोर्टर सूरतगढ़ थर्मल

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं भारत विकास परिषद थर्मल शाखा के तत्वाधान में 10 वें अंतर्राष्टीय योग दिवस के उपलक्ष पर तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन थर्मल कालोनी स्थित खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन के योग शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता टी. आर. सोनी, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता पुरूषोतम धारीवाल, आर. के. शर्मा एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के डिप्टी कमांडेंट प्रदीप मोर एवं अवधेश प्रसाद, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव विनोद आढा, शाखा संरक्षक ए एन झा, शाखा अध्यक्ष अशोक मीणा, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह के द्वारा भारत माता एवम् परिषद के प्रेरणा पुंज स्वामी विवेकानंद जी की चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं वंदे मातरम गायन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि टी. आर. सोनी, मुख्य अभियंता सूरतगढ़ थर्मल ने योग से होने वाले फायदों का उल्लेख किया एवम् स्वास्थ के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया। तीन दिवसीय शिविर के दौरान योग प्रशिक्षक एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई सूरतगढ़ थर्मल के कांस्टेबल वीर सिंह ने विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास करवाया एवम् उससे होने वाले फायदों को बताया एवम् श्रीमती आशा वर्मा ने योगाभ्यास में सहयोग प्रदान किया। साथ ही शैलेश शर्मा ने ध्यान योग का महत्व के साथ ध्यान योग मुद्राओं का अभ्यास करवाया। योग शिविर में सूरतगढ़ तापीय परियोजना के अधिकारीगण, कर्मचारी एवम भारी संख्या में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सूरतगढ़ थर्मल एवं सूरतगढ़ सुपरक्रिटिकल यूनिट की जवान उपस्थित रहे।

# पीएचसी दौलतावाली के नवनिर्मित भवन में आवश्यक सामान उपलब्ध करवाने की मांग

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

ब्लॉक के पीएचसी दौलतावाली के नवनिर्मित भवन में आवश्यक सामान उपलब्ध करवाने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा भेजे मांग पत्र में बताया कि नवनिर्मित भवन में विस्थापित होने पर ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध एवं सुचारु रूप से पीएससी संचालन के तहत 6 बेड 6 मैटर्स, लेबर टेबल, जांच निरीक्षण मेज, हिट वार्मर, फ्रीजर, सामग्री स्टैंड, मेंडिसिन ट्रॉली, बेडसाइड टेबल, वेट मशीन, बीपी स्टैंडिंग इंस्ट्रूमेंट, कुर्सियां, ऑक्सीजन सिलेंडर, सैंक्शन मशी, साइड स्क्रीन, ड्रेसिंग ड्रम, नेबुलर मशीन सहित आवश्यक वस्तुओं को अविलंब उपलब्ध करवाकर राहत देने का आग्रह किया है। इस पीएचसी में आवश्यक सामग्री उपलब्ध होने पर ग्राम पंचायत सहित आसपास के आबादी क्षेत्र के हजारों परिवारों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होगी।

# भागसर की हिंदू सेना नवीन कार्यकारिणी गठित

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

ग्राम भागसर की हिंदू सेना नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ है। भगवाना राम वर्मा ने बताया कि इस नई कार्यकारणी में ताराचंद मारवाल अध्यक्ष, मुखराम नोखवाल ताराचंद मोयल, पवन मूंढ को उपाध्यक्ष, राजेंद्र किरोड़ीवाल एवम संदीप कस्वां महासचिव, बहादुर सिंह शेखावत सचिव, सतपाल सियाग कोषाध्यक्ष, कृष्ण लाल माहर संयोजक, मनीराम मारवाल संरक्षक, चंद्र प्रकाश गोदारा सहसंरक्षक, ताराचंद किरोडीवाल प्रचार मंत्री, इंद्राज जी गोदारा सह सयोंजक, अशोक राठौड़ सोशल मीडिया प्रभारी सहित अन्य सदस्यों को पदभार सौंपा गया है। समिति सदस्यों ने संगठन की सामाजिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने का संकल्प लेकर आज के युवा के व्यक्तित्व और देश हित को सर्वोपरि मानने की जनमंगल भावना को हरेक के मन में जागृत कर महापुरुषों के जीवनआदर्शों और शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लिया। संस्था कार्यकारणी समाज की अखंडता के लिए काम कर आमजन को भी इस लक्ष्य में जोड़ने का कार्य करेगी।

# सीएमआरजे राजकीय महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा का विषय शुरू

तेज | रमेश भार्गव. ऐलनाबाद



चौधरी मनीराम झोरड़ राजकीय महाविद्यालय में नए सत्र 2024- 25 के लिए दाखिला प्रक्रिया संबंधी दिशा निर्देश कॉलेज प्राचार्य डा. भूषण मोंगा द्वारा जारी कर दिए गए हैं। तथा सभी प्राध्यापकों की ड्यूटी लगा दी गई है। प्राचार्य डा. भूषण मोंगा ने बताया कि 03 जून से 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते है तथा 28 जून तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगी। पहली तथा दूसरी मेरिट लिस्ट का समय 3 जुलाई से 12 जुलाई रहेगा। यदि कोई विद्यार्थी दाखिले से वंचित रह जाते है तो ओपन काउंसलिंग 15 जुलाई से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि इस बार फिजिकल एजुकेशन नया विषय शुरू हो रहा है जिसकी 40 सीटें निर्धारित की गई है। महाविद्यालय में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी के पास 15 तरह के डाक्यूमेंट्स दस्तावेज होने जरूरी है- फैमिली आईडी, आधार कार्ड, दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, बारहवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र (डोमिसाइल), जाति प्रमाण पत्र एस सी और बीसी विद्यार्थियों के लिए जरूरी।, गैप ईयर सर्टिफिकेट (जिन्होंने पिछली बार 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण की हो या जिनका किसी कारण गैप रहा हो)।, हस्ताक्षर व पासपोर्ट साइज फोटो, इनकम सर्टिफिकेट जो 6 महीने से ज्यादा पुराना ना हो, चरित्र प्रमाण पत्र जो स्कूल से मिलेगा (लेकिन जिस विद्यार्थी ने 10+2 ओपन स्कूल से की है और जिसका गैप ईयर है वह अपने गांव के सरपंच से या वार्ड के एमसी से चरित्र प्रमाण पत्र बनवा सकता है।), Email ID व मोबाइल नंबर (मोबाइल नंबर वही भरे जो परमानेंट हो क्योंकि आपके तीनों सालों के लिए कॉलेज में जो भी कार्य मोबाइल से संबंधित मैसेज भेजने के लिए होंगे वह इसी नंबर पर आएंगे इसको बदला नहीं जा सकता), Migration certificate (भिवानी बोर्ड को छोड़कर किसी भी बोर्ड जैसे सीबीएसई व अन्य बोर्ड जो किसी भी राज्य का हो सकता है), बैंक खाते की फोटो को उस बैंक का आईएफएससी कोड जिसमें आपका खाता है (बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक होना चाहिए), यदि कोई विद्यार्थी EWS कैटेगरी में फार्म भरता है तो उसका श्वङ्खस् सर्टिफिकेट का होना जरूरी है।, NSS/ NCC /Sports सर्टिफिकेट यदि हो तो। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. जोगिंद्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में नए सत्र में एडमिशन के लिए आर्ट्स में 240 सीटें, कॉमर्स में 40 सीटें तथा बीएससी (नॉन मेडिकल) में 40 सीटें हैं। महाविद्यालय में हिंदी, पंजाबी, इंग्लिश, गणित, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान, पर्यावरण शिक्षा , शारीरिक शिक्षा तथा मनोविज्ञान के अलावा कॉमर्स विभाग तथा साइंस के सभी विषयों का अध्ययन करवाया जाता है। महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है जैसे- हर प्रकार की सुविधा युक्त नई इमारत, स्मार्ट क्लास की सुविधाएं, बहुत ही अनुभवी स्टाफ, कंप्यूटर लैब, वातानुकूलित लाइब्रेरी, ठंडे और स्वच्छ पानी की सुविधा, कैंटीन की सुविधा, पिंक बस सेवा की फ्री सुविधा, पासपोर्ट की सुविधा, लर्निंग लाइसेंस की सुविधा, एससीबीसी स्कॉलरशिप की सुविधा, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति की सुविधा, पोज स्कॉलरशिप (केवल साइंस के विद्यार्थियों के लिए)की सुविधा, हरियाणा मेरिट स्कॉलरशिप की सुविधा, टॉप टेन स्कॉलरशिप की सुविधा, तथा अति आधुनिक सुसज्जित कॉन्फ्रेंस हॉल की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में उपरोक्त सुविधाओं के अलावा महिला प्रकोष्ठ, प्लेसमेंट सेल, सड़क सुरक्षा क्लब, इको क्लब, स्पोर्ट्स क्लब, एन एस एस, रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस सोसाइटी, तथा लीगल लिटरेसी सेल आदि स्थापित किए गए हैं जिनके द्वारा विद्यार्थी देश व समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर अग्रसर होते हैं।

# प्रशासनिक पदों पर रहते हुए चिकित्सकों ने बखूबी निभाई ओपीडी सेवाएं

## » सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने लखूवाली में मरीजों को दिया चिकित्सा लाभ

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिले में प्रशासनिक पद सम्भाल रहे चिकित्सकों द्वारा गत 10 दिनों से ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) पर प्रातः 9 से 11 बजे तक ओपीडी सम्भाली जा रही है। ऐसे में अब प्री-पीजी परीक्षा देने के बाद मेडिकल ऑफिसर्स (एमओ) द्वारा अपनी-अपनी पीएचसी पर आमजन को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि गत 13 मई जिले में प्रशासनिक पद सम्भाल रहे चिकित्सकों द्वारा ग्रामीण पीएचसी पर जाकर मरीजों को चिकित्सकीय सेवाएं दी जा रही है। इन कार्य में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यरत चिकित्सकों द्वारा सम्पूर्ण सहयोग दिया एवं पीएचसी पर ओपीडी सम्भाली। शनिवार को उन्होंने पीएचसी लखूवाली जाकर मरीजों का उपचार कर दवाएं दी। उन्होंने कहा कि अब प्री-पीजी परीक्षा देने के बाद सभी एमओ अपनी-अपनी पीएचसी पर अच्छे से ओपीडी सम्भालेंगे एवं व स्वास्थ्य विभाग अन्य योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वित कर आमजन को बेहतर सुविधाएं देंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि राज्य में हनुमानगढ़ के चिकित्सकों द्वारा प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ ओपीडी सम्भालने का कार्य किया गया, इसमें आरसीएचओ, डिप्टी सीएमएचओ, अति. सीएमएचओ सहित समस्त बीसीएमओ का सहयोग किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीण पीएचसी की व्यवस्थाओं को मजबूत किया और वहां की कमियों को दूर करने में सम्पूर्ण सहयोग किया। जिला कलक्टर कानाराम ने चिकित्सा विभाग के इस नवाचार पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### चिकित्सकों ने यहां पर दी सेवाएं

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा 13 जून को पीएचसी भोमपुरा, 15 जून को यूपीएचसी टाउन, 19 जून को कलाना एवं 22 जून को लखूवाली में सेवायें दी। इसी तरह आरसीएचओ डॉ. विक्रमसिंह 13 जून को यूपीएचसी टाउन, 14 को मक्कासर, 18 को दीनगढ़, 19 को लखूवाली, 20 को सिलवालाखुर्द एवं 21 को भोमपुरा में मरीजों को चिकित्सकीय लाभ दिया। डीपीसी डॉ. प्रीतमोहिन्दर सिंह 13 को मक्कासर, 19 को दीनगढ़ 20 को मुण्डा एवं 21 लिखमीसर में सेवायें दी। एसीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा 13 को लखूवाली, 14 को किशनपुरा दीखनादा, 18 को नौरंगदेसर, 19 को मुण्डा, 20 को मक्कासर एवं 21 को अराइयांवाली में मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी 13 को नौरंगदेसर, 14 को जंडावाली, 18 को मक्कासर, 19 को डबलीबास मिढारोही, 20 को लखूवाली एवं 21 को मुण्डा में ओपीडी देखी। इसी तरह, पीलीबंगा बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा 13 को लिखमीसर, 14 को खोतांवाली, 18 को कैनाल कॉलोनी, 19 को धोलीपाल, 20 को बड़ोपल एवं 21 पीलीबंगा में सेवाएं दीं। संगरिया बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़ 13 जून को दीनगढ़, 14 को लीलांवाली, 18 को मालारामपुरा, 19 को हरीपुरा, 20 को दीनगढ़ एवं 21 चक हीरासिंहवाला में ओपीडी देखी। रावतसर बीसीएमओ डॉ. मनिन्द्र सिंह 18 को केलनिया, 19 को खोड़ा, 20 को मोटेर एवं 21 को मोटेर तथा नोहर बीसीएमओ डॉ. प्रदीप कड़वासरा 13 को जसाना, 14 को टोपरियां, 18 को बिरकाली, 19 को दीपलाना, 20 को धानसिया एवं 21 को थिराना में सेवाएं दी।

# स्टेट टीम ने किया इन्द्रपुरा, नाथवाना, भाखरांवाली एवं फतेहपुर आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों का आंतरिक मूल्यांकन



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नेशनल क्वालिटी एंश्योरेंस स्टैण्डर्ड (एनक्यूएएस) के मानकों के तहत जिले के इन्द्रपुरा, नाथवाना, भाखरांवाली एवं फतेहपुर आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों का स्टेट टीम ने निरीक्षण किया। स्टेट टीम में श्रीगंगानगर चिकित्सा विभाग के एसीएमएचओ डॉ. मुकेश मेहता एवं नवीन कुमार शामिल रहे। एसीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा ने बताया कि सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में इन्द्रपुरा, नाथवाना, भाखरांवाली एवं फतेहपुर आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों की व्यवस्थाएं काफी बेहतर व गुणवत्तापूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि स्टेट टीम ने इन्द्रपुरा, नाथवाना, भाखरांवाली एवं फतेहपुर आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों में सभी विभागों में साफ सफाई, लेबर रूम की व्यवस्था, लेबर रूम में मौजूद सभी उपकरण की वस्तुस्थिति, स्थान की उपलब्धता, डॉक्यूमेंटेशन की स्थिति सहित पूरे अस्पताल में बायोमेडिकल कचरा का उचित प्रबंधन का निरीक्षण किया। इसके साथ-साथ सैनिटाइजेशन और स्वच्छता की व्यवस्था, संक्रमण से रोकथाम की उचित व्यवस्था, सपोर्ट सर्विसेज की जानकारी भी ली। उन्होंने समस्त स्टॉफ से कार्यों एवं रिपोर्टिंग को लेकर भी चर्चाएं की। डॉ. ज्योति धींगड़ा ने बताया कि स्टेट टीम के बाद नेशनल की टीम भी इन चारों चिकित्सा संस्थानों की व्यवस्थाओं का पुर्नमूल्यांकन करेंगी। अगर आंतरिक मूल्यांकन में इन्द्रपुरा, नाथवाना, भाखरांवाली एवं फतेहपुर आयुष्मान आरोग्य केन्द्र उत्तीर्ण होते हैं, तो आयुष्मान आरोग्य केन्द्र को सवा लाख रुपए प्रति वर्ष तीन साल तक (कुल 3 लाख 75 हजार रुपए) प्रोत्साहन स्वरुप दिए जाएंगे। इस अवसर पर संगरिया बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़, रावतसर बीसीएमओ डॉ. मनिन्द्र सिंह, एनक्यूएएस डिस्ट्रिक्ट टीम में मेल नर्स धर्मपाल, फार्मासिस्ट सनी ग्रोवर, बीपीओ कृष्ण टाक, सुखमन्द्र कौर, फार्मासिस्ट हरपिन्दर समस्त आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों के मेडिकल आफिसर्स, स्टॉफ एवं आशाएं उपस्थित रहीं।

# इंदिरा नहर और खेत की डिग्गी में डूबने से दो की मौत

## » खेत में काम करते करंट लगने से भी एक मरा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में बीते 24 घंटे के दौरान तीन व्यक्तियों की अस्वाभाविक मौतें हो गईं। एक व्यक्ति इंदिरा गांधी नहर में डूब गया जबकि दूसरे की मौत खेत में बनी पानी की डिग्गी में डूबने से हो गई। इसके अलावा एक व्यक्ति खेत में काम करते समय करंट लगने से मारा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ जिले के तलवाड़ा थाना क्षेत्र में इंदिरा गांधी नहर में कल शुक्रवार को अधेड उम्र के एक व्यक्ति की लाश बरामद हुई, जिसकी पहचान आनंद सुथार (57) निवासी वार्ड नंबर 7 तलवाड़ा झील के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि आनंद सुथार विगत 17 जून को इंदिरा गांधी नहर में पर फिसलने के कारण गिर गया था। उसके बेटे दिनेश (27) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। उधर, संगरिया थाना क्षेत्र के गांव नगराना निवासी रामस्वरूप मेघवाल (35) की खेत में काम करते समय पानी की डिग्गी में डूबने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि रामस्वरूप 20-21 जून की रात को सोहनलाल पूनिया निवासी नगराना के खेत में मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान वह पानी लेने के लिए डिग्गी पर गया तो संतुलन बिगडने से डिग्गी में ही गिर गया।बाद में उसकी लाश डिग्गी में तैरते हुए दिखाई दी। सूचना मिलने पर कल शुक्रवार सुबह पुलिस ने मौके पर जाकर लाश को बाहर निकलवाया। पुलिस को रिपोर्ट देते हुए सुरजीत मेघवाल निवासी नगराना ने बताया कि रामस्वरूप सोहनलाल पूनिया के खेत में ही मजदूरी का काम करता था। इस बीच नोहर थाना क्षेत्र के गांव सूरपुरा के समीप एक खेत में काम करते समय एक अधेड़ को करंट लग गया। उसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई। पुलिस को रिपोर्ट देते हुए विनोद खाती (32) निवासी सुरपुरा ने बताया कि उसका पिता महावीर प्रसाद (55) कल शुक्रवार को खेत में नरमा की फसल में सिंचाई के लिए पानी लग रहा था। शाम लगभग 6 बजे टयूबवैल की मोटर से उसके पिता को करंट लग गया। उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका उपचार के लिए नोहर के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई।

### सीएलजी की बैठक में एसपी ने की सुनवाई

**रावतसर. पारीक।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने थाने में सीएलजी की बैठक ली।मौजूद सदस्यों से कानून व्यवस्था नशे के खिलाफ रोकथाम चोरियों के बरामदगी संबध में सुनवाई की। इस अवसर पर एएसपी सुभाष शर्मा डीवाईएसपी हंसराज बैरवा सी ई वेदपाल मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक का साफा पहना कर स्वागत किया गया। बैठक में जितेंद्र गोयल सीडब्ल्यूसी चेयरमैन भी मौजूद रहे। एसपी ने सदस्यों से विभिन्न समस्याओं पर सुझाव मांगे। मौके पर रंगलाल बिश्नोई देवीलाल पूर्व सरपंच,जयलाल भारी कृष्ण सिहाग सहित चार दर्जन शहरी ग्रामीण मौजूद। महिला सखी के सदस्य महिलाएं भी मौजूद रही।

# नगरपरिषद आपके द्वार अभियान के तहत वार्ड 57 में निरीक्षण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा विधायक गणेशराज बंसल के निर्देशानुसार चलाये गये नगरपरिषद आपके द्वार द्वितीय चरण का समापन शनिवार को जंक्शन के वार्ड नम्बर 57 में निरीक्षण के दौरान हुआ। निरीक्षण में सभापति सुमित रणवा, पार्षद राजेन्द्र चौधरी, विकास शर्मा, रमजान खान, पार्षद सिगाराम, एक्सईएन कर्मचन्द अरोड़ा, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रमनदीप कौर, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक प्रेमलता पुरी, स्वच्छता निरीक्षक जगदीश सिराव, जेईएन प्रेमदास, जेईएन आनंद, जेईएन कमल सहित पूरा नगरपरिषद अमला, विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों का उत्साह देखने लायक था। पार्षद राजेंद्र चौधरी सहित समस्त वार्ड वासियों द्वारा नगर परिषद सभापति एवं पूरी टीम का माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर नगर परिषद आपके द्वारा अभियान की सराहना की ओर विधायक गणेशराज बंसल व सभापति सुमित रणवा द्वारा शहर में करवायेगे गए विकास कार्य के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। सभापति सुमित रणवां ने बताया कि अभियान के तहत वार्ड वासियों द्वारा बताई गई समस्याओं पर इंप्लीमेंट किया जा रहा है आगामी एक सप्ताह बाद उक्त अभियान की समीक्षा बैठक होगी जिसमें अभियान में आई शिकायतों एवं उनके निस्तारण की रिपोर्ट मांगी जाएगी। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद समस्त शहरवासियो की सुख सुविधा के लिए कर्तव्यबध है।

# घरों में जाकर किया पानी सप्लाई का निरीक्षण

## » कलक्टर ने उप जिला चिकित्सालय में जांची व्यवस्थाएं

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों में जिला प्रशासन पेयजल, विद्युत और चिकित्सा सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए मुस्तैद है। इसी सिलसिले में जिला कलक्टर कानाराम ने शनिवार सुबह भादरा में विभिन्न कार्यालयों, चिकित्सालयों का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने भादरा में घरों में जाकर पानी सप्लाई चैक किया, भादरा में पीएचईडी की दो डिग्गीयों का औचक निरीक्षण किया। शनिवार को जोगीवाला स्थित कृषि महाविद्यालय, सागड़ा स्थित वाटरवर्क्स की डिग्गी, सिद्धमुख ब्रांच और अमरसिंह ब्रांच जीरो आरडी तथा 19 आरडी, भादरा में गौशाला निर्माण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर भादरा की विवेकानंद सेवा समिति ने जिला कलेक्टर को स्मृति चिह्न भेंट किया। उप जिला चिकित्सालय भादरा में विभिन्न वार्डों में व्यवस्थाओं को जांचा। कानाराम ने अधिकारीयों को आमजन की शिकायतों का तुरंत निस्तारण करने की नसीहत दी।

# बारिश के मौसम को देखते हुए ठहरे हुए पानी से सावधानी रखना जरूरी

## » घरों में रूके हुए पानी को साफ कर मनाएं सूखा दिवस : सीएमएचओ

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



बारिश के मौसम को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से रविवार को अपने-अपने घरों में रूके हुए पानी को नष्ट कर सूखा दिवस (ड्राइंग-डे) मनाने की अपील की है। बारिश के मौसम के चलते डेंगू-मलेरिया-जीका-चिकनगुनिया के प्रभाव को रोकने के लिए चिकित्सा विभाग निरंतर आमजन से साफ-सफाई की अपील कर रहा है। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए प्रत्येक रविवार को अपने-अपने घरों में रूका हुआ पानी नष्ट कर सूखा दिवस मनाना चाहिए। घरों में फ्रीज के पीछे जमा पानी, कूलर, वाश रूम, गमले एवं छतों में परिण्डों, टायरों में कई दिनों से पड़े साफ पानी में मच्छरों का लार्वा पनपता है। यह लार्वा मच्छर बनकर डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जीका सहित अनेक बीमारियां फैलाता है। अपने घर से साफ-सफाई कर इस लार्वा को खत्म करना होगा। यह मच्छरजनित बीमारियां सबसे पहले हमारे घरों से ही पैदा होती हैं। उन्होंने कहा कि हर रविवार को आधे घण्टे के लिए अपने घरों में जमा पानी को नष्ट करें ताकि पूरा परिवार डेंगू-मलेरिया से सुरक्षित रह सके। यह ध्यान रखें कि घर के अंदर व आंगन में जहां भी पानी एकत्रित हो रहा है, उसे साफ करें। घर में कोई भी बेकार बर्तन, खुली बोतल, डिब्बे, पुराने टायर, कबाड़ एवं प्लास्टिक का सामान एकत्रित न होने दें। इसमें पानी के ठहरने से डेंगू मच्छर के पनपने का खतरा सबसे अधिक होता है। बर्तनों को खाली कर उल्टा रख दें। पानी के बर्तन, टंकी और हौदी को ढक कर रखें। गमलों में पानी एकत्र न होने दें, नियमित पानी बदलें। कूलर के पानी को खाली कर बदलें या साफ कर साइड में रखें। वाशरूम में भी नहाने के बाद वाइपर से अच्छी तरह से साफ-सफाई कर दें। इसके अलावा छतों पर भी ध्यान रखें कि कहीं पर पानी इकट्ठा न हो पाए। परिण्डे, टूटे बर्तन, टायर आदि का पानी साफ कर बदलने से अपने परिवार को मच्छरजनित बीमारियों से बचा सकते हैं।

# नहर से लावारिस बाइक बरामद, टायर गायब

## » पानी की मात्रा कम होने पर नजर आई बाइक, पुलिस जुटी जांच में

**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** पीलीबंगा थाना क्षेत्र के 14-15 पीबीएन के पास से गुजरने वाली पीबीएन ब्रांच नहर में शनिवार सुबह लावारिस हालत में एक बाइक मिली। आसपास नहर खंगालने पर कुछ ही दूरी पर एक मोबाइल फोन भी मिला। खास बात यह कि बाइक के दोनों रिम और टायर गायब हैं। सूचना पर पहुंची पीलीबंगा थाना पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह खरलियां-सरांवावाला तिराहे के पास से निकल रही पीबीएन ब्रांच नहर में पानी की मात्रा कम होने पर आसपास के किसानों को नहर में पड़ी एक बाइक नजर आई। किसानों ने तत्काल इसकी सूचना पीलीबंगा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल बलतेज सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में आसपास के किसानों के सहयोग से बजाज कंपनी की बाइक को नहर से बाहर निकाला गया। बाइक पर लगी नम्बर प्लेट पर आरजे 13 आईएम 8391 नम्बर लिखा हुआ है। बाइक के दोनों टायर व रिम निकले हुए हैं। बाइक से कोई कागजात वगैरा भी नहीं मिले। किसानों ने नहर में आसपास टायर व रिम ढूंढने चाहे तो कुछ दूरी पर ही नहर में से एक कीपैड मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। अंदेशा जताया जा रहा है कि बाइक रात के अंधेरे में नहर में गिराई गई हो। ऐसा भी हो सकता है कि इस बाइक को चोरी किया गया हो या किसी आपराधिक वारदात में इस्तेमाल किया गया हो और पकड़ में आने के डर से टायर व रिम उतारकर नहर में फेंक दिया। बाइक कब गिरी, कैसे गिरी, किसकी है, मोबाइल फोन इस बाइक से संबंधित है या नहीं, पुलिस इन प्रश्नों का जवाब ढूंढने के लिए खोजबीन कर रही है। दोनों टायर निकालने के बाद इसको उठाकर इतनी दूर नहर में डालने का क्या कारण रहा होगा, यह भी गौर करने वाली बात है। हैड कांस्टेबल बलतेज सिंह ने बताया कि नहर से लावारिस मिली बाइक और मोबाइल फोन को कब्जे में ले लिया गया है।

# पीलीबंगा में दो बदमाशों सहित पकड़ा गया कुख्यात गैंग सरगना हरजिंदर उर्फ गुल्लू तख्तमल

## » सिरसा जिले के कालांवाली में गैंगवार के चलते मर्डर करके फरार हुए थे बदमाश

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिले के पीलीबंगा शहर में हरियाणा के एक कुख्यात गैंग का सरगना हरजिंदरसिंह उर्फ गुल्लू तख्तमल अपने दो बदमाश साथियों और अवैध हथियारों सहित पकड़ा गया हैं। यह बदमाश हरियाणा के डबवाली जिले में गांव कालांवाली में एक विरोधी गैंग के साथ चल रही गैंगवार में एक युवक की हत्या करने के बाद से फरार थे। हरियाणा पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) की एक टीम की इन बदमाशों के पीछे लगी हुई थी। हरियाणा पुलिस से इनपुट मिलने पर पीलीबंगा शहर स्थानीय पुलिस ने इन बदमाशों को कल शाम काबू कर लिया। यह बदमाश एक हेयर सैलून में जाकर अपना हुलिया बदलने की फिराक में थे।पुलिस सूत्रों ने बताया कि उनके पास दो लोडेड पिस्तौल तथा तीन मैगजीन बरामद हुए हैं। बदमाशों को हरियाणा पुलिस की एजीटीएफ टीम के हवाले कर दिया गया। यह बदमाश है पीलीबंगा में स्टूडेंट बनकर अपने पूर्व परिचित कुछ स्टूडेंट्स के पास छुपाने के इरादा से आए थे। यह बदमाश बस द्वारा पीलीबंगा पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार विगत 10 जून को डबवाली जिले के कालांवाली थाना क्षेत्र के गांव गदराना में अल सुबह पालतू कुत्ते के साथ सैर पर निकले देवेंद्र उर्फ गग्गू का मर्डर हो गया था।करीब 10-12 बदमाशों ने देवेंद्र उर्फ गग्गू नामक युवक को घेरकर हत्या कर दी थी। बताया जा रहा है कि गैंगवार और पुरानी रंजिश के चलते गग्गू का मर्डर किया गया था। इस हमले की जिम्मेदारी गैंगस्टर हरजिंदर सिंह उर्फ गुल्लू तख्तमल ने ली थी। पुलिस ने इस संबंध में, थाना कालांवाली, जिला डबवाली में धारा 147, 148, 285, 302, 452 आईपीसी और 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी और उसके साथियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। एजीटीएफ द्वारा एसएसपी सिरसा (हरियाणा) के साथ आरोपी के बारे में जानकारी सांझा की गई।एजीटीएफ के सामूहिक प्रयासों व स्थानीय पुलिस के समन्वय के आधार पर आरोपी हरजिंदरसिंह उर्फ गुल्लू तख्तमल और उसके दो अन्य साथियों गुरदीप सिंह उर्फ गग्गी और हरजिंदरसिंह उर्फ जिंदर को पीलीबंगा में कल गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पूर्ण पहचान हरजिंदर सिंह उर्फ गुल्लू पुत्र जग्गा, तख्तमल (सिरसा),गुरदीप सिंह उर्फ गग्गी पुत्र तोती सिंह,गदराना कलां वाली (डबवाली) और हरजिंदर सिंह उर्फ जिंदर पुत्र गुरदीप सिंह, (सिरसा) के रूप में हुई। इनके कब्जे से एक 30 बोर और एक 32 बोर की पिस्तौल बरामद हुई है।गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पुलिस गहनता से पूछताछ कर रही है।गैंगस्टरों को पकड़वाने में पीलीबंगा पुलिस थाने के कांस्टेबल रमेश कुमार डेलू व साइबर एक्सपर्ट कांस्टेबल अरविंद सिहाग की विशेष भूमिका रही।

# प्रशासन के हस्तक्षेप से लौंगवाला गुरुद्वारा का विवाद 15 जुलाई तक के लिए टला

## » दोनों पक्ष करेंगे तब तक सेवा, अकाल तख्त साहिब से स्थाई समाधान की अपेक्षा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में पीलीबंगा तहसील क्षेत्र और गोलूवाला थाना क्षेत्र के गांव लोंगवाला में स्थित एक प्राचीन गुरुद्वारा में सेवा कार्य को लेकर ग्रामीणों में उत्पन्न हुए विवाद को आज प्रशासन ने हस्तक्षेप कर 15 जुलाई तक के लिए टाल दिया है। इस दौरान गुरुद्वारा में दोनों पक्षों की और से सुबह-शाम सेवा की जाएगी। कोई भी पक्ष किसी को भी तब तक गुरुद्वारा में आने से नहीं रोकेगा। आगामी 15 जुलाई से पहले इस विवाद का स्थाई समाधान सिखों की सर्वोच्च संस्था श्री अकाल तख्त सहित द्वारा कर दिए जाने की अपेक्षा की गई है। दोनों पक्षों को श्री अकाल तख्त साहिब से विवाद का समाधान करवाने के लिए कहा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोंगेवाला में एक गुरुद्वारा काफी प्राचीन है। बताया जाता है कि इस गुरुद्वारा की स्थापना 50-60 साल पहले निहंगों के तरना दल द्वारा की गई थी। लगभग 40 वर्ष पहले गांव वालों ने निहंगों को इस गुरुद्वारा से अलग कर दिया गया था। पिछले काफी सालों से गुरुद्वारा में टहलसिंह नामक पाठी द्वारा सेवा की जा रही थी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कुछ सदस्यों द्वारा पिछले दिनों टहलसिंह पर गुरु मर्यादा का पालन नहीं करने के आरोप लगाए जा रहे थे। प्रबंधक कमेटी के ओहदेदारो तथा सदस्यों में टहलसिंह के आचरण को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। टहल सिंह से असंतुष्ट प्रबंधक कमेटी के कुछ सदस्य पंजाब के तरनतारन में तरना दल निहंगों को प्रमुख के यहां चले गए।तरना दल दिवस एक पत्र जारी किया गया, जिसमें टहल सिंह को इस गुरुद्वारा से हटाने और उनकी जगह पर बूटासिंह को गुरुद्वारा की सेवा सौंप दी गई।यह पता चलने पर गांव में दो गुट बन गए। दोनों गुटों में तनातनी बढ़ गई। कल शुक्रवार को यह संदेश लोगों को मिला कि शनिवार को पंजाब से कुछ सिख जत्थेबंदियां, विशेष कर निहंग आएंगे, जो बूटासिंह को गुरुद्वारा की सेवा कर सौंपेंगे। तब आशंका व्यक्त की जाने लगी की ऐसे में दोनों पक्षों में टकराव हो सकता है। यह बात प्रशासन तक पहुंची तो आज सुबह सवेरे ही लोंगवाला में काफी संख्या में पुलिस थाना कर दी गई। गोलूवाला के थाना प्रभारी रमेश पन्नू, पीलीबंगा थाना प्रभारी भूपसिंह सहारण, हनुमानगढ़ सदर थाना के प्रभारी लालबहादुर चंद्र को पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा भेजा गया। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तहसीलदार तथा अन्य अधिकारी लौंगवाला में भेजे गए। प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने दोनों पक्षों में वार्ता करवाई। वार्ता में नतीजा नहीं निकला कि गुरुद्वारा में सेवा टहलसिंह करेगा या बूटासिंह। लौंगेवाला वाला के सरपंच सुनील क्रांति ने बताया कि काफी देर चली बातचीत में कोई स्थाई समाधान नहीं निकलने पर बीच का रास्ता निकाला गया। दोनों पक्षों में सहमति बन गई की 15 जुलाई तक इस विवाद को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। तब तक दोनों पक्षों की तरफ से सुबह-शाम गुरुद्वारा में सेवा की जाएगी। एक पक्ष द्वारा सुबह और दूसरे पक्ष द्वारा शाम को। इस बीच में श्री अकाल तख्त साहिब से इस विवाद के स्थाई समाधान की गुहार लगाई जाएगी। दोनों पक्ष अकाल तख्त के समक्ष हाजिर होंगे। वहां से जो हुकुमनामा जारी होगा वह दोनों पक्षों को मान्य होगा। सरपंच के मुताबिक तब तक दोनों पक्षों को प्रशासन द्वारा पाबंद किया गया है कि वे शांति बनाए रखेंगे तथा किसी को भी गुरुद्वारा में आने से नहीं रोकेंगे।

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिंग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442